हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, मंगलवार 31 मार्च 2026

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पीबीकेएस जीटी
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

रुपए में ऐतिहासिक गिरावट पहली बार 95 के पार पहुंचा

नई दिल्ली। शेयर बाजार में भारी गिरावट और एफआईआई की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार के कारोबार के दौरान रुपया पहली बार डॉलर के मुकाबले 95 का आंकड़ा पार कर गया। भारतीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.14 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। रुपया एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गई है। यह 1 जनवरी, 2026 से अब तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 4.1 प्रतिशत गिर चुकी है।

बड़ा फैसला: 1 अप्रैल से बंद होंगे चीनी कैमरे

नई दिल्ली। भारत सरकार 1 अप्रैल से सीसीटीवी कैमरों को लेकर एक बड़ा फैसला लेने जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब चीन की बड़ी कंपनियों जैसे हिकविजन, दहुआ, और टीपी-लिंक के इंटरनेट से जुड़े सीसीटीवी कैमरों की बिक्री भारत में रोकी जा सकती है। नए एसटीक्यूसी नियम अगले महीने से लागू हो रहे हैं। इन नियमों के तहत किसी भी सीसीटीवी डिवाइस को बेचने से पहले मंजूरी लेना जरूरी होगा।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 10 से

भोपाल। मध्यप्रदेश में अब 10 अप्रैल 2026 से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होगी। प्रदेश में सबसे पहले भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम रीजन में खरीदी की जाएगी। जबकि बाकी संभागों में 15 मार्च से खरीदी शुरू की जाएगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने यह आदेश जारी कर दिया है। पहले 1 अप्रैल से खरीदी शुरू होनी थी। किसानों की मांग पर सरकार ने तारीख आगे बढ़ा दी है। खराब मौसम के चलते तारीख में बदलाव किया गया है।

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का 'राजनीति में वंशवाद' पर कटाक्ष

बिना योग्यता के बच्चों को राजनीति में लाने से खराब होता है इसका स्तर

सीएम बोले-श्रीराम को सिंहासन मिलने वाला था पर उन्हें वनवास मिला, वहीं विक्रमादित्य ने अपने बच्चों को राजा नहीं बनाया क्योंकि वे खुद समर्थ थे

डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बच्चों को राजनीति में जबरदस्ती नहीं लाना चाहिए। अगर उनमें खुद का दम और काबिलियत होगी, तो वे राजनीति में खुद अपनी जगह बना लेंगे। बिना योग्यता के बच्चों को जबरदस्ती राजनीति में लाने से राजनीति का स्तर खराब होता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र विधानसभा में आयोजित मप्र-छत्तीसगढ़, राजस्थान के युवा विधायकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम और विक्रमादित्य का उदाहरण देते हुए कहा कि श्रीराम को सिंहासन मिलने वाला था पर उन्हें वनवास मिला, वहीं विक्रमादित्य ने अपने बच्चों को राजा नहीं बनाया क्योंकि वे खुद समर्थ थे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है और देश 2047 के 'अमृत काल' की ओर तेजी से बढ़ रहा है। विधानसभा हॉल में शुरू हुए दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के करीब 65 में से 29 युवा विधायक शामिल हुए। सम्मेलन की शुरूआत पारंपरिक लोक नृत्य से हुई। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

सम्मेलन में बैठे विधायक

राजनीति में मर्यादा और अनुशासन जरूरी

- *युवा विधायक सम्मेलन में 'लोकतंत्र और विकसित भारत 2047' पर मंथन*
- *समापन सत्र में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और अन्य विशेषज्ञ भी शामिल होंगे*

जनप्रतिनिधि ईमानदारी से कार्य करें: तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी से तय होती है। उन्होंने युवा विधायकों को बदलाव का वाहक बताते हुए कहा कि वे नई सोच और ऊर्जा के साथ राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि ईमानदारी से कार्य करें, तो लोकतंत्र और अधिक मजबूत बन सकता है। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

जनता की आवाज विधानसभा तक मजबूती से पहुंचे: सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने छात्र संघ चुनावों की बहाली की जरूरत बताते हुए कहा कि नेतृत्व की शुरूआत कॉलेज स्तर से होती है। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब जनता की आवाज विधानसभा तक मजबूती से पहुंचे। जनप्रतिनिधियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्र की जरूरतों और सीमित संसाधनों के बीच संतुलन बनाना है। उन्होंने राजनीति में भेदभाव से बचने और विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।

सीएम ने दिए ये भी मंत्र

- जनता के बीच बने रहने के लिए विनम्रता को धारण करें
- इलाके की अच्छाई को भी समझें और कमजोरी को भी समझें
- अनुशासन के आधार पर हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि पार्टी आपसे क्या अपेक्षा रखती है?
- पार्टी के साथ बुरे वक्त में बने रहें
- अपने सारे कामों की चिंता करें, बगैर कोई तनाव पाले, बड़ी से बड़ी परेशानी आए तो शांति से उसका मार्ग निकालें

आजादी के बाद देश की 16वीं जनगणना 1 अप्रैल से

व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह होगा गोपनीय, आरटीआई से भी नहीं मिलेगा जवाब

पत्रकार वार्ता करते जनगणना आयुक्त व अन्य अधिकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 1 अप्रैल से जनगणना शुरु होगी। पहला चरण में अप्रैल से सितंबर 2026 तक मकान सूचीकरण व आवास गणना होगी। दूसरा चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ मंजूर किए हैं। इसमें पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। आजादी के बाद यह देश की 16वीं जनगणना होगी और नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। जनगणना पहले 2021 में प्रस्तावित थी, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसे टाल दिया गया ▶▶ शेष पेज 4 पर

- *सरकार ने जारी किए जनगणना से जुड़े 33 सवाल*
- *लिव-इन कपल्स को शादीशुदा मानने का प्रावधान*
- *इसमें पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी*
- *करीब 32 लाख फील्ड कार्यकर्ता डेटा जमा करेंगे*

ये पूछे जाएंगे सवाल

सरकार की तरफ से जारी हुए फ्रीक्वेंटली आस्क क्वेश्चन (एफएक्यू) के अनुसार अगर कोई लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा जोड़ा अपने संबंध को ▶▶ शेष पेज 4 पर

भोजशाला परिसर विवाद फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

मुस्लिम पक्ष ने वीडियोग्राफी और साक्ष्यों का मुद्दा उठाया

हाईकोर्ट प्रक्रिया पर उठाए सवाल, दलीलों को सुने बिना प्रक्रिया को आगे बढ़ाना उचित नहीं

भोजशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

धार के ऐतिहासिक भोजशाला परिसर में चल रहे विवाद ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। मुस्लिम पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाली कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच की कार्यवाही से असंतुष्टि जताते हुए देश की सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाया है। मुस्लिम पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आवेदन में मांग की गई है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में 2 अप्रैल को होने वाली प्रस्तावित ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

3 से 5 अप्रैल को होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम'

उज्जैन में होगा प्राचीन ज्ञान परंपरा अंतरिक्ष विज्ञान पर 'वैश्विक मंथन'

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम' के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे। यह सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन उज्जैन स्थित तारामंडल परिसर में होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में साइंस सेंटर का उद्घाटन भी किया जाएगा। साथ ही यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) एवं आरसी (रिमोट कंट्रोल) और सैटेलाइट मेकिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर

प्रवासी मजदूरों व छात्रों के लिए सुविधा

सरकार लाएगी 5 किलो के छोटे सिलेंडर, आ रहा है नया नियम

नोटिफिकेशन एक दो दिन में होगा जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार आम लोगों खासकर प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत देने की तैयारी में है। पेट्रोलियम मंत्रालय जल्द ही 5 किलो का छोटा एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है, जिससे बिना गैस कनेक्शन वाले लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। एक दो दिन में नोटिफिकेशन जारी हो सकता है। छोटे सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं का अबतक कोई ठोस डेटा नहीं रहता है, नए नियमों में इनकी खरीद के लिए आधार केवाईसी की अनिवार्यता लागू हो सकती है। एलपीजी की कीमत करीब 100 ▶▶ शेष पेज 4 पर

छोटा सिलेंडर

कैसे मिलेगा सिलेंडर?

- बिना गैस कनेक्शन के भी सिलेंडर मिल सकेगा
- केवल आधार कार्ड दिखाकर इसे खरीदा जा सकेगा
- गैस एजेंसियों के जरिए इसकी आपूर्ति होगी
- क्यूआर कोड और यूनिक ट्रैकिंग सिस्टम

सुप्रीम कोर्ट ने किया आदेश में संशोधन, दो मामले किए रिकॉल

अप्रैल के दूसरे हफ्ते में सुनवाई

13 फीसदी आरक्षण को 'होल्ड' रखने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट खुद करेगा सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में चल रहे ओबीसी आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए दो मामलों को रिकॉल किया है। अब 13 फीसदी आरक्षण को होल्ड रखने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट खुद सुनवाई करेगा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट दूसरे अप्रैल के दूसरे हफ्ते में सुनवाई होगी। जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने 87-13 के फार्मूले को चुनौती देने वाले मामले को रिकॉल किया गया है, जिसकी सुनवाई अप्रैल के दूसरे हफ्ते में होगी। बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने 54 और याचिकाएं जबलपुर हाईकोर्ट में ट्रांसफर की हैं। ओबीसी आरक्षण से जुड़ी 103 याचिकाओं पर हाईकोर्ट 2 से 15 अप्रैल तक नियमित सुनवाई करेगा। ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से कोर्ट में दलील देने वाले ▶▶ शेष पेज 4 पर

कोर्ट ने 87-13 के फार्मूले को चुनौती देने वाले मामले को रिकॉल किया

सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी को हाईकोर्ट भेजा था केस

जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक आराधे के समक्ष एक दर्जन मामले नियत थे। जिनमें ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर ने नियमित सुनवाई के आवेदन दाखिल किए थे। इनमें सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी को फाइनल आदेश पारित कर एमपी हाईकोर्ट को वापस भेज दिए थे और सुप्रीम कोर्ट ने एमपी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से उक्त समस्त प्रकरणों को विशेष बेंच गठित कर 3 महीने के अंदर निराकरण करने के आदेश पारित किए थे।

खबर संक्षेप

सोम प्रदोष पर फलों के रस से हुआ बटेश्वर का अभिषेक

भोपाल। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का मोसंबी, अनार, संतरा, गन्ना सहित अन्य फलों के रस से रुद्राभिषेक किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में रूद्राभिषेक के बाद रात्रि 9 बजे विभिन्न प्रकार के फूलों से दिव्य श्रृंगार कर महा आरती की गई। भजन संध्या के साथ प्रसादी वितरित हुई।
इस अवसर पर आकाश अग्रवाल, अभिषेक लाला, मोनू राठौर, प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

अग्रवाल महासभा की महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रश्मि ने दिया इस्तीफा

भोपाल। मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रश्मि अग्रवाल ने आज अपने पद से स्वेच्छा से इस्तीफा दे दिया है। यह निर्णय उन्होंने संगठन की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता एवं नियमावली के अनुपालन को लेकर लंबे समय से उत्पन्न हो रही गंभीर चिंताओं के मद्देनज़र लिया है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि विगत एक वर्ष के दौरान उन्हें महासभा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां अन्य सदस्यों के माध्यम से प्राप्त हुईं, जिनसे यह स्पष्ट हुआ कि संगठन में कई नियुक्तियां नियमावली के विरुद्ध की जा रही हैं। साथ ही, समय-समय पर आवश्यक बैठकों का एवं वार्षिक साधारण सभा आयोजन न होना एवं पदाधिकारियों को संगठन की आर्थिक गतिविधियों की जानकारी न दिया जाना अत्यंत चिंताजनक है।

भोपाल मंडल में 26 रेल कर्मचारियों का सामान्य सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न

भोपाल। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में माह मार्च 2026 के अंतर्गत सामान्य सेवानिवृत्ति समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल में कार्यरत कुल 26 कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह के दौरान मंडल रेल प्रबंधक, भोपाल पंकज त्यागी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश वितरित किए गए। उन्होंने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घकालीन समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना की।

निगम अमले ने जांच के लिए 156 पानी के सैंपल लिए

भोपाल। निगम के जल कार्य अमले ने सोमवार को विभिन्न झुग्गी बस्तियों सहित शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 156 स्थानों से पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजने की कार्रवाई की।

गायत्री शक्तिपीठ पहुंचे मंत्री पटेल, गौमाता की विधिवत पूजा कर किया निरीक्षण

संचालन, व्यवस्था एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने किया प्रेरित

गायत्री शक्तिपीठ में गाय का पूजन करते मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गायत्री शक्तिपीठ पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग, स्वतंत्र प्रभार मंत्री लखन पटेल पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने गायत्री परिवार द्वारा संचालित गौशाला का निरीक्षण किया एवं गौमाता की विधिवत पूजा-अर्चना की। निरीक्षण के दौरान मंत्री पटेल ने गौशाला के संचालन, पशुपालन व्यवस्था एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं विशेष रूप से नस्ल सुधार एवं अपग्रेडेशन पर विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। साथ ही गौ उत्पादों के संवर्धन एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के जगदीश चंद्र कुलमी (मध्यप्रदेश जोनल समन्वयक) एवं राजेश पटेल (व्यवस्थापक एवं म.प्र. जोन समन्वयक) की उपस्थिति में मंत्री पटेल का गायत्री मंत्र दुपट्टा, शॉल, श्रीफल एवं पान का पौधा भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मंत्री पटेल ने श्री राम स्मृति उपवन के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संवर्धन अभियान का भी

गायत्री शक्तिपीठ में मंत्री पटेल को सम्मानित किया गया।

अवलोकन किया तथा उपवन परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बिल्वपत्र का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रदीप नीखरा, विनोद गुप्ता, सूरज परमार, अशोक नेमा, गायकवाड़, मिश्रा एवं जिला समन्वयक रमेश नागर सहित अनेक परिजन उपस्थित रहे।

संतों के सानिध्य में जियो और जीने दो और जीव दया का दिया संदेश

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकली शोभायात्रा



सीएम ने महावीर जयंती पर श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

पुराने शहर से निकला महावीर जयंती का जुलूस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रभु महावीर की भक्ति में झूमे श्रद्धालु

अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव राजधानी के मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति-भाव के साथ मनाया गया। शहर के मंदिरों में भगवान महावीर का अभिषेक मंत्रोच्चारित शांतिधारा के साथ जगत कल्याण की भावना और सभी जीवों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना के साथ अनुष्ठान हुए। मंदिरों में पालने सजाए गए। चौक जैन मंदिर से भगवान महावीर की विशाल शोभायात्रा निकली। इस दौरान युवाओं का समूह वाद्य यंत्रों द्वारा श्रद्धा भक्ति के साथ जयकारे लगा रहा था।

सीएम शोभायात्रा में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महावीर जयंती पर श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन समाज द्वारा संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा का इतवारा पहुंचकर स्वागत कर यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज सहित अन्य मुनिगण को श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया।

सीएम डॉ. यादव की उपस्थिति में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू होगा स्कूल चलें हम अभियान, 4 अप्रैल तक चलेगा

फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे स्कूल चलें हम अभियान के रूप में मनाया जाएगा। यह 4 अप्रैल तक चलेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी गई है। वहीं प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित स्कूलों में होगा।

कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। अभियान में प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम होंगे। इस दौरान प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। बता दें कि प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जाएंगी

उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा 1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा।

दूसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। यह बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियां सुनाएंगे।

3 अप्रैल को सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियां

3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

4 अप्रैल को हार के आगे जीत

4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी जायेगी। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी।

डॉ. विदुआ को जस्टिस जगदीश शरण मिश्रा ओरेशन अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के फारेंसिक मेडिसिन एवं टाक्सिकोलाजी विभाग के प्रोफेसर डॉ राघवेंद्र कुमार विदुआ को न्यायमूर्ति जगदीश शरण मिश्रा ओरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें गोवा के बीआईटीएस, पिलानी परिसर में आयोजित इंडियन एकेडमी आफ बायोमेडिकल साइंसेज सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। डॉ विदुआ ने फारेंसिक जांचों को और अधिक सटीक बनाने के लिए एम्स भोपाल में एक विशेष सैंपल ड्रायर विकसित किया है, जिसे अब आधिकारिक रूप से कापीराइट प्राप्त हो चुका है। उनके इस नवाचार से मेडिको-लीगल जांचों में नमूनों का बेहतर संरक्षण संभव हो सकेगा, जिससे प्रयोगशालाओं में मिलने वाले परिणाम अधिक विश्वसनीय होंगे। उनके इस शोध को प्रसिद्ध जर्नल फारेंसिक साइंस इंटरनेशनल में भी स्थान मिला है। सम्मेलन में डॉ विदुआ ने लाइफ आफ्टर डेथ और यूएमआईडी जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किस तरह अज्ञात मृतकों और लापता व्यक्तियों की पहचान के लिए डीएनए डेटाबेस और पोर्टल न्यायिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। विशेष रूप से मृत्यु के 24 घंटे बाद तक शुक्राणुओं की प्राप्ति पर किया गया उनका अध्ययन विश्व का सबसे बड़ा शोध माना जा रहा है। इस सम्मेलन में देश-विदेश के 350 से अधिक प्रख्यात वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

मां कर्माधाम समिति के चुनाव में मुकेश साहू बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को मां कर्मा देवी का पूजन अर्चन के बाद माँ कमार्धाम संस्कार सेवा समिति कटारा हिल्स के चुनाव शिवमंदिर में हुए। चुनाव अधिकारी किशोर कुमार साहू, मुख्य राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने मुकेश (बल्लू) साहू को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया। अध्यक्ष मुकेश साहू ने अपनी कार्यकारिणी घोषित करते हुए पतिराम साहू एवं मोहनलाल साहू को संरक्षक, रामस्वरूप साहू एवं शिवनारायण साहू को सलाहकार, बसंत साहू, अजय साहू व दीपक साहू को उपाध्यक्ष, हरीश साहू को महामंत्री, राजेश को महामंत्री, अजय साहू को कोषाध्यक्ष, सुनील साहू एवं अशोक साहू को सचिव, दीपेश को प्रचार मंत्री, संदीप को मीडिया प्रभारी, रूपेश को प्रवक्ता, प्रभुदयाल साहू, किशनलाल साहू व बंटी साहू को मंत्री, भागीरथ सह सचिव, विकेश साहू को युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, लोकेश साहू को युवा उपाध्यक्ष, भारती साहू को महिला अध्यक्ष, नीता साहू उपाध्यक्ष, बबली साहू महिला महामंत्री, डॉ.भानू साहू कोषाध्यक्ष, आशा साहू महिला मंत्री,पप्पी साहू प्रचार मंत्री, प्रीति साहू महामंत्री, सपना साहू, उषा साहू तथा सोनम साहू को मंत्री के रूप में मनोनीत कर निस्वार्थ समाजसेवा करने की शपथ दिलाई।

> ■ सभी मनोनीत पदाधिकारियों को समाज की निस्वार्थ समाजसेवा करने की शपथ दिलाई गई

आरकेडीएफ के डॉक्टर्स ने 15 दिन में किया ठीक

हाई-रिस्क युगांडा की महिला की सफल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज ने अंतरराष्ट्रीय मरीजों के उपचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। दरअसल, हाल ही में युगांडा से आई एक हाई-रिस्क मरीज, जिनका वजन 130 किलोग्राम था और जिन्हें कई (मल्टीपल) यूटेराइन फाइब्रॉइड्स थे, का सफल उपचार किया गया। मरीज का भारत में रहने का समय केवल 15 दिनों का था। विस्तृत फाइब्रॉइड मैपिंग के बाद कुल 8 फाइब्रॉइड्स की पहचान की गई। यह जटिल सर्जरी लैप्रोस्कोपिक तकनीक द्वारा डॉ. मुदिता जैन एवं

अपनी फेंड्स और अस्पताल के स्टाफ के साथ युगांडा की महिला।

आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विशेषज्ञ टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गई। सभी फाइब्रॉइड्स को हटाते हुए गर्भाशय को सुरक्षित रखा गया, जो इस उच्च जोखिम वाले केस में एक बड़ी उपलब्धि है। मरीज की सर्जरी के बाद रिकवरी सुचारु रही, उन्हें गुरुवार को डिस्चार्ज किया गया और वे सुरक्षित रूप से अपने देश युगांडा लौट गईं। यह सफलता आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज को उन्नत स्त्री रोग उपचार एवं अंतरराष्ट्रीय मरीज सेवाओं के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

राजगढ़ जिले के कुरावर में ओले गिरे

नीमच जिले में भी ओले गिरे

पारा 5 डिग्री गिरा चार दिन रहेगा ऐसा ही मौसम

दर्जनभर जिलों में बारिश कुछ जगह ओले भी गिरे

- सोमवार को भोपाल में दिन का पारा दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 37.4 डिग्री रहा
- शाम को बारिश के बाद 32 डिग्री के करीब पहुंच गया
- सबसे अधिक पारा खजुराहो में 40.4 और नर्मदापुरम में 40.2 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में सोमवार को आंधी-बारिश और कुछ जगह ओले गिरने का दौर रहा। इससे बारिश वाले जिलों में पारा 4 से 5 डिग्री तक गिर गया। भोपाल सहित डेढ़ दर्जन जिलों में दोपहर बाद बारिश और आंधी से तापमान में तेजी से कमी आई।

भोपाल में दिन का पारा दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 37.4 डिग्री रहा, जो शाम 5 से 7 बजे के बीच हुई बारिश के बाद 32 डिग्री तक पहुंच गया। प्रदेश में दिन में औसत पारा एक डिग्री तक बढ़कर औसतन 38 डिग्री रहा। सबसे अधिक पारा खजुराहो में 40.4 और नर्मदापुरम में 40.2 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले तीन से चार दिन कई जिलों में बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश और आसपास सिस्टम सक्रिय होने से अगले तीन से चार दिन आधे से अधिक प्रदेश में बारिश-आंधी और कुछ जगह ओले गिरने का दौर रहेगा। इस बीच दिन के तापमान में भी तेजी से कमी आएगी।

यहां दोपहर बाद हुई बारिश

सुबह से बैतूल, मंदसौर, रतलाम में कुछ जगह बारिश के साथ ओले गिरे। नौगांव, नरसिंहपुर, दतिया और ग्वालियर में भी बारिश हुई। दोपहर बाद कई इलाकों में बारिश हुई। इनमें खंडवा, बैतूल, देवास, नीमच, श्योपुरकलां और खरगोन में मध्यम आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। नीमच, मंदसौर, अनूपपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, इंदौर, बड़वानी, धार, शाजापुर, रतलाम, उज्जैन, रीवा में भी गरज- चमक के साथ बारिश हुई। सीहोर भोपाल में मध्यम हवाओं के साथ गरज-चमक और कुछ जगह तेज बौछारें पड़ीं।

आज यहां ओले-बारिश का अलर्ट

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मंगलवार तक खंडवा, खरगोन, विदिशा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, इंदौर, देवास, बड़वानी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, कटनी सहित दो दर्जन जिलों में बारिश होगी। कुछ जगह ओले भी गिरेंगे। ग्वालियर, दतिया, भिंड और मुरैना में ओले गिरने की संभावना है। भोपाल, रायसेन, सीहोर, देवास, विदिशा, राजगढ़, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना में भी तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अलर्ट है।

खबर संक्षेप

रूस के यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए चयन

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट सारा पांडे ने इतिहास रच दिया है।

उनका चयन प्रतिष्ठित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2026 के लिए हुआ है, जहां वे रूस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से चुनी जाने वाली वे एकमात्र छात्रा हैं। सारा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी मां को दिया है, जिनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने एनसीसी जॉइन की थी।

गोदाम से बिक रहा था डीजल, पुलिस की दबिश

सीहोर। जिले में सक्रिय डीजल माफिया के खिलाफ जावर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध

भंडारण का पर्दाफाश किया है। मुखबिर की सूचना पर इंदौर-भोपाल रोड स्थित एक गोदाम पर दी गई दबिश में 32 ड्रमों में भरा 4825 लीटर डीजल बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपए है। पुलिस ने मौके से शाजापुर निवासी आरोपी दीपसिंह परिहार को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हैं।

पाक कॉस्मेटिक्स बिक्री पर दुकानदारों पर केस दर्ज

छत्रपति संभाजीनगर। यहां प्रतिबंधित पाकिस्तानी सौंदर्य प्रसाधन बेचने के आरोप में पुलिस

ने तीन दुकानदारों- मोहम्मद अबरार, अंकुर अग्रवाल और जुमान खान पर मामला दर्ज किया है। मनसे पदाधिकारियों की शिकायत पर सिटी चौक पुलिस ने तीन दुकानों पर छापेमारी कर साबुन समेत 28 प्रतिबंधित वस्तुएं जब्त कीं। इन आरोपियों पर विदेशी व्यापार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

नक्सल मुक्त भारत बनाने की डेडलाइन आज तक की

लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' पर बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह-देश अब लगभग नक्सलवाद से मुक्त

जो हथियार उठाएगा कीमत चुकाएगा गोली का जवाब गोली से ही मिलेगा

शाह ने कहा कि सिर्फ नक्सलियों के मानवाधिकार की बात क्यों होती है। नक्सलियों से पीड़ित लोगों के मानवाधिकार की बात क्यों नहीं होती। मानवता के दोहरे चरित्र को हम नहीं मानते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को नक्सल मुक्त भारत पर अहम बहस हुई। केंद्र सरकार की ओर से नक्सलियों के खिलाफ सफल अभियान का पूरा खाका पेश किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के समय आदिवासियों का विकास नहीं हुआ। पहले देश के 12 राज्य नक्सलवाद से प्रभावित थे और अब यह लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने नक्सलवाद के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार की नीतियों को भी दोषी ठहराया।

अमित शाह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की गईं। इससे देश के पिछड़े इलाकों का विकास हुआ। फिर नक्सलवाद को खत्म करने का अभियान शुरू हुआ क्योंकि इन इलाकों में नक्सलवाद के चलते विकास में काफी परेशानी आ रही थी। सीएपीएफ, कोबरा, राज्य पुलिस, डीआरजी के जवान और स्थानीय आदिवासियों को इसका श्रेय जाता है। वामपंथी उग्रवाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

- पहले देश के 12 राज्य नक्सलवाद से प्रभावित थे और अब यह लगभग समाप्त हो गया
- सीएपीएफ, कोबरा, राज्य पुलिस, डीआरजी के जवान और स्थानीय आदिवासियों को इसका श्रेय

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में बोलते हुए

बस्तर में हर गांव में राशन की दुकान खोलने की मुहिम चली, हर गांव में विकास पहुंचा

शाह ने नक्सलवाद के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार की नीतियों को भी दोषी ठहराया

कांग्रेस पर किया हमला

ये अपने आदर्श भी विदेश से इंपोर्ट करते हैं

शाह ने कहा कि मनमोहन सिंह ने देश के सामने स्वीकार किया था कि कश्मीर और नॉर्थ ईस्ट से भी बड़ी चुनौती देश के सामने नक्सलवाद है, लेकिन कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। 12 राज्यों को रेड कॉरिडोर बना दिया गया और वहां कानून का शासन समाप्त कर दिया गया। 12 करोड़ लोग गरीबी के अंदर सालों तक जीते रहे। दोनों तरफ से 20 हज़ार युवा मारे गए, कई दिव्यांग बन गए, आख़िर इसके लिए कौन जिम्मेदार है। इनके आदर्श देखिए, हमारे 10 हजार साल के इतिहास में कितने महान महापुरुष हुए हैं। इन्होंने तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीपीआई ने तो अंग्रेजों का भी समर्थन किया था

शाह ने कहा कि जैसे ही रूस में साम्यवादी सरकार का गठन हुआ, यहां 1925 में सीपीआई की स्थापना हुई। रशिया में कम्युनिस्टों की सरकार बनना, और उसी समय यहां सीपीआई की स्थापना होना...इसके बीच में कोई संबंध है क्या? जिस पार्टी की नींव ही किसी दूसरे देश की प्रेरणा से रखी गई, वो हमारे देश का भला कैसे सोचेंगे? इन्होंने तो अंग्रेजों का भी समर्थन किया था।

नक्सलियों के मानवाधिकार की बात क्यों?

गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोग बातों से नहीं मानते हैं, उनके लिए बल प्रयोग जरूरी होता है। विपक्ष नक्सलवाद का महिमामंडन न करे। नक्सलियों से लड़ते हुए 5 हजार सुरक्षाबल ▶▶ शेष पेज 4 पर

एआई इमेज

डोनाल्ड ट्रंप खुद ही अपनी पीठ थपथपा रहे

ईरान हमें तेल के 20 टैंकर दे रहा, अगले हफ्ते डील संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- ईरान की मुझे जो चीज पसंद है, वह है तेल
- हमने सत्ता परिवर्तन करवा दिया
- ईरान के नए लोग भले, उनसे बात हो रही है

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद ही अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान हमें हमारे सम्मान के लिए तेल के 20 टैंकर दे रहा है। एक दो दिन में ये आ जाएंगे। कुछ और टैंकर होर्मुज पास से निकलने वाले हैं। ट्रंप दावा कर चुके हैं कि ईरान 10 बड़े तेल टैंकर दे चुका है। उन्होंने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह कदम सम्मान दिखाने के लिए उठाया गया है। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान के साथ बातचीत पाकिस्तान के जरिए चल रही है और यह बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उनके अनुसार अमेरिका इस बातचीत में मजबूत स्थिति में है। हालांकि , उन्होंने यह भी माना कि अभी समझौता तय नहीं है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अगले हफ्ते जल्द कोई डील हो सकती है। हमने वहां सत्ता ▶▶ शेष पेज 4 पर

खर्ग द्वीप को कब्जे में लेने की तैयारी

इसी दौरान ट्रंप ने सख्त रुख दिखाते हुए खर्ग द्वीप को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस द्वीप को अपने कब्जे में लेने के विकल्प पर विचार कर रहा है। यह वही जगह है, जहां से ईरान का करीब 90 प्रतिशत तेल निर्यात होता है।

ट्रंप का दावा- ईरान ने शर्तें मानी

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए रखी गई 15 शर्तों में से ज्यादातर मान ली हैं। उनके मुताबिक दोनों देशों के बीच सीधे और परोक्ष दोनों तरह की बातचीत चल रही है। इस बीच इस्लामाबाद में एक अहम बैठक हुई, जिसमें मिस्र, तुर्किए, सऊदी अरब और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया।

ईरान से 450 किलो यूरेनियम छीनने उतरेगी यूएस आर्मी

ट्रंप ईरान में एक बहुत ही जोखिम भरे मिलिट्री ऑपरेशन पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या अमेरिकी सेना को ईरान भेजकर ईरान की सबसे बेशकीमती चीज 453.5 किलोग्राम एनरिच्ड यूरेनियम पर कब्जा कर लिया जाए।

स्पेन ने अमेरिकी विमानों के लिए एयर स्पेस बंद किया

स्पेन के रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने कहा कि स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह बात पहले ही अमेरिका और उनकी सेना को स्पष्ट कर दी गई थी। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

उज्जैन के झारड़ा थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना

11 साल की मासूम से गैंगरेप, 75 साल के बुजुर्ग ने दी पनाह और बाहर की 'पहरेदारी'

हरिबूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

जिले के झारड़ा थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 11 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दो नाबालिगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इस जघन्य अपराध में चौंकाने वाली बात यह है कि 75 वर्षीय एक बुजुर्ग ने न केवल अपने घर में जगह दी, बल्कि वारदात के दौरान बाहर पहरा भी दिया। पुलिस के अनुसार घटना 28 मार्च की है। चौथी कक्षा में पढ़ने वाली पीड़िता को गांव के ही दो नाबालिग (14 और 15 वर्ष) बहला-फुसलाकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

भंवर | राहुल | नाथू स्वरूप

वीडियो भी बनाया, सभी 5 आरोपी गिरफ्तार

दो बच्चों के पिता ने घर बुलाकर किया दुष्कर्म

रतलाम। जिले के जावरा में 42 वर्षीय एक व्यक्ति ने 5 साल की मासूम बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया। घटना रविवार शाम की है, जब बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। आरोपी शाकीर (42), जो स्वयं दो बच्चों का पिता है, मासूम को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। जावरा औद्योगिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग

इंदौर में आईपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों की आज होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग (एमपीएल) के आगामी सीजन के लिए आज यानी 31 मार्च को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में ऐतिहासिक नीलामी होने जा रही है। दोपहर 3 बजे से शुरू होने वाली इस नीलामी में पहली बार आईपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इस बार लीग में टीमों की संख्या 7 से बढ़ाकर 10 कर दी गई है। नीलामी में आवेश खान, कुलदीप सेन और आशुतोष शर्मा जैसे बड़े नामों पर धनवर्षा होने की उम्मीद है। वहीं, वेंकटेश अय्यर (12.5 लाख) और रजत पाटीदार (7 लाख) को पहले ही रिटेन किया जा चुका है। खास बात यह है कि अजय रोहेरा ▶▶ शेष पेज 4 पर

एआई इमेज

रीवा में 3 थानों की पुलिस ने 2 घंटे में खोजा

महिला की हत्या कर हाथ तोड़े, सिर काटकर फेंका, घर के पीछे मिला धड़

आरोपियों ने ऐसा क्यों किया पता नहीं चल सका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

जिले में सोमवार को एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। महिला का शव घर के पीछे हिस्से में क्षत-विक्षत हालत में मिला, जबकि सिर धड़ से अलग था। घर से थोड़ी दूरी पर सिर मिला है।

मामला बिछिया थाना क्षेत्र के लोही गांव का है। मृतक की पहचान लीलावती पटेल (60) के रूप में हुई है। वह घर में अकेली रहती थीं। गांव के लोगों ने उनकी बेटी को हत्या की सूचना दी, जिसके बाद उनकी बेटी नीता पटेल मौके पर पहुंचीं। नीता ने बताया कि उनकी मां की बेरहमी से हत्या की गई है। शरीर पर कई जगह गंभीर घाव हैं। उनका कहना है कि आरोपियों ने क्रूरता की हद पार करते हुए उनकी मां का सिर काटकर अपने साथ ले गए। उनकी मां की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, ऐसे में हत्या का कारण समझ से परे है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

पड़ा हुआ शव

पुलिस की टीम जांच करती हुई

शादीशुदा नौसेना कर्मी की दरिंदगी: प्रेमिका को फ्लैट में बुलाया और गला घोंटकर मार डाला

डरावनी फिल्म की तरह वारदात को दिया अंजाम

सबूत मिटाने कटर से काटी गर्लफ्रेंड की लाश फ्रिज में रखे टुकड़े, बिस्तर के नीचे भी छिपाए

आरोपी का दावा है कि मौनिका ने उससे 3.5 लाख रुपए लिए थे। उसने जब पैसे मांगे तो मौनिका उसके अवैध संबंध के बारे उसकी पत्नी को बताने की धमकी देने लगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशाखापत्तनम में नौसेना के एक कर्मचारी ने अपनी प्रेमिका की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने न केवल गला घोंटकर जान ली, बल्कि साक्ष्यों को मिटाने के लिए शव के टुकड़े कर उन्हें फ्रिज और बिस्तर के नीचे छिपा दिया।

ऑनलाइन हथियार मंगाने से लेकर लाश को ठिकाने लगाने तक, यह कहानी किसी डरावनी फिल्म से कम नहीं है। आरोपी ने वारदात को इतनी बेरहमी से अंजाम दिया कि सुनने वालों की रूह कांप जाए। हत्या के बाद शव के तीन टुकड़े किए और उन्हें घर के अलग-अलग हिस्सों में छिपा दिया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय चिंतदा रविंद्र के रूप में हुई है। वो आईएनएस डेगा पर तैनात है। पिछले दो साल से गजुवाका इलाके में एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

मौनिका (मृतका)

फ्रिज में शव के टुकड़े

चिंतदा रविंद्र (आरोपी)

आरोपी ने थाने पहुंचकर गुनाह कबूल किया

उस हथियार से उसने मौनिका के शव को तीन हिस्सों में काट दिया। क्रूरता की हद पार करते हुए उसने शव का एक हिस्सा फ्रिज के अंदर ठूंस दिया, जबकि दूसरा हिस्सा एक बोरी में भरकर बिस्तर के नीचे छिपा दिया। सिर और हाथों वाले तीसरे हिस्से को वो सुनसान इलाके में ले जाकर उसे जला दिया। जिस वक्त फ्लैट के अंदर खौफनाक मंजर चल रहा था, बाहर की दुनिया पूरी तरह ▶▶ शेष पेज 4 पर

'युवा विधायक सम्मेलन' बना भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को दिशा देने वाले विचार मंथन का एक महत्वपूर्ण मंच

युवा विधायकों ने लिया जनसेवा, समर्पण और नवाचार की योजना से विकसित भारत के निर्माण का ऐतिहासिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा प्रांगण में आयोजित 'युवा विधायक सम्मेलन' भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को दिशा देने वाले विचार मंथन क एक महत्वपूर्णमंच बना।

सम्मेलन के पहले दिन मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के युवा जनप्रतिनिधियों ने सेवा, समर्पण और नवाचार की योजना व रणनीति के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया। मध्यप्रदेश के विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, महेश परमार, गौरव परिधि, अरविंद पटेरिया, राजस्थान की विधायक डॉ. शिखा मील बराला, छत्तीसगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे आदि ने अपने विचार रखे।

विधानसभा में आयोजित 2 दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन में मध्यप्रदेश , छत्तीसगढ़ और राजस्थान के युवा विधायकों के साथ सीएम।

जनता से निरंतर जुड़े रहना चाहिए: जयवर्धन सिंह

मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को सदन के साथ-साथ अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता से निरंतर जुड़े रहना चाहिए। सीमित संसाधनों में विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बेहतर समन्वय तथा समिति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया।

तकनीकी शिक्षा और डिजिटल विस्तार को देना होगा बढ़ावा: खुशवंत सिंह

छत्तीसगढ़ के विधायक खुशवंत सिंह ने कहा कि युवाओं को रोजगार खोजने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने के लिए तकनीकी शिक्षा और डिजिटल विस्तार को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

आज कई जनप्रतिनिधि 'रबर स्टैंप' बनकर रह गए: रविंद्र सिंह भाटी

राजस्थान के शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने युवाओं से राजनीति में आगे आने की अपील करते हुए कहा कि मेहनत से ही जगह बनती है और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नई पीढ़ी की भागीदारी जरूरी है। भाटी ने कहा कि आज कई जनप्रतिनिधि 'रबर स्टैंप' बनकर रह गए हैं, इसलिए पढ़े-लिखे और जागरूक नेताओं की जरूरत है ताकि 2047 के विकसित भारत का लक्ष्य पूरा हो सके।

सिद्धार्थ कुशवाह ने पूछा: क्या जनता का विश्वास हमारे साथ है?

सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाह ने कहा कि 2047 में आजादी के 100 साल पूरे होंगे, उसके पहले भारत अपने कदमों पर खड़ा हो जाए, यह हम सब देशवासियों और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। आज जो लोकतंत्र की स्थिति है, उससे कई बार यह लगता है कि 2047 तक हमारा लोकतंत्र बचेगा या नहीं?। जिस तरह लोकतंत्र की मंडी हर चुनाव में लगाई जाती है, चुनाव जीतने के लिए ऐसे प्रयास किए जाते हैं, जिनको देखकर कई बार रोंगटे खड़े हो जाते हैं। आज देश के लोकतंत्र की जो स्थिति है, क्या जनता का विश्वास हमारे साथ है?।

जनता और शासन के बीच सेतु बने विधायक: वासुदेव देवनानी

राजस्थान विस के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में जो कठिनाई आती हैं, उनसे नई परिस्थितियों का निर्माण होता है। विरोध तार्किक प्रक्रिया होनी चाहिए। हमारा प्रतिनिधित्व सार्थक सेवा की ओर बढ़े। हम पूरा समय सदन में बैठने का स्वभाव बनाएं। देवनानी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का मुख्य दायित्व जनता और शासन के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब जनता, विधायिका और शासन की प्रक्रियाओं के बीच पारदर्शिता और सहभागिता बढ़े। उन्होंने कहा कि विधायक केवल चुनाव जीतने तक सीमित न रहें, बल्कि अपने अध्ययन, चिंतन और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के माध्यम से समाज के विकास में सक्रिय योगदान दें।

सशक्त लोकतंत्र के लिए सशक्त जनप्रतिनिधि आवश्यक: विजयवर्गीय

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रजातंत्र जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए शासन है। अतः लोकतंत्र के सशक्त होने के लिए जनप्रतिनिधि का सशक्त होना आवश्यक है। विधायक होना बहुत महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है, विधायक बड़ी जनसंख्या की आशाओं, आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनकी दुख, तकलीफों, अपेक्षाओं को वाणी प्रदान करते हैं। विधायकगण अपने क्षेत्र का प्रबंधन कैसे करते हैं, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने विधायकों को संयत व्यवहार रखने, जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए निराकरण की ठोस कोशिश करने, कार्यालय में संवेदनशील और सक्रिय स्टाफ रखने, अद्यतन डिजिटल तकनीकों के उपयोग में समय के साथ चलने की सलाह दी। सस्ती लोकप्रियता के लिए की गई गतिविधियां दीर्घकालिक दृष्टि से लाभकारी नहीं होती हैं।

ईवीएम की सुरक्षा देखने पहुंचे निर्वाचन अफसर

भोपाल। राजधानी के ईवीएम गोडाउन में रखी मशीनों की सुरक्षा देखने सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव झा सहित निर्वाचन अफसर पहुंचे। अफसरों ने गोडाउन को खोलकर मशीनों की सुरक्षा और उनके रख रखाव की जानकारी ली।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी रहे मौजूद

उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने जिले में स्थित ईवीएम और वीवीपेट वेयर हाउस में मशीनों की सुरक्षा के संबंध में वेयर हाउस का ताला खोलकर निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया। ईवीएम वेयरहाउस का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के सामने निरीक्षण किया। गौतलब है कि ईवीएम गोडाउन का निरीक्षण तीन महीने में किया जाता है। इस दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, डबल लॉक सिस्टम और मशीनों की स्थिति की जांच की गई है।

राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने उपलब्ध करा रही है सहयोग और मार्गदर्शन

एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों के केंद्र के साथ परिवारों के स्वावलंबन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री ने की एमएसएमई इकाइयों को 169 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

स्टार्टअप को अनुदान और उद्यमियों को प्रदान किए भू-आवंटन पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। मप्र भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मप्र की थीम पर मुख्यमंत्री निवास में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है।

सीएम ने एमएसएमई इकाइयों के खाते में प्रोत्साहन राशि अंतरित की।

अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मुख्यमंत्री को लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत हितलाभ वितरण भी किए।

पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का आयोजन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हो रहा है। यह भगवान महावीर के जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को साकार करने का भी प्रतीक है। प्रदेश में उद्योग-व्यापार गतिविधि और उद्यमिता प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी हैं। राज्य सरकार उद्यमियों को लिए पूंजी, भूमि और व्यवस्थाओं में सरलता कर, उनकी प्रगति की राह को आसान बना रही है। विभाग की ओर से बड़ी राशि का सिंगल क्लिक से सीधे अंतरण व्यवस्था में सुगमता और स्पष्टता का परिचायक है।

युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। य

सभी क्षेत्रों में हो रही है प्रगति: मंत्री कश्यप

प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभाग में डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं। वर्तमान में प्रदेश में 7100 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं।

दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड की बैठक

दिव्यांगजन कल्याण एवं सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा

राज्य स्तरीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण सलाहकार बोर्ड की बैठक सम्पन्न।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करना सरकार की प्राथमिकता है। दिव्यांगजनों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत विचार विमर्श और राज्य में संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मप्र सरकार की ओर से राज्य स्तरीय दिव्यांगन सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है। राज्य स्तरीय दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड की बैठक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में संचालनालय, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, भोपाल में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सोनाली पोंक्षे वायंगणकर, निःशक्तजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विशेष सहायता निधि स्थापित करने और उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही राज्य दिव्यांग खेल प्राधिकरण के गठन पर भी विचार किया गया, जिससे खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिल सके।

आबकारी के मामले में क्यों ढीले पड़ जाते हैं साब लोग?

मप्र में आबकारी एक मात्र ऐसा महकमा है, जहां शराब कंपनियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई के मामले में कलेक्टर से लेकर आयुक्त तक ढीले पड़ जाते हैं। मंत्री के बारे में तो कुछ कहा ही नहीं जा सकता। दरसअल, पिछले दिनों हाईकोर्ट ने एक मामले में विभागीय अफसरों व कलेक्टर तक को कड़ी फटकार लगाई। जो कार्रवाई कलेक्टर को करनी चाहिए थी, वह कोर्ट के निर्देश पर हुई। बताते हैं कि विभाग प्रमुख से लेकर कलेक्टर तक की यही हालत है कि वे खुद फैसला ले नहीं पाते। कलेक्टर को चूंकि कोर्ट के आदेश का पालन करना होता है, इसलिए किसी तरह से कार्रवाई हो पाई। बताते हैं कि एक जिले के आबकारी अधिकारी ने करोड़ो रुपए की हेराफेरी समेत अन्य शिकायतें हुई, किंतु दबाव की वजह से उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब उन्हें कोर्ट की तरफ से निर्देश आया तो अधिकारी को हटाया गया। ऐसे ही सोम ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई को लेकर वही स्थिति बनी। जब आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने कार्रवाई नहीं की तो कोर्ट के निर्देश पर कार्रवाई हुई। बाद में अग्रवाल की जगह दीपक सक्सेना जवाबदारी संभाल रहे हैं।

साहब के बंगले पर थ्री लेयर की सुरक्षा, आखिर क्या है मामला

जिले स्तर के एक आईएएस अधिकारी के बंगले पर इस समय थ्री लेयर की सुरक्षा व्यवस्था है। बंगले की पहली सुरक्षा में सीमेंट की बाउंड्रीवाल, इसके बाद जाली, वहां तक पहुंचने के बाद फिर एक और जाली, इसके बाद ही बंगले के अंदर प्रवेश हो पाता है। इतनी तगड़ी सुरक्षा साहब के यहां क्यों है, यह तो समझ में नहीं आया, पर बताते हैं कि तीनों लेयर तक क्रास करने तक कैमरा व अन्य तरीके से साहब पूरा तस्दीक कर लेते हैं कि आखिर में मिलने वाले का उद्देश्य क्या है और क्या चाहता है। साहब वैसे तो बेहद ही साधारण हैं, पर सुरक्षा को लेकर बेहद ही सतर्क हैं। शायद इसी लिए तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था के बाद ही बंगले के अंदर प्रवेश हो पाता है। बताते हैं कि साहब ने अपने छोटे से कार्यकाल में करोड़ों की अघोषित अचल संपत्ति बना ली है। उनकी कईयों एकड़ जमीने सोने जैसी वेशकीमती है। अब लोग कयास लगा रहे हैं कि इतनी जल्दी कमाई आखिर किस फैक्टरी में हो रही है। शायद इसीलिए तो नहीं तीन लेयर की सुरक्षा बनानी पड़ी है।

एक सीनियर आईएएस के सामने नतमस्तक हैं हैवीवेट मंत्री...

मप्र मंत्रालय में एक हैवीवेट मंत्री व आईएएस के तीखे तेवरों की चर्चा खूब हो रही है। बताते हैं कि विभाग में इस समय मंत्रियों से ज्यादा अफसरों की पूछपरख होती है। ऐसे में मंत्री को कई बार आईएएस के सामने नतमस्तक होना ही पड़ता है। ऐसा नहीं है कि मंत्री जी कुछ किए नहीं होंगे, अपना पूरा सामर्थ्य लगा लिए होंगे, पर आईएएस के तीखे तेवर ऐसे हैं कि उनकी एक नहीं चल पाई। अब तो हैवीवेट मंत्री लगभग प्रत्येक कार्य के लिए आईएएस को बड़े ही सलीके से कहकर काम कराते हैं, चूंकि उन्हें पता है कि जरा सा भी कुछ ओहदा दिखाया तो भूल जाइये काम के बारे में, ऐसे में मंत्री जी को काम के लिए बेहद ही नम्र होना पड़ता है। हालांकि क्षेत्र में मंत्री जी की तूती बोलती है, चरण स्पर्श करने वालों का तो ताता लगा रहता है। मंत्री कार्यकर्ताओं के सामने अपना पूरा रौब दिखाते हैं, पर आईएएस के सामने उनकी एक नहीं चलती। अब इसकी चर्चा खूब हो रही है।

एमपी 09 के कारोबारी हर काम में भारी

यह खबर अब राजधानी में तमाम लोगों की जुबान पर है। दरसअल, जिस किसी विभाग में काम धंधे की बात होती है, तो वहां एमपी 09 के कारोबारी ही बाजी मार लेते हैं। ऐसे ही एक विभाग में इन दिनों एक प्रमुख सचिव एमपी 09 के कारोबारी पर इस कदर फिदा है कि कोई भी काम हो, यदि वह कारोबारी ने बोल दिया तो मानिए अटल लकीर हो जाती है। बताते हैं कि उस विभाग में इन दिनों न जाने क्या-क्या चल रहा है। वाकिंग डील में ही कई डील हो जाती है। यदि किसी को भी बड़ा छोटा काम कराना है तो उसी एमपी 09 के कारोबारी को पकड़ते हैं। इसके बाद काम आसानी से हो जाता है। विभागीय प्रमुख सचिव के साथ ही कुछ अन्य प्रमुख सचिव का काम भी वहीं से हो जाता है। हालांकि यह सब सरकार की जानकारी में है या नहीं है, यह नहीं पता। कारोबारी व उक्त प्रमुख सचिव के बारे में भी कुछ ही लोगों को पता है।

हरि अग्रहरि

गेहूं खरीदी को लेकर वैश्विक हालातों के बीच कैबिनेट समिति ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीदी को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में सोमवार को एक उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से आयोजित की गई, जिसमें राज्य में गेहूं उपार्जन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कैबिनेट समिति ने निर्णय लिया है कि राज्य के इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग में गेहूं की खरीदी का कार्य 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। वहीं, प्रदेश के शेष संभागों में उपार्जन कार्य 15 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। सरकार ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें खरीदी केंद्रों की स्थापना, भंडारण क्षमता, परिवहन व्यवस्था और भुगतान प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना शामिल है।

खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया कि बैठक में वैश्विक परिदृश्य, विशेष रूप से मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए खाद्यान्न आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों से गेहूं खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बिजली और पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर सौंपा ज्ञापन

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन, सरकार को जगाने बजाई बीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बढ़ती मंहगाई के खिलाफ कांग्रेस ने अनोखे अंदाज में किया प्रदर्शन।

राजधानी भोपाल में बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर ने अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में रोशनपुरा चौराहे पर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से "सरकार रूपी सोई हुई भैंस" को जगाने के लिए बीन बजाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि सरकार महंगाई के मुद्दे पर सोई हुई है और आम जनता की परेशानियों की अनदेखी कर रही है। इस दौरान एलपीजी गैस की किल्लत, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और 1 अप्रैल से बढ़ाई गई बिजली दरों को लेकर विरोध जताया गया।

जीतू पटवारी और शिवकुमार ने की मुलाकात, उठाए किसानों के मुद्दे

किसानों को लेकर सियासत तेज

गेहूं खरीदी में बारदाने की कमी को लेकर जताई चिंता

जीतू पटवारी और शिवकुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में गेहूं खरीदी के बीच किसानों के मुद्दों को लेकर सियासत तेज हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और किसान नेता शिवकुमार शर्मा के बीच भोपाल में अहम मुलाकात हुई।

दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक चर्चा चली, जिसमें किसानों से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की गई। मुलाकात के दौरान किसानों पर बढ़ते कर्ज के दबाव और गेहूं खरीदी में वारदाने (बोरी) की कमी को लेकर चिंता जताई गई। शिवकुमार शर्मा ने किसानों की मौजूदा स्थिति पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें समय पर संसाधन और राहत नहीं मिल रही है। वहीं, जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पहले ही सरकार को किसानों की समस्याओं से अवगत करा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने के साथ-साथ कर्ज भी चुकाना है, ऐसे में उन्हें तत्काल राहत की जरूरत है।

पटवारी ने यह भी बताया कि शिवकुमार शर्मा के साथ चर्चा में कई सुझाव सामने आए हैं, जिन्हें सरकार तक पहुंचाया जाएगा, ताकि किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। कांग्रेस पार्टी पहले भी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी और 2700 रुपए प्रति क्विंटल दाम देने की मांग उठा चुकी है। ऐसे में इस मुलाकात के बाद एक बार फिर किसानों के मुद्दे राजनीतिक केंद्र में आ गए हैं।

प्रकोष्ठ विभाग की संयुक्त बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन, जीतू पटवारी ने दी बूथ स्तर तक मजबूती की दिशा

जनहित के मुद्दों और संगठनात्मक सक्रियता पर विस्तृत चर्चा

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रकोष्ठ विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित कर संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना को लेकर मंथन किया। बैठक में सज्जन सिंह वर्मा, सुखदेव पाँसे, डॉ संजय कामले, महेंद्र सिंह चौहान, महेंद्र जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता और प्रकोष्ठ प्रभारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभी प्रकोष्ठों की आगामी रणनीति, संगठन के विस्तार और जमीनी स्तर पर कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर जीतू पटवारी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे सक्रिय होकर जनता के बीच जाएं और उनकी समस्याओं को उठाएं। उन्होंने विशेष रूप से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया।

7 महावीर जयंती पर हुए कई आयोजन, जिनालय ...

8 'विहान' महोत्सव में गूंजे फिल्मी व सूफी गीत,...

मेट्रो के अधिकारियों की मौजूदगी में औपचारिक रूप से किया गया लॉन्च

शहर के 24 मीटर नीचे हाईटैक ड्रिलिंग, उतरी टीबीएम 'दुर्गावती', टनल के लिए खुदाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिक पार्टिकल वेलॉसिटी का लगातार होगा मापन, तय मानकों के भीतर ही रहेगा वाइब्रेशन

एक दिन में औसत 5 से 7 मीटर तक होगी खुदाई, 3.39 किमी लंबी होगी अंडरग्राउंड मेट्रो टनल

प्रदेश की पहली 3.39 किमी लंबी अंडरग्राउंड टनल बनाने भोपाल रेलवे स्टेशन के पास जमीन के 24 मीटर नीचे खुदाई का काम सोमवार से शुरू हो गया। इसके पूर्व टीबीएम 'दुर्गावती' की विशेष लॉन्चिंग शाफ्ट के माध्यम की गई और जमीन के नीचे करीब 24 मीटर की गहराई में उतारा गया। इस मौके पर एमपीएमआरसीएल, कल्पतरु इंटरनेशनल और जनरल कंसलटेंट के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उक्त आधुनिक मशीन से एक दिन में औसत 5 से 7 मीटर तक खुदाई होगी। यह मशीन विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में सुरक्षित, तेज़ एवं सटीक खुदाई के लिए डिज़ाइन की गई है। इसके उपयोग से निर्माण कार्य में गति आएगी।

मप्र मेट्रो एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने इस उपलब्धि पर परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि परियोजना की प्रगति को बनाए रखते हुए सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि समयबद्ध और सुरक्षित रूप से परियोजना पूरी हो सके।

100-100 करोड़ की 2 टनल मशीन बेंगलुरु से आई हैं भोपाल

खुदाई करने नीचे उतरी दुर्गावती टनल मशीन।

मप्र मेट्रो ने आरेंज लाइन के अंडरग्राउंड सेक्शन के लिए देश की सबसे आधुनिक टनल बोरिंग मशीनें (टीबीएम) खरीदी हैं जो दिसंबर-25 में भोपाल पहुंची थीं। इन मशीनों से प्रदेश में पहली बार 3.39 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड मेट्रो टनल तैयार होगी जो पुल पातारा से लेकर सिंधी कॉलोनी तक फैलेगी। यह टनल भोपाल रेलवे स्टेशन और नादरा बस स्टैंड जैसे व्यस्त इलाकों के नीचे से गुजरेगी।

एक मशीन की गोलाई 5.8 मीटर है

एक टनल बोरिंग मशीन की गोलाई 5.8 मीटर है। पुल पातारा से लेकर बड़ा बाग सिंधी कालोनी तक ट्विन टनल का काम एक साथ किया जाएगा। इस बीच दो मेट्रो स्टेशन रहेंगे। पहला भोपाल रेलवे स्टेशन और दूसरा नादरा बस स्टैंड। यहां वर्तमान में एसकेवेशन वर्क यानि अंडरग्राउंड सेक्शन का काम चल रहा है।

ड्रिलिंग मशीन लॉन्चिंग के दौरान कर्मचारियों के साथ अधिकारी।

जानें टनल बोरिंग मशीन को

- लागत-100 करोड़ रुपए
- रोज करीब 7 मीटर तक करेगी खुदाई।
- आकारः 5.8 मीटर व्यास (डायमीटर) की गोलाई।
- एक साथ दो सुरंगों का निर्माण।

ऐसे करेगी काम

- जमीन के नीचे गोलाकार सुरंग बनाएगी।
- खुदाई के साथ ही टनल को मजबूत करने का काम करेगी।
- शोर, कंपन और सतह पर नुकसान बेहद कम रहेगा।

इसलिए खास है यह अंडरग्राउंड सेक्शन

- मध्य प्रदेश में पहली अंडरग्राउंड मेट्रो टनल
- ऐतिहासिक और घनी आबादी वाले इलाके सुरक्षित
- ट्रैफिक प्रभावित हुए बिना निर्माण
- भविष्य की मेट्रो परियोजनाओं के लिए माडल बनेगा

मर्चुरी, सुभाष कॉलोनी और थाने के सामने लगाया जाम

अशोका गार्डन में होटल कारोबारी की देर रात चाकू गोदकर हत्या, सड़कों पर हंगामा

अशोका गार्डन थाने के सामने प्रदर्शन करते परिजन और हिंदू संगठन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित प्रगति नगर में रविवार देर रात बदमाश ने दो साथियों के साथ होटल कारोबारी से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। होटल कारोबारी के साथ मौजूद उसके कर्मचारी उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। विवाद और हत्या की वजह कारोबारी के साथ मौजूद कर्मियों से गालीगलौज की बात सामने आई है। दरअसल, होटल कारोबारी अपने कर्मियों को छोड़ने जा रहे थे, रास्ते में आरोपियों ने को रोक लिया और कहा, यहीं बैठो। उन्होंने इंकार किया तो आरोपी भड़क गए। विवाद के बाद आरोपियों ने होटल कारोबारी से मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने उक्त मामले में दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार विजय मेवाड़ा (35) सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहते हैं। उनकी दो चाय की दुकान हैं। रविवार देर रात वह कर्मचारियों को छोड़ने जा रहे थे। प्रगति नगर में उन्हें आसिफ उर्फ बम साथी फरमान, और इमरान के साथ मिला। उस समय रात के करीब डेढ़ बज रहे थे। विजय के कर्मियों से आसिफ और उसकी साथियों की पहचान है। आसिफ ने गाली देकर कहा कि अभी रुको, कुछ देर बाद चले जाना। कर्मियों ने कहा कि सुबह दुकान खोलनी है। इस पर विजय मेवाड़ा ने उन्हें गालियां देने से मना किया। विजय का कहना आरोपियों को इस कदर बुरा लगा कि उन्होंने विजय के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला किया था।

विजय (मृतक)

कर्मचारी लेकर पहुंचे अस्पताल, हो चुकी थी मौत

मारपीट और चाकू बाजी में विजय सड़क पर बेसुध होकर गिर गया था। साथी कर्मचारी उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर विजय को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विजय का शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठन विजय मेवाड़ा के घर मर्चूरी पहुंच गए। वहां हिंदू संगठन ने जमकर नारेबाजी की।

थाने के सामने प्रदर्शन, लगा रहा डेढ़ घंटे तक जाम

मर्चूरी में प्रदर्शन और हंगामे के बीच शव का पीएम कराया गया। परिजन शव लेकर सुभाष कॉलोनी पहुंचे, वहां घर के सामने भी हिंदू संगठन के साथ परिजन और रिश्तेदारों सहित मोहल्ले के लोगों ने प्रदर्शन किया। परिजन शव यात्रा विश्राम घाट ले जा रहे थे। इससे पहले परिजन और हिंदू संगठन ने अशोका गार्डन थाने के सामने प्रदर्शन शुरू कर दिया। थाने के सामने प्रदर्शन होने से करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस के आलाधिकारियों ने परिजन को समझाइश दी, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे। करीब डेढ़ घंटे बाद परिजन माने और प्रदर्शन खत्म किया गया। पुलिस ने उक्त मामले में फरमान, और इमरान को हिरासत में ले लिया है, जबकि आरोपी आसिफ उर्फ बम की तलाश की जा रही है।

विभाग को 25-25 करोड़ की आमदनी

पंजीयन दफ्तरों में रात में दिन जैसी रौनक, रिकॉर्ड 1001 रजिस्ट्री

आईएसबीटी कार्यालय में पंजीयन प्रक्रिया करते एक दंपती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से 740 लोकेशन पर एक से 188 फीसद तक दाम बढ़ाए जाने और 750 से अधिक लोकेशनों को अधिक दाम वाली लोकेशन में मर्ज करने की वजह से पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। सोमवार को महावीर जयंती की छुट्टी होने के बाद भी पंजीयन दफ्तरों में देर रात तक रजिस्ट्री जारी रहीं। रात दस बजे तक दफ्तरों में दिन से जैसा माहौल रहा। मार्च माह में पहली बार साढ़े दस बजे तक रजिस्ट्री की गईं, जिससे रिकार्ड 1001 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं। वर्तमान दरों पर रजिस्ट्री का मंगलवार को आखिरी दिन है।

जिले में 31 मार्च तक वर्तमान दामों पर ही रजिस्ट्री की जाएगी, जबकि एक अप्रैल से अलग-अलग लोकेशनों पर प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी कर दी जाएगी। ऐसे में प्रॉपर्टी के खरीदारों को 14 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर के हिसाब से फीस अदा करना पड़ेगी।

इस बार 740 लोकेशन पर रिकार्ड बढ़ोतरी की गई है, जिससे इन जगहों पर प्रॉपर्टी खरीदना महंगा हो जाएगा। इस बार पंजीयन विभाग ने 2033 करोड़ के टॉरगेट को पूरा कर 350 करोड़ की अतिरिक्त आय कर ली है।

हुजूर और गोविंदपुरा विस से सबसे ज्यादा जमा हुआ टैक्स

एक दिन में 3.77 करोड़ की वसूली, आज अंतिम दिन, कल से लगेगा दोगुना सरचार्ज

- 6332 लोगों ने भरा टैक्स, प्रॉपर्टी टैक्स से सबसे ज्यादा आय, पानी और अन्य करों में भी अच्छी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वित्तीय वर्ष समाप्ति के एक दिन पूर्व सोमवार को नगर निगम को 3.77 करोड़ रुपए राजस्व मिला। अवकाश के दिन सभी वार्ड और जोन कार्यालय खुले रहे। मंगलवार को वित्तीय वर्ष समाप्ति का अंतिम दिन है। निगम 600 करोड़ से ज्यादा की वसूली लक्ष्य को लेकर लगातार शिविर का आयोजन कर रहा है। सोमवार को 3 करोड़ 77 लाख 27 हजार 640 रुपए की टैक्स वसूली हुई। ऐसे में निगम के आंकड़ों पर नजर डालें तो शहर के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में टैक्स जमा करने वालों की संख्या 6,332 रही, जिसमें सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी टैक्स जमा हुआ।

नगर निगम के जोनवार आंकड़ों के अनुसार शहर की अलग-अलग विधानसभाओं में टैक्स वसूली का अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिला। गोविंदपुरा विधानसभा के जोन-13 से सबसे ज्यादा करीब 31.98 लाख रुपए की वसूली हुई, जो पूरे शहर में शीर्ष पर रही। नरेला विधानसभा के जोन 9 से 19.38 लाख रुपए और जोन 8 से 18.25 लाख रुपए की वसूली दर्ज हुई।

शाहपुरा के कार्यालय में वसूली में जुटीं कर्मचारी।

हुजूर विधानसभा के जोन 4 से करीब 24.70 लाख रुपए और जोन 1 से 13.81 लाख रुपए जमा हुए। दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के जोन 18 से 27.85 लाख रुपए और जोन 16 से 25.71 लाख रुपए की वसूली हुई। मध्य विधानसभा के जोन 14 और 15 में भी 24-25 लाख रुपए के आसपास टैक्स जमा हुआ। शहर के व्यावसायिक और घनी आबादी वाले इलाकों में टैक्स कलेक्शन ज्यादा रहा, जबकि कुछ जोनों में वसूली अपेक्षाकृत कम रही।

जल दर के तहत 1,927 उपभोक्ताओं ने भुगतान किया। यूजर चार्ज में 4,507 लोगों ने टैक्स जमा किया। शहर के 21 जोनों में वसूली का ग्राफ अलग-अलग रहा। कुछ जोन 20 लाख रुपए से ज्यादा वसूली करने में सफल रहे, जबकि कुछ जोन 10 लाख के आसपास ही सीमित रहे। जोन 13, 18, 16 और 4 जैसे जोन टॉप पर रहे, जबकि जोन 3, 5 और 7 जैसे क्षेत्रों में वसूली अपेक्षाकृत कम दर्ज की गई।

आदमपुर में 400 टन गीले कचरे से बनेगा चारकोल

बायोगैस सीएनजी प्लांट लगाने पीपीपी मोड पर अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छ भारत मिशन के तहत सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल को लागू करने के लिए आदमपुर में खंती क्षेत्र में नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन के माध्यम से स्थापित टोरिफाइड चारकोल प्लांट का ट्रायल रन शुरू हो गया है तो वहीं 400 टन रोजाना गीले कचरे से बायो सीएनजी बनाने के लिए प्लांट लगाने का अनुबंध मेसर्स भोपाल आरएनजी प्राइवेट लिमिटेड से पीपीपी मोड पर 20 वर्ष के लिए किया है।

निरीक्षण करती निगम आयुक्त।

इससे नगर निगम सालाना 4.86 करोड़ रुपए की बचत होगी। वहीं 1.66 करोड़ रुपए सालाना रॉयल्टी भी प्राप्त होगी। प्लांट से उत्पन्न होने वाली बायो सीएनजी मार्केट दर से पांच रुपए कम पर निगम को प्राप्त होगी। आदमपुर में जहां रोज 400 टन सूखे कचरे से टोरिफाईड चारकोल का निर्माण होगा तो वहीं 400 टन गीले कचरे से बायो गैस का उत्पादन हो सकेगा।

आदमपुर में उक्त प्लांट निर्माण का 30 फीसदी सिविल कार्य भी पूरा किया जा चुका है। कचरे के निष्पादन के लिए 2 डायजेस्टर के डोम का निर्माण भी पूरा हो चुका है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने इस प्लांट के निर्धारित समय-सीमा में तैयार होने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

प्लांट से भी बचेंगे हर साल 4.86 करोड

आदमपुर में अत्याधुनिक लैंडफिल साइट 5 एकड़ में बनाई गई है। यहां 400 टन रोजाना सूखे कचरे से चारकोल बनाने के लिए एनटीपीसी के साथ पीपीपी मोड पर 25 वर्ष के लिए अनुबंध किया गया है। इससे निगम को हर साल 4.86 करोड की बचत होगी। निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि आदमपुर में गीले और सूखे कचरे के निष्पादन के लिए पीपीपी मोड पर अनुबंध किए गए हैं। चारकोल प्लांट का ट्रायल रन शुरू हो गया है।

मैकेट का शेष...

बिना योग्यता के ..

डॉ. मोहन यादव, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने युवा विधायकों के साथ समूह फोटो खिंचवाया। इस सम्मेलन में कुल पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को पहले दिन तीन सत्रों में 'लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी और युवा विधायकों की भूमिका' जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मंगलवार को समापन अवसर पर 'विकसित भारत 2047: युवा विधायकों के दायित्व और चुनौतियां' विषय पर मंथन किया जाएगा। समापन सत्र में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और अन्य विशेषज्ञ भी शामिल होंगे।

व्यक्तिगत डेटा पूरी ...

था। कागजी फॉर्म और रजिस्टरों की जगह अब हाथ से चलने वाले उपकरण, जियो-टैगिंग मैपिंग टूल और एक केंद्रीकृत वेब बेस्ड प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना होगी। करीब 32 लाख फील्ड कार्यकर्ताओं (गणनाकार और पर्यवेक्षक) मोबाइल डिवाइस के माध्यम से करोड़ों घरों से जनसांख्यिकीय, सामाजिक और आर्थिक आंकड़े एकत्र करेंगे। यह डाटा सीएमएमए प्रणाली के जरिए तुरंत ट्रांसमिट, संकलित और सत्यापित किया जा सकेगा, जिससे त्रुटियों में कमी आएगी और समय की बचत होगी। जनगणना अधिनियम में एक महत्वपूर्ण प्रावधान, धारा पंद्रह, शामिल है। यह प्रावधान बताता है कि व्यक्तिगत जानकारी को पूरी तरह गोपनीय माना जाता है। इसे आरटीआई अधिनियम के तहत साझा नहीं किया जा सकता है। इसे अदालत में सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसे किसी अन्य संगठन के साथ साझा भी नहीं किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की भूमिका इस पूरे कार्य में केंद्रीय है। उनकी पूरी प्रशासनिक प्रणाली जमीनी स्तर पर क्षेत्र कार्य करने में लगी हुई है।

ये पूछे जाएंगे ...

स्थिर मानता है, तो उसे शादीशुदा जोड़े के रूप में दर्ज किया जाएगा। पहले चरण में घर और परिवार से जुड़ी कई अहम जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसमें शामिल हैं:-मकान का नंबर और संरचना,फर्श, दीवार और छत में इस्तेमाल सामग्री, घर की स्थिति और उपयोग, परिवार में रहने वाले लोगों की संख्या, शादीशुदा जोड़ों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग और सामाजिक वर्ग, खाने की आदतें और इस्तेमाल होने वाले अनाज, वाहन और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता। जनगणना करने वाले गणनाकार (एन्यूमरेटर), जो आमतौर पर सरकारी शिक्षक होते हैं, अपने टैबलेट या मोबाइल एप में घर-घर जाकर सभी जानकारी दर्ज करेंगे।

मुस्लिम पक्ष ने ...

सुनवाई से पहले, उनकी आपत्तियों पर 1 अप्रैल को ही विचार किया जाए। सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने बीते 11 मार्च को एएसआई द्वारा किए जा रहे सर्वे की वीडियोग्राफी उपलब्ध कराने की आधिकारिक मांग की थी। मुस्लिम पक्ष का आरोप है कि 16 मार्च को हुई पिछली सुनवाई के दौरान इस महत्वपूर्ण विषय पर न तो कोई चर्चा की गई और न ही अदालत की ओर से कोई ठोस आदेश पारित किया गया। कमाल मौलाना वेलफेयर सोसायटी ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस द्वारा दायर की गई मूल याचिका की वैधता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका तर्क है कि यह याचिका सुनवाई के योग्य ही नहीं है, इसके बावजूद मामले की कार्यवाही को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। इन्हीं तकनीकी और कानूनी आधारों को मुख्य बिंदु बनाते हुए अब सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की गुहार लगाई गई है।

उज्जैन में होगा ...

(उपग्रह निर्माण) विषयों पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जो युवाओं में तकनीकी कौशल, नवाचार क्षमता तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करेंगी।

तीन दिवसीय कार्यक्रम मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। सह-आयोजक संस्थाओं में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर, वीर भारत न्यास और दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान कार्यक्रम की सह-आयोजक संस्थाएं हैं।

सरकार लाएगी 5 ...

रुपए प्रति किलो तय की गई है। फिलहाल खुले बाजार में 200-250 रुपए प्रति किलो तक वसूले जा रहे हैं।

13 फीसदी आरक्षण को ...

सीनियर एडवोकेट रामेश्वर सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के प्रकरणों में 19 फरवरी 26 को पारित आदेश में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 52 प्रकरणों को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट वापस भेजा है। ट्रांसफर केसों में से दो मामलों में अब सुप्रीम कोर्ट खुद सुनवाई करेगा। संशोधित आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के बकाया 52 प्रकरणों को जबलपुर हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया गया है। इन प्रकरणों में ओबीसी वर्ग का शासन की ओर से विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा।

उन्होंने बताया कि एमपी हाईकोर्ट जबलपुर में ओबीसी आरक्षण के विचाराधीन सभी केसों कों एमपी सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कराया गया था, दो अलग-अलग बेंचों में अलग-अलग खंडपीठ के समक्ष पेंडिंग थे।

पेज एक का शेष...

जो हथियार उठाएगा...

समाप्त होने जा रहा है इसमें जनता का भी काफी सहयोग है। बता दें कि नक्सल मुक्त भारत बनाने की डेडलाइन 31 मार्च 2026 है। शाह ने कहा कि देश लंबे समय से नक्सलवाद से पीड़ित था, लाल आतंक की परछाई थी। इसलिए बस्तर में विकास नहीं पहुंचा था। आज परछाईं हट गई है, इसलिए वहां विकास पहुंच रहा है। बस्तर से भी नक्सलवाद लगभग खत्म हो चुका है। जो हथियार उठाएगा, उसे हिसाब चुकाना होगा। सरकार की पॉलिसी है कि जो गोली चलाएगा उसे जवाब गोली से ही दिया जाएगा हम आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। नक्सलवाद का मूल कारण विकास की डिमांड नहीं थी, बल्कि वामपंथी विचारधारा के कारण नक्सलवाद बढ़ा। मोदी सरकार के 12 साल देश के लिए शुभ हैं। नक्सल मुक्त भारत की रचना भी मोदी शासन में हुई। मंगलवार को नक्सलवाद का भारत में आखिरी दिन है। वामपंथ उग्रवाद खत्म होने जा रहा है।

ये अपने आदर्श ...

भगत सिंह और सुभाष बाबू को आदर्श नहीं माना; इन्होंने माओ को अपना आदर्श माना। ये अपने आदर्श भी विदेश से इंपोर्ट करते हैं।

नक्सलियों के मानवाधिकार ...

शहीद हो गए। नक्सलियों ने छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में हथियार थमा दिए। नक्सली गरीबों को हथियार देकर उन्हें बहकाना चाहते हैं।

ईरान हमें तेल ....

परिवर्तन करवा दिया है। पहली रिजीम व दूसरी रिजीम को खत्म कर दिया है। तीसरी रिजीम के लोग भले हैं। उनसे बात चल रही है।

11 साल की ....

भंवर सिंह (75) के घर ले गए। भंवर सिंह ने उन तीनों को अंदर भेजकर कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और खुद अपने साथी नाथू स्वरूप (57) के साथ बाहर निगरानी करने लगा। इस दौरान राहुल (22) नामक युवक ने पूरी वारदात का वीडियो बना लिया। पीड़िता ने बताया कि अगले दिन आरोपियों ने वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर उसे दोबारा अपनी हवस का शिकार बनाया। जब बच्ची ने हिम्मत जुटाकर परिजनों को आपबीती सुनाई, तब मामले का खुलासा हुआ। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, आईटी एक्ट और गैंगरेप की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

दो बच्चों के ...

थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शाकीर को देर रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

इंदौर में आईपीएल...

और पुनीत दाते जैसे खिलाड़ियों ने इस लीग के लिए अन्य राज्यों का साथ छोड़कर वापस मध्य प्रदेश का रुख किया है। यह आयोजन प्रदेश की क्रिकेट प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करेगा।

महिला की हत्या ....

सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि आसपास के करीब दो किलोमीटर के दायरे में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शाम तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद गेहूं के खेत से महिला का कटा हुआ सिर बरामद कर लिया गया। आरोपी सिर को घर से करीब 50 मीटर दूर खेत में फेंककर फरार हो गए थे। हत्या में कितने लोग शामिल थे, अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है।

सबूत मिटाने कटर ...

किराए के फ्लैट में रह रहा था। रविंद्र की 28 वर्षीय पोलिपल्ली मौनिका से मुलाकात साल 2021 में एक डेटिंग एप के जरिए हुई थी। धीरे-धीरे यह जान-पहचान प्यार में बदल गई। रविंद्र शादीशुदा है। उसकी पत्नी बच्चे पैदा होने के बाद अपने मायके गई थी। मौका देखकर उसने रविवार की दोपहर मौनिका को अपने फ्लैट पर बुलाया। उसके पहुंचने के कुछ देर बाद दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। आरोपी का दावा है कि मौनिका ने उससे 3.5 लाख रुपए लिए थे। उसने जब पैसे मांगे तो मौनिका उनके अवैध संबंध के बारे उसकी पत्नी को बताने की धमकी देने लगी। वो श्रीनगर के एक स्टोर में धारदार चाकू खरीदने गया था, लेकिन वहां नहीं मिलने पर उसने ऑनलाइन कटर और आरी ऑर्डर किए।

आरोपी ने थाने ...

बेखबर थी। पड़ोसियों का कहना है कि उन्हें वहां से कभी कोई शोर सुनाई नहीं दिया। जुर्म को छिपाने की तमाम कोशिशों के बावजूद रविंद्र का जमीर उसे कचोटने लगा। उसने अपने एक दोस्त को फोन किया और पूरी वारदात के बारे में बताया। इसके बाद रविंद्र गाजुवाका पुलिस स्टेशन पहुंचा और अपना गुनाह कबूल कर लिया।

अप्रैल से अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान

मुंबई। सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मातृभूमि को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। काफी समय से सोशल मीडिया पर सलमान की दिल राजू के साथ फिल्म को लेकर चर्चा हो रही थी। सोमवार को सलमान ने खुद अपने पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग सलमान इस साल अप्रैल से शुरू करेंगे। आगामी फिल्म के लिए सलमान निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ काम करेंगे। इस फिल्म के निर्माता दिल राजू होंगे। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है।

विनीत कुमार शक्ति शालिनी में निगेटिव रोल में आएंगे नजर...

मुंबई। मैडॉक का हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हैं। पिछले साल इस यूनिवर्स की थामा रिलीज हुई थी, जिसको फैंस ने पसंद किया था। अब फैंस इस यूनिवर्स की अगली फिल्म शक्ति शालिनी का इंतजार कर रहे हैं। अनीत पड्डा की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में अभिनेता विनीत कुमार सिंह की एंट्री हुई है। विनीत कुमार सिंह फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे। वहीं रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि विनीत ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसका निर्माण पिछले साल शुरू हुआ था।

अपने किरदार को लेकर दी जानकारी...

मुंबई। केजीएफ स्टार यश की आगामी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। अब फिल्म में नादिया का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की है। कियारा ने अपने किरदार को लेकर कहा कि नादिया का किरदार अब तक पढ़े गए किरदारों में सबसे अनोखा है। मेरी निर्देशक गीतु मोहनदास ने जिस तरह से इस किरदार को लिखा और उसकी यात्रा को आकार दिया है, उससे मैं बेहद उत्साहित हूं। मुझे लगा कि मैं इस चुनौती को स्वीकार करने और उनकी नजर में इस भूमिका को पर्दे पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। फिल्म से कियारा का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें एक्ट्रेस ब्लैक ड्रेस में एक स्टेज पर खड़ी नजर आई थीं। इसके बाद इसी महीने की शुरुआत में फिल्म का पहला गाना 'तबाही' रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी तक गाने का सिर्फ ऑडियो वर्जन ही सामने आया है। लेकिन गाने के पोस्टर में कियारा यश के साथ रोमांटिक पोज में दिखी थीं। इस गाने को विशाल मिश्रा ने गाया है और उन्हींने संगीत भी दिया है। गाने को हिंदी के अलावा कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया गया है। टॉक्सिक का टीजर भी सामने आ चुका है, जिसमें यश के नए लुक को देखकर फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हो गए थे। पहले टॉक्सिक 19 मार्च को 'धुरंधरः द रिवेंज' के साथ ही रिलीज होने वाली थी। लेकिन गल्फ देशों में चल रहे तनाव के चलते फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। अब 'टॉक्सिक' 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' में यश प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।

10 सालों से रिलीज को तरस रहीं ये फिल्में

नई दिल्ली। अक्षय कुमार को हिंदी सिनेमा के वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर जाना जाता है। 3 दशक से ज्यादा लंबे कॅरियर में अक्की ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। लेकिन, दो फिल्में ऐसी रहीं, जिनका ऐलान तो बड़े ही धूम-धाम तरीके से हुआ था, लेकिन वे कभी भी बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं हो सकीं। साल 2016 में अक्षय कुमार की एक बड़ी फिल्म क्रैक का ऐलान हुआ था, जिसके फर्स्ट लुक पोस्टर पर डायरेक्टर नीरज पांडे का नाम मौजूद था। क्रैक की रिलीज डेट 2017 तय की गई थी। एक दशक बाद भी इस मूवी पर ना कोई अपडेट आया और नहीं रिलीज हुई। क्रैक के अलावा 2021 में अक्षय कुमार स्टारर मूवी गोरखा का ऐलान हुआ था, जिसके डायरेक्टर आनंद एल राय थे। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर भी सामने आया था।

खण्ड -1
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन वन विभाग
कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमंडल हरदा उत्पादन

दूरभाष क्रमांक 07577-222025 Email- dfopharda@mp.gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -06 / स्टोर/2026/2264 दिनांक 23/03/2026
वनमंडल अधिकारी वनमंडल हरदा उत्पादन द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधन-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक	सामग्री का विवरण	सत्यांकार निधि	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
01	शासकीय वाहनों हेतु ट्यूब टायर	10000	500

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखें और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनॉक 23-03-2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनॉक 13-04-2026 दोपहर 3.00 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकतें है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियाँ लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट यदि कोई है तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित कियें जाएगें, समाचार पत्रों में नहीं ।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः- https://mptenders.gov.in/

जी- 28009/25 स्वच्छता ही सेवा

वनमंडल अधिकारी,
वनमंडल हरदा (उत्पादन)

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26

शब्द पहेली - 6181



बाएँ से दाए
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

ऊपर से नीचे
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

शब्द पहेली- 6180 का हल

अ	मा	न	त	■	अ	■	बी	र	ब	ल
■	ला	■	वा	■	म	हि	मा	■	ल	व
म	■	■	य	की	न	■	र	■	■	कु
त	क	ली	फ	■	चै	त्र	■	क	ल	श
वा	■	ड	■	रा	न	■	गै	■	ह	■
ला	प	र	वा	ह	■	का	र	गु	जा	री
■	र	■	दा	■	अ	स्त	■	मा	■	मा
प्र	ख	र	■	पा	प	■	म	न	च	ला
जा	■	■	शा	■	ह	न	न	■	■	गू
प	र	■	पि	ह	र	■	ह	■	शा	■
ति	जा	र	त	■	ण	■	र	ह	म	त

सूडोकु नवताल - 6191

★☆☆☆☆ सरल

5	9			3			8	7
8	7		1		5			
		2			9			4
	6				2		3	5
3	8		4	1	7		2	9
2	4		6				1	
7			3			8		
			5		8		7	3
9	3			2			6	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6190 का हल

7	4	8	3	9	2	1	5	6
2	6	9	5	7	1	8	4	3
3	1	5	4	8	6	7	2	9
5	7	4	8	6	9	3	1	2
8	9	1	2	3	4	6	7	5
6	3	2	1	5	7	4	9	8
4	8	7	6	2	5	9	3	1
9	2	6	7	1	3	5	8	4
1	5	3	9	4	8	2	6	7

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

खबर संक्षेप

लक्स ने रितिक को बनाया ओएनएन ब्रांड का एंबेसडर

कोलकाता। इनरवियर कंपनी लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने प्रीमियम वियर ब्रांड ओएनएन के लिए बॉलीवुड अभिनेता रितिक रोशन को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस कदम के जरिए कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते प्रीमियम इनरवियर और थर्मल वियर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है।

पूजा गर्ग ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला

नई दिल्ली । पूजा गर्ग ने फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) की 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया, जो फिक्कीका महिला व्यवसायिक विंग है और दक्षिण-पूर्व एशिया का सबसे पुराना महिला-नेतृत्व वाला एवं महिला-केंद्रित व्यापार मंडल है। एफएलओ की 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पूजा गर्ग अपने 2026-27 के एक वर्षीय कार्यकाल में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जिसके लिए वे एक सक्षम वातावरण तैयार करेंगी ।

लैंक्सेस को छमाही में उछाल की उम्मीद

मुंबई। स्पेशलिटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस के लिए वित्त वर्ष 2025 कमजोर बाजार परिस्थितियों और उच्च भू-राजनीतिक अनिश्चितता से प्रभावित रहा। कंपनी का कुल राजस्व 5.673 अरब यूरो रहा, जो पिछले वर्ष के 6.366 अरब यूरो की तुलना में 10.9 प्रतिशत कम है। एबिटा प्री एक्सेप्शनल्स 16.9 प्रतिशत घटकर 510 मिलियन यूरो रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह 614 मिलियन यूरो था। पूरे वर्ष के लिए एबिटा मार्जिन प्री एक्सेप्शनल्स 9.0 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष 9.6 प्रतिशत था।

भिंडी, फूल गोभी, गिलकी बैंगन सहित अन्य हरी सब्जियों के फुटकर भाव 40 रुपए के पार

रसोई का बजट बिगाड़ा : सब्जियों के दाम में बढ़ी महंगाई की तपिश, तरबूज और खरबूजे की आवक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

सब्जियों के दाम में आई तेजी से महंगाई की तपिश बढ़ गई है, जबकि दूसरी ओर तरबूज और खरबूजे की आवक ने गर्मी के सीजन में राहत के संकेत दिए हैं। जहां एक ओर हरी सब्जियों के दाम रसोई का बजट बिगाड़ रहे हैं, वहीं गर्मियों के लोकप्रिय फल तरबूज और खरबूजे की प्रचुरता ने लोगों को गर्मी से राहत के साथ-साथ किफायती फलों का विकल्प भी दिया है। राजधानी भोपाल के हाट-बाजारों में प्रमुख सब्जियों की कीमतों में 30 से 50 फीसदी तक का उछाल देखने को मिला है। स्थानीय थोक मंडी करोंद सब्जी मंडी में माल की आपूर्ति अच्छी है।

बावजूद अधिकांश सब्जियों के दाम में उछाल देखा जा रहा है। हाटबाजार में टमाटर 10 रुपए किलो, आलू 15 से 20 रुपए और प्याज 15 से 20 रुपए किलो के भाव बजट के अनुरूप है लेकिन भिंडी, फूल गोभी, गिलकी, बैगन सहित अन्य हरी सब्जियों के भाव फुटकर बाजार में 40 रुपए किलो के पार हो गए है। खुदरा विक्रेताओं के अनुसार गर्मी शुरू होने से सब्जियों की रोजमर्रा आवक में कमी के कारण दाम बढ़े हैं। मंडी में भी बैंगन की आवक कम होने से दाम बढ़े हैं, तो मौसमी बदलावों के कारण भी सब्जी की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

थोक मंडी करोंद सब्जी मंडी में माल की आपूर्ति अच्छी

मौसमी बदलावों के कारण भी सब्जी की आपूर्ति प्रभावित हुई

फल मंडी में अनार, अंगूर, नारियल, संतरा, मौसंबी की बंपर आवक

राजधानी के करोंद स्थित थोक फल मंडी में तरबूज और खरबूज की बंपर आवक हो रही है। थोक फल मंडी में अनार, अंगूर, नारियल, संतरा, मौसंबी, चीकू ,पाइनेप्पल, सेब और केला सहित सभी प्रकार फलों की रोजाना 20 से 25 गाड़ी की आवक हो रही है। मंडी में सभी फलों के दाम कम है, लेकिन हाट बाजार, हाथ ठेलों और सड़क किनारों लगी फलों की फुटकर दुकानों में फलों के खुदरा विक्रेताओं की मुनाफावसूली के चलते फलों के फुटकर भाव में महंगाई हावी है। करोंद फल मंडी स्थित थोक फल कारोबारी कमल शेजवार के अनुसार मंडी में फलों की बंपर आवक है। तरबूज और खरबूज की छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, महाराष्ट्र, खंडवाल, लेटरी, होशंगाबाद आदि क्षेत्र से खूब आ रहा है। मंडी में तरबूज 10 से 12 रुपए किलो और खरबूजा (शकरबट्टी) 15 से 20 रुपए किलो के भाव है। फल व्यापारी कमल बताते हैं कि नासिक शोलापुर से अंगूर की दो ट्रक आवक रोजाना की है जो कि 40 से 60 रुपए किलो क्वालिटीनुसार के भाव बिक रहा है।

विभिन्न उत्पादक क्षेत्र से आवक

गर्मी से राहत के लिए खीरा ककड़ी की बढ़ी डिमांड

बाजार में तरबूज, खरबूज के अलावा खीरा, ककड़ी की मांग बढ़ गई है। तो करोंद स्थित स्थानीय थोक मंडी में तरबूज, खरबूज और ककड़ी की बंपर आवक भी शुरू हो गई है। भोपाल मंडी थोक फल-सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष कमल शेजवार के अनुसार मंडी में होशंगाबाद लाइन से तरबूज, खरबूज और ककड़ी आने के साथ छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश और आंध्रा से भारी मात्रा में तरबूज, खरबूज की आवक हो रही है। इन दिनों में मंडी प्रांगण में 150 टन तरबूज, खरबूज और 5 से 6 ट्रक ककड़ी की आवक मध्यप्रदेश के चंदेरी जैसे विभिन्न उत्पादक क्षेत्र से और लखनऊ से हो रही है। शेजवार के अनुसार मंडी तरबूज 10 से 12 ट्रक, तरबूज 5 से 7 ट्रक हर रोज आ रहा है। मंडी में आंध्रा का तरबूज 10 से 12 रुपए, होशंगाबाद, शाहपुर का तरबूज 7 से 8 रुपए और छत्तीसगढ़ के रायपुर से आ रहा तरबूज 14 से 15 रुपए किलो के भाव बिक रहा है। खरबूज क्वालिटीनुसार 10 से 20 रुपए किलो के भाव बिक रहा है।

रोजमर्रा के नाश्ते पर युद्ध की आंच, डेली नाश्ते के रेट बढ़े, खाने की थाली भी महंगी

समोसा, पोहा-जलेबी समेत फास्ट फूड 10 से 25 फीसदी महंगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध का असर अब चाय-नाश्ते की दुकानों और होटलों पर दिखने लगा है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने और बाजार में ऊंचे दामों पर गैस मिलने के कारण छोटे होटल और फास्ट फूड दुकानदारों की लागत बढ़ गई है और उन्होंने नाश्ते के दाम बढ़ा दिए हैं। इसका सीधा असर ग्राहकों की जेब पर पड़ रहा है।भोपाल शहर के कई प्रमुख इलाकों में नाश्ते की दुकानों पर दाम बढने लगे हैं। बरखेड़ा स्थित एक स्वीट्स की दुकान में एक सप्ताह पहले तक जो समोसा 12 रुपए में मिल रहा था, वह अब 15 रुपए में बिक रहा है। आलू पेटीस का दाम 25 से 30 रुपए से बढक़र 30 से 35 रुपए हो गया है। दही फुल्की की एक प्लेट, जो पहले 30 रुपए में मिलती थी, अब 40 रुपए में दी जा रही है।

दुकानदारों ने कहा-मूल्य वृद्धि करना मजबूरी

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में समोसा, पेटीज, चाउमिन, मंचूरियन, दही फुल्की और चाय जैसे रोजमर्रा के नाश्ते के दाम 10 से 25 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। वहीं होटल संचालकों का कहना है कि यह बढ़ोतरी मजबूरी में करनी पड़ी है। गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है कई दुकानदारों का कहना है कि यदि लागत इसी तरह बढ़ती रही,तो आने वाले दिनों में खाने की थाली समेत अन्य खाद्य पदार्थों के दाम भी बढ़ाने पड़ सकते हैं। होटल कर्मचारी बताते हैं कि कमर्शियल गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कई बार सिलेंडर ब्लैक में 4 हजार रुपए तक में खरीदना पड़ रहा है। जब गैस ही महंगी मिल रही है तो दुकानदारों के सामने दाम बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता।

कमजोर कारोबार पर पड़ा दोहरा असर

होटल संचालकों के सामने एक और चुनौती ग्राहकों की संख्या कम होने की भी है। बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही पहले ही कम हो गई है। दुकानदारों का कहना है कि कारोबार पहले से ही कमजोर चल रहा था। अब गैस संकट के कारण लागत बढ़ गई है। ऐसे में दाम बढ़ाने से ग्राहकी पर असर पड़ने का डर भी बना हुआ है।

एलजी ने किए पीएम कार्यालय में एचवीएसी समाधान स्थापित

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने हाल ही में उद्घाटित प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में अपने उन्नत एचवीएसी समाधानों की सफल स्थापना की घोषणा की। एलजीई इंडिया ने 1,590 हॉर्सपावर की कुल क्षमता वाला एक वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो एयर-कंडीशनिंग सिस्टम स्थापित किया है, जिसमें 113 आउटडोर यूनिट शामिल हैं। इस परियोजना पर बात करते हुए एलजीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर हांग जू जियोन ने कहाकि एलजीई इंडिया को प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में योगदान देने पर गर्व है। चूंकि भारत बुनियादी ढांचे के विकास के एक परिवर्तनकारी चरण से गुजर रहा है, इसलिए स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल जलवायु नियंत्रण प्रणालियों की भूमिका तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। एलजीई इंडिया के अनुसार वाणिज्यिक और संस्थागत स्थानों में परिचालन दक्षता का समर्थन करने में एचवीएसी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

संन्यास दिवस की शुभकमानाएं दी

पतंजलि वेलनेस के सभागार में मना स्वामी रामदेव का 32वां संन्यास दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरिद्वार

पतंजलि वेलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 स्थित बृहद् सभागार योगभवन में बीते दिन रामनवमी के पावन अवसर पर पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव का 32वां संन्यास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि आज हम तीन-तीन पर्व एक साथ मना रहे हैं। आज राम नवमी भी है, नवरात्रि की पूर्णता भी है और पतंजलि का यशस्वी सन्यास दिवस भी है।

उन्होंने सभी देशवासियों को रामनवमी की तथा पतंजलि संन्यासाश्रम के युवा संन्यासियों को उनके संन्यास दिवस की शुभकमानाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हम सभी अपने जीवन में राम के रामत्व की, कृष्ण के कृष्णत्व की, शिव के शिवत्व की, आत्म तत्व की, हिंदुत्व की, वेद तत्व की, सनातन तत्व की व दैवीय संपद की प्रतिष्ठा करें। उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में दैवी संपद नहीं है वो हिंदू सनातनी और राम-कृष्ण का वंशधर नहीं है। वो ऋषि ऋषिकाओं की संतान नहीं है। उन्होंने कहा कि आज शताधिक ट्रस्टों और विभिन्न संगठनों के माध्यम से देश के 600 से अधिक जिलों में 5000 से अधिक तहसीलों में 35 लाख से अधिक गांव में और लगभग पूरी दुनिया के 200 देशों में योग आयुर्वेद और स्वदेशी और सनातन धर्म के प्रतिष्ठा का कार्य भगवान ने पतंजलि से हो रहा है। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने स्वामी जी को 32वें संन्यास दिवस की शुभकमानाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान राम की जो उदात्तता है, मर्यादा है, उनकी जो व्यापकता है, स्वीकार्यता है उसकी आज विश्व जनमानस में आवश्यकता है। उनके चरित्र व जीवन के प्रत्येक आयाम से हम बहुत कुछ समझ और सीख सकते हैं।

बिजनेस न्यूज

सिस्टेक बिजनेस स्कूल में इंडस्ट्री एकेडेमिया फोरम हेड-स्टार्ट का आयोजन

भोपाल। सागर ग्रुप का सिस्टेक बिजनेस स्कूल में इंडस्ट्री एकेडेमिया फोरम हेड-स्टार्ट का आयोजन हुआ। हेडस्टार्ट का मुख्य उद्देश्य प्रबंधन के क्षेत्र में उभरते नए अवसर व विद्यर्थियो को भविष्य में इंड्स्ट्री की जरुरतों व आवश्यक कौशल की महत्वपूर्ण जानकारी को जानना रहा। फोरम में सिस्टेक के बीबीए और एमबीए के स्टूडेंट्स, फैकल्टी और रिसर्चर्स ने नए प्रबंधन मोड्ल्स, नेक्स्ट जेन स्किलिंग के बारे में जानकारी को जाना। सिस्टेक बिजनेस स्कूल में इंडस्ट्री एकेडेमिया फोरम मे शेषाद्री भरतन-संस्थापक व सीईओ केएसईएमए फिनकोर्प, तुषार तायल-एवीपी स्विगी, हेमंत कोष्टी डायरेक्टर मार्केटिंग एचसीएल, नकुल शर्मा एसोसिएट डायरेक्टर अर्स्ट एण्ड यंग और लक्ष्मी नारायणन उदयम टैलेंट एक्विजिशन लीड हेक्सावेयर टेक्नोलोजीज ने क्रमशः एआई युग में लीडरशिप व रीटर्न ऑफ इंवेस्टमेंट इन इंपैथी के पैनल डिस्कशन के जरिए स्टूडेंट्स को महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की। सिस्टेक के प्रिसिपल डॉ.मनीष बिल्लौरे व प्राची श्रीवास्तव ग्रुप हेड कॉर्पोरेट रिलेशंस सिस्टेक ने पैनल डिस्कशन का संचालन किया । सिस्टेक बिजनेस स्कूल में इंडस्ट्री एकेडेमिया फोरम हेड-स्टार्ट सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ग्रुप डायरेक्टर सिस्टेक डॉ. ज्योति देशमुख, सिस्टेक रातीबड के प्रिसिपल अभीषेक चौबे, सिस्टेक बिजनेस स्कूल विभाग प्रमुख डॉ. नेहा जैन उपस्थित रही। सिद्धार्थ अग्रवाल मैनेजिंग डायरेक्टर, सागर ग्रुप ने सिस्टेक बिजनेस स्कूल की टीम को बधाई दी और कहाकि सिस्टेक बिज़नेस स्कूल इंडस्ट्री एकेडेमिया फोरम हेड स्टार्ट हमारे प्रबंधन के स्टूडेंट्स को महत्त्वपूर्ण जानकारी से उन्हें अपग्रेड करता है। यह उन्हें इंडस्ट्री से कौशल अर्जित करने की दिशा में सहायता करता है और करियर प्लानिंग करने के लिए गाइड करता है। हेमंत कोष्टी डायरेक्टर मार्केटिंग एचसीएल ने कहाकि किसी भी समस्या के समाधान के लिए कोई आदर्श व्यावसायिक मॉडल नहीं होता। स्पीड मायने रखती है। उत्पादों और सेवाओं की धारणा और वास्तविक मूल्य एक दिन में नहीं बनते। जबकि नकुल शर्मा - एसोसिएट डायरेक्टर ने कहाकि प्रबंधन का मूल उद्देश्य मानव संसाधन में मूल्यवर्धन करना है।

हेल्थ एक्सचेंज में 30 से अधिक स्टार्टअप्स ने मजबूत ईकोसिस्टम तैयार किया

जयपुर। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी में आयोजित हेल्थएक्सचेंज 2026 हेल्थकेयर इनोवेशन, पॉलिसी संवाद और सहयोग का एक सशक्त मंच बनकर उभरा। इस कार्यक्रम में 30 से अधिक स्टार्टअप्स और 50 से ज्यादा स्टेकहोल्डर्स जिनमें हॉस्पिटल लीडर्स, कॉर्पोरेट, सरकारी अधिकारी और सीएसआर प्रतिनिधि शामिल थे ने भाग लेकर भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव की दिशा में एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार किया। कार्यक्रम की शुरुआत आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेजिडेंट और आईआईएचएमआर फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. पीआर सोडानी के स्वागत संबोधन से हुई, जो पब्लिक हेल्थ और हेल्थकेयर मैनेजमेंट के एक प्रतिष्ठित अकादमिक और नीति विशेषज्ञ हैं। उन्होंने वास्तविक स्वास्थ्य चुनौतियों के साथ इनोवेशन को जोड़कर टिकाऊ और प्रभावी समाधान विकसित करने पर जोर दिया। फर्स्ट सेशन "राजस्थान का हेल्थकेयर परिदृश्यः अगले बड़े अवसर की संभावनाएं विषय पर केंद्रित था, जिसमें डॉ. अमित यादव, एमडी, एनएचएम राजस्थान, डॉ. मोना दुग्गल, निदेशक, आईसीएमआर-एनआईआरडीएचडीएस, और डॉ. डीके शर्मा, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, डॉ. आर.पी. सेंटर, एम्स दिल्ली शामिल रहे। सेशन का संचालन डॉ. सबीन कपासी, सीईओ एवं एमडी, एनिरा कंसल्टिंग द्वारा किया गया, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, पहुंच में सुधार लाने और एकीकृत केयर मॉडल के जरिए सिस्टम की खामियों को दूर करने पर जोर दिया गया।

गोल्ड लोन, ले रही 'प्रॉपर्टी लोन' और 'होम लोन टॉप-अप' की जगह

भारत में बदल रही है अब गोल्ड लोन की छवि ज्वेलरी की वैल्यू बढ़ने से गिरवी का बढ़ा चलन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोटक महिंद्रा बैंक का कहना है कि भारत में अब गोल्ड लोन की छवि बदल रही है। पहले जहां इसे मजबूरी में लिया जाने वाला आखिरी रास्ता माना जाता था और इससे एक सामाजिक संकोच जुड़ा था, अब यह एक सोची-समझी योजना का हिस्सा बनता जा रहा है। बैंक के मुताबिक लोग अब घर में रखे पुश्तैनी गहनों का इस्तेमाल करके मॉर्टगेज (संपत्ति पर ऋण) या बिना गारंटी वाले लोन (अनसिक्योर्ड लोन्स) के मुकाबले ज्यादा आसानी से, तेजी से और कम ब्याज पर पैसा ले रहे हैं।

कोटक महिंद्रा बैंक के प्रेसिडेंट श्रीपद जाधव ने कहाकि यह लोगों के व्यवहार में आया एक बदलाव है। गोल्ड लोन अब केवल संकट या परेशानी से जुड़ा नहीं रहा है। स्थिर आय और संपत्तियों वाले ग्राहक अब अपनी गोल्ड ज्वेलरी को अस्थायी रूप से गिरवी रखकर फंड्स का उपयोग कर रहे हैं, ताकि वे समय के लिहाज से महत्वपूर्ण अवसरों का फायदा उठा सकें। यह छोटी अवधि की जरूरतों को पूरा करने का एक अनुशासित तरीका है। सोने की कीमतों में आई तेज उछाल के कारण घरों में रखी ज्वेलरी की वैल्यू काफी बढ़ गई है। इससे परिवारों को अपनी छोटी और मध्यम अवधि की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने और सामने आने वाले नए अवसरों का लाभ उठाने में मदद मिल रही है। जाधव ने आगे कहाकि यह व्यवहार रिटेल उधारकर्ताओं में बढ़ते 'कन्वीनियंस-क्रेडिट' (सुविधाजनक ऋण) के ट्रेंड को दर्शाता है, क्योंकि गोल्ड लोन के लिए बहुत ही कम कागज़ी कार्रवाई की जरूरत होती है। जाधव ने कहा कि लागत और समय का फायदा साफ़ दिखता है। गोल्ड लोन पर ब्याज दरें आमतौर पर अनसिक्योर्ड क्रेडिट (जैसे पर्सनल लोन) से कम होती हैं, मंजूरी तुरंत मिलती है और चुकाने के विकल्प भी लचीले हैं। किसी भी सोची-समझी ज़रूरत के लिए यह एक 'स्मार्ट' विकल्प है। ग्राहक सोना गिरवी रखते हैं, पैसे का इस्तेमाल करते हैं, लोन चुकाते हैं और अपनी ज्वेलरी वापस ले लेते हैं।

बढ़ती जा रही है लोन की राशि

अब 2 लाख से 10 लाख रुपए तक के गोल्ड लोन, 'प्रॉपर्टी लोन' या 'होम लोन टॉप-अप' की जगह ले रहे हैं, क्योंकि यहां स्पीड और लचीलापन ज़्यादा मिलता है। ग्राहक अब अपने सोने को बेचने के बजाय उसे गिरवी रखना पसंद कर रहे हैं, क्योंकि गिरवी रखे होने के बावजूद समय के साथ सोने की कीमत बढ़ती रहती है। जाधव ने कहाकि समय की कीमत अब बहुत बढ़ गई है। जब बिजनेस परिवारों, एमएसएमई और एचएनआई के पास किसी अवसर का लाभ उठाने के लिए सिर्फ 48-72 घंटे का समय होता है, तो कुछ ही मिनटों में मिलने वाला गोल्ड लोन उनके लिए सबसे सही विकल्प साबित होता है।

ऐतिहासिक उपलब्धि

दीपक एडवरटाइजिंग को दोहरी सफलता, एनएचएआई ने पुनः सूचीबद्ध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

विज्ञापन एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग ने वित्तीय वर्ष की शुरुआत में ही एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एजेंसी को मध्य प्रदेश एवं राजस्थान क्षेत्रों में पुनः सूचीबद्ध किया है। यह दोनों सफलताएं एजेंसी की रचनात्मक उत्कृष्टता एवं इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में मजबूत क्षमता को प्रमाणित करती है। दीपक एडवरटाइजिंग के प्रबंध निदेशक दीपक जेठा ने कहाकि यह एम्पैनलमेंट हमारी 29 वर्षों की मेहनत, नवाचार एवं क्लाइंट विश्वास का फल है। हम एनएचएआई मध्य प्रदेश एवं राजस्थान सहित पूरे देश में उच्च गुणवत्ता वाली विज्ञापन सेवाएं ग्राहकों को दे रहे है। इस बेहद सफल यात्रा में दीपक एडवरटाइजिंग ने 190+ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, जिनमें 19वीं 'एजेंसी ऑफ द ईयर', समिट इंटरनेशनल क्रिएटिव अवॉर्ड्स (5 बार), आईएनएस मान्यता एवं प्रसार भारती / सीबीसी मान्यता शामिल हैं। दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी ने गत वर्ष में एनएचएआई इवेंट्स, प्रॉपर्टी फेयर एवं डी. पी. ज्वेलर्स रतलाम शोरूम ग्रैंड लॉन्च जैसे प्रमुख कैंपेन सफलतापूर्वक संभालें हैं।

वनस्थली विद्यापीठ का 90वां वार्षिकोत्सव संपन्न

जयपुर। वनस्थली विद्यापीठ का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि समारोह में मुख्य अतिथि अरविन्द लिमिटेड के उपाध्यक्ष पुनीत लालभाई थे। मुख्य अतिथि महोदय का पारस्परिक स्वागत विद्यापीठ की अध्यक्ष, प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री, कुलपति, प्रो.ईना आदित्य शास्त्री, कोषाध्यक्ष, प्रो. सुधा शास्त्री, वनस्थली सेंटर ऑफ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के निदेशक प्रो. अंशुमान शास्त्री, छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

स्वागत द्वार पर वनस्थली सेवा दल के बैंड द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि ने वनस्थली की मूल प्रेरणा शक्ति स्थल 'श्री शांताबाई शिक्षा कुटीर व संस्थापकों के मूल निवास स्थान गाँधी घर का अवलोकन किया। कुलपति, प्रो. ईना आदित्य शास्त्री द्वारा मुख्य अतिथि को इस स्थान की महत्ता से अवगत कराया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि लक्ष्मीवाई मैदान में ध्वजारोहण कर वनस्थली सेवादल द्वारा प्रस्तुत परेड में सम्मिलित हुए।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि कला मंदिर में छात्राओं एवं देश-विदेश के अग्रणी कलाकारों की चित्रकारी एवं पेटिंग्स का अवलोकन किया। तदुपरान्त वे वीरवाला मैदान में घुड़सवारी, महदाजी शूटिंग रेंज में शूटिंग एवं मारूत मैदान में फ्लाइंग क्लब की गतिविधियों को देख कर अभिभूत हो गए। इसी क्रम में वे विद्यापीठ के शैक्षिक विभागों- स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज, स्कूल ऑफ डिजाइन, स्कूल ऑफ ऑटोमेशन एवं सेंटर ऑफ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का परिदर्शन किया।

पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य शाखा, दिनांक– 30.3.2026
No. : C/BPL/NFR/E-Auction/2026/05

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक पश्चिम मध्य रेल भोपाल द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के ठेके स्थापित करने हैंतु जगह के आवंटन हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित की जाती है। ई–ऑक्शन के केट्सलोग्स आईआरईपीएस पोर्टल (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है । केट्सलोग्स की जानकारी इस प्रकार है ।

Type of contract - Publicity

Sr. No.	Catalogue number	Lot No./Bid No.	Contract Period	Date and time of close of e-auction
1	C-BPL-NFR-LOCO	ADVT-LOCO-BPL-ET-213-26-1	3 Years	15.04.2026 at 15:30hrs
		ADVT-LOCO-BPL-ET-209-26-1	3 Years	15.04.2026 at 15:40hrs
		ADVT-LOCO-BPL-ET-212-26-1	3 Years	15.04.2026 at 15:50hrs
		ADVT-LOCO-BPL-ET-210-26-1	3 Years	15.04.2026 at 16:00hrs
		ADVT-LOCO-BPL-ET-211-26-1	3 Years	15.04.2026 at 16:10hrs
2	C-BPL-NFR-LED	ADVT-BPL-BINA-OSD-215-26-1	5 Years	16.04.2026 at 15:30hrs
		ADVT-BPL-GUNA-OSD-214-26-1	5 Years	16.04.2026 at 15:40hrs

संपूर्ण जानकारी, अनुबंध की सामान्य शर्तें एवं अनुबंध की विशेष शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। प्रतिभागी पोर्टल पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते है।

मंडल रेल प्रबंधक (वा), पश्चिम,मध्य,रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

खण्ड -1
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन वन विभाग
कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमंडल हरदा उत्पादन

दूरभाष क्रमांक 07577-222025 Email- dfopharda@mp.gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या /03 / स्टोर/2026/2191 दिनांक 16/03/2026

1. वनमंडल अधिकारी वनमंडल हरदा उत्पादन द्वारा म०प्र० भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधन-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक	सामग्री का विवरण	सत्यांकार निधि	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
01	भवन मरम्मत मे उपयोगी सामग्री	25000	1000

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखें और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनॉक 01-04-2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनॉक 24-04-2024 शाम 4.00 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकतें है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियाँ लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट यदि कोई है तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित कियें जाएगें, समाचार पत्रों में नहीं ।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल:- https://mptenders.gov.in/

वनमंडल अधिकारी,
वनमंडल हरदा (उत्पादन)

जी- 28009/25 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

बिहार की राजनीति से नीतीश की केंद्र में एंट्री

बिहार की राजनीति में एक संभावित बड़े मोड़ की आहट सुनाई दे रही है। सीएम नीतीश कुमार का विधान परिषद से इस्तीफा महज़ एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक लंबे राजनीतिक युग के अंत का संकेत है। जिस नेता ने लालू प्रसाद यादव के कथित जंगलराज के बाद सुशासन और विकास की राजनीति को स्थापित किया, वही अब केंद्र की ओर कदम बढ़ाते दिख रहे हैं। यह बदलाव केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि बिहार की सत्ता संरचना और राजनीतिक संतुलन का भी पुनर्संयोजन है। नीतीश कुमार का राजनीतिक सफर हमेशा से व्यावहारिकता, संतुलन और समय के साथ खुद को ढालने की क्षमता का प्रतीक रहा है। वे न तो पूर्णतः वैचारिक राजनीति के बंधन में बंधे, न ही केवल अवसरवाद के प्रतीक बने। यही कारण है कि वे कई बार सत्ता के समीकरणों को अपने पक्ष में मोड़ने में सफल रहे, लेकिन इस बार मामला अलग है। राज्यसभा के लिए उनका चुना जाना और उसके बाद विधान परिषद से इस्तीफा देना इस ओर संकेत करता है कि उनकी भूमिका अब राज्य की सीमाओं से बाहर जाकर राष्ट्रीय राजनीति में अधिक प्रभावशाली हो सकती है। हालांकि यह देखने वाली बात है कि केंद्र में उनकी भूमिका क्या रहेगी। संवैधानिक रूप से भले ही वे छह महीने तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं, परंतु संकेत साफ हैं बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की जमीन तैयार हो चुकी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बिहार में पहली बार भाजपा अपना मुख्यमंत्री बना पाएगी? भाजपा के लिए यह अवसर जितना आकर्षक है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। अब तक बिहार की राजनीति में वह सहयोगी की भूमिका में रही है, जहां अंतिम निर्णयों में जनता दल (यूनाइटेड) और विशेषकर नीतीश कुमार का प्रभाव निर्णायक रहा। यदि भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाती है, तो उसे केवल सत्ता संभालने की नहीं, बल्कि सामाजिक और जातीय समीकरणों को साधने की कठिन परीक्षा से भी गुजरना होगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। कुशवाहा समाज से आने वाले सम्राट चौधरी ओबीसी समीकरणों को साधने में भाजपा के लिए उपयोगी हो सकते हैं। वहीं नित्यानंद राय का नाम भी चर्चा में है, जो यादव समुदाय से आते हैं और केंद्र में अनुभव रखते हैं। इन नामों के बीच संतुलन बनाना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि बिहार की राजनीति में जातीय आधार अब भी निर्णायक भूमिका निभाता है। यहां एक और महत्वपूर्ण पहलू है नीतीश कुमार की "मौन सहमति"। भले ही वे औपचारिक रूप से पद छोड़ दें, लेकिन उनके राजनीतिक प्रभाव को नजरअंदाज करना किसी भी दल के लिए जोखिम भरा होगा। भाजपा को यह समझना होगा कि बिहार में स्थिरता बनाए रखने के लिए नीतीश की भूमिका अभी समाप्त नहीं हुई है। उनकी सहमति और समर्थन के बिना कोई भी नया नेतृत्व अस्थिरता का शिकार हो सकता है। दूसरी ओर, विपक्ष भी इस बदलाव को अवसर के रूप में देख रहा है। राजद और अन्य दल इस स्थिति में राजनीतिक असंतोष को भुनाने की कोशिश करेंगे। यदि भाजपा नेतृत्व परिवर्तन में कोई चूक करती है, तो यह विपक्ष के लिए बड़ा मौका बन सकता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि बिहार एक नए राजनीतिक अध्याय के द्वार पर खड़ा है। नीतीश की केंद्र में संभावित एंट्री जहां राष्ट्रीय राजनीति को नया आयाम दे सकती है, वहीं, राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कई नए समीकरणों को जन्म देगा। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार की राजनीतिक दिशा और दशा तय करने वाला क्षण है।

मुद्दा
उमेश चतुर्वेदी

माओवाद का खात्मा और पुनर्वास नीति

2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह ने तो खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त कर देने का ऐलान कर दिया था। जिस तरह हाल के दिनों में शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि भाजपा सरकार का देश से किया यह वादा पूरा होने जा रहा है। वैसे इसमें राज्य सरकारों द्वारा जारी पुनर्वास योजनाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। राज्य सरकारों ने नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने के लिए तत्काल डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी है।

कभी देश के एक तिहाई हिस्से पर अपनी समानांतर सरकार चलाने वाली माओवादी विचारधारा का क्या आज अंत हो जाएगा? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो चुका है, क्योंकि नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्रीय सरकार ने आज ही के दिन को माओवादी आतंकवाद का आखिरी दिन घोषित कर रखा है। ठीक एक हफ्ते पहले यानी 25 मार्च को बस्तर के मुख्यालय जगदलपुर में शीर्ष माओवादी नेता पापा राव के नेतृत्व में 18 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया, तब कहा गया कि पापा राव आखिरी महत्वपूर्ण नक्सली कमांडर हैं और उन्होंने भी हथियार सौंप दिए हैं। 2014 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में माओवाद पर लगाम का वादा किया था। तब झीरम घाटी कांड की याद ताजा थी, जिसमें विद्याचरण शुक्ल समेत छत्तीसगढ़ कांग्रेस का तकरीबन समूचे शीर्ष नेतृत्व को माओवादियों ने घेरकर मार डाला था। वैसे तो नक्सली खुद भी मानते रहे हैं कि उनके लिए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में खास अंतर नहीं रहा। अलबत्ता कांग्रेस की सरकार उस स्तर तक माओवादी हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाने से बचती रही हैं, जिस तरह के कदम बीजेपी की अगुआई वाली सरकारें उठाती रही हैं।

बस्तर में छह अप्रैल 2010 को बारूदी सुरंगों के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 76 जवानों को उड़ाने के बाद नक्सलियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी गुस्सा था। मनमोहन सिंह की अगुआई वाली तत्कालीन केंद्र सरकार माओवादियों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई का मन बना चुकी थी, लेकिन माओवादी विचारधारा वाली सिविल सोसायटी के दबाव में यह विचार उसने त्याग दिया था, लेकिन बीजेपी ने माओवादियों के लिए कोई रियायत नहीं बरती। 2019 में केंद्रीय गृहमंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह तो खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त कर देने का ऐलान कर दिया था। जिस तरह हाल के दिनों में शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि बीजेपी सरकार का देश से किया यह वादा पूरा होने जा रहा है। वैसे इसमें राज्य सरकारों द्वारा जारी पुनर्वास योजनाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ सरकार का विशेष तौर पर उल्लेख किया जाना चाहिए। माओवादी विचारधारा के प्रभाव आकर घर-परिवार, सुख-चैन छोड़कर जंगलों की खाक छानने और मौजूदा सत्ता से जूझने वाले माओवादी युवाओं को मुख्यधारा में लाने में सिर्फ केंद्रीय सुरक्षा बलों की गोलियों ने ही भूमिका नहीं निभाई है, बल्कि राज्यों की पुनर्वासय योजनाओं का भी बड़ा योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 2025-26 की अपनी पुनर्वास नीति में हिंसा छोड़ने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई कदम उठाए, जिनमें उसका 'पूना मारगेम' अभियान प्रमुख रहा। इन दोनों शब्दों का अर्थ है 'नया रास्ता'। इसके तहत दंडकारण्य क्षेत्र के सैकड़ों माओवादी कैडरों को मुख्यधारा में वापस लाने की सफल कोशिश हुई। इस योजना के तहत नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने क के लिए तत्काल डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक

सहायता दी गई, साथ ही उन्हें तीन साल के लिए मासिक वजीफा और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना शुरू हुआ। इसका मकसद यह रहा कि हथियार छोड़ने के बाद मुख्यधारा में लौटे माओवादी आत्मनिर्भर जिंदगी बीता सकें। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने हथियार सौंपने वाले माओवादियों को अलग से प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था की। इससे राज्य में माओवादियों के समर्पण में तेजी आई। हथियार छोड़ने वाले माओवादियों के बच्चों की शिक्षा का इंतजाम किया गया, इसके साथ ही उन्हें सुरक्षित आवास भी मुहैया कराए गए। इसके साथ ही उन्हें वापसी के बाद भयमुक्त जीवन गुजारने के लिए परिवार की सुरक्षा की गारंटी भी दी गई। ये योजनाएं अभी खत्म नहीं हुई हैं और जारी भी हैं। कभी माओवादियों के डर से बस्तर में सड़कें तक बनाना संभव नहीं था, बिजली पहुंचाना भी कठिन था, लेकिन केंद्र सरकार की शह पर राज्य सरकार ने बस्तर जैसे हिंसा प्रभावित क्षेत्र में भी सड़क, स्कूल और अस्पतालों का निर्माण कराने में तेजी दिखाई। बस्तर के कुछ इलाके में रेलवे लाइन भी पहुंच गई है। अब इस इलाके में सड़कें भी बेहतर हो गई हैं। इन कदमों से माओवादी प्रभाव में रहने वाले इलाकों में भरोसा बहाली में मदद मिली। सरकारी योजनाओं के साथ ही सरकार के प्रति भी लोगों का रवैया बदला।

इसका असर साफ नजर आया। छत्तीसगढ़ में पिछले 26 महीनों में 2,700 से अधिक माओवादियों ने सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण किया है। सिर्फ मार्च 2026 में जगदलपुर में 108 माओवादियों ने समर्पण किया। इसके पहले 210 ने किया था। अक्टूबर 2025 में भी170 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। इसे राज्य में नक्सलविरोधी सुरक्षा अभियान और पुनर्वास कार्यक्रम की मिलीजुली सफलता के रूप में देखा जाना चाहिए। माओवादी अगर मुख्यधारा में लौटे तो इसकी एक मात्र वजह सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और केंद्र सरकार के ₹विश्वास, विकास और सुरक्षा₹ के त्रिकोणीय मॉडल की कामयाबी रही। छत्तीसगढ़ सरकार अब इससे भी आगे बढ़ गई है और पुनर्वास से पुनर्जीवन की नीति पर आगे बढ़ रहा है। कभी पशुपति से तिरुपति यानी नेपाल से आंध्र तक का जंगली इलाका लाल गलियारे के रूप में विख्यात था। यहां सुरक्षा बलों के लिए भी घुसना आसान नहीं था। इन इलाकों में देश के तकरीबन एक तिहाई जिले आते थे। इन जिलों में माओवादी वैचारिकी के असर वाले हथियारबंद दस्तों की सत्ता चलती थी। माओवादी स्कूलों, रेलवे लाइनों, पुलिस थानों, डाकघरों को निशाना बनाते थे। चूंकि विकास की धारा इन इलाकों में माओवादी हथियारबंद दस्तों के अवरोध के चलते बह नहीं पा रही थी, इस लिए अविश्वास का माहौल बढ़ता रहा। लेकिन मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही एक तरफ माओवादियों को उन्हीं की तर्ज में गोली का जवाब गोली से देना शुरू किया, वहीं दूसरी तरफ उनके पुनर्वास के साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की धारा को भी बहाने की कोशिश तेज की। माओवादी कहते रहे हैं कि सत्ता की राह बंदूक की गोली से निकलती है, बारूद से निकलती है, मोदी सरकार ने कुछ उसी अंदाज में माओवादी सत्ता की राह बंदूक और बारूद से रोका, लेकिन दूसरी तरफ पुनर्वास अभियान भी जारी रखा। वैसे यह भी सच है कि विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं, एक विचारधारा के रूप में वह माओवाद भी जिंदा रह सकता है। लेकिन अब उसके उस तरह प्रतिबद्ध अनुयायी नहीं होंगे, उनकी गोलियों की आवाज और धमक भी नहीं होगी। अगर यह विचारधारा लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़े तो शायद ही किसी को एतराज होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि अगर यह विचारधारा जिंदा भी बचती है तो वह लोकतांत्रिक ढंग से आगे बढ़ेगी, हथियारों के दम पर नहीं।

(लेखक प्रसिद्ध लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

ईंधन संकट

अखिलेश आर्येन्दु

रूस का खामोश खेल और भारत में तेल-गैस की चुनौती

रूस ने 1 अप्रैल से चार महीने के लिए पेट्रोल (गैसोलीन) के निर्यात को स्थगित करने की घोषणा की है। इस घोषणा के पीछे रूस ने अपने घरेलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और वैश्विक बाजार में तेल की बढ़ रही कीमतों को नियंत्रित करने के बाबत उठाया गया कदम बताया है। रूस की इस घोषणा से दुनियाभर में तेल की कीमतों में हलचल देखा जा रहा है। रूस रोज़ाना 1,20,000 से 1,70,000 बैरल तेल निर्यात करता है। इससे उसको रोजाना करोड़ों डालर की आमदनी होती है। ब्राजील, चीन, तुर्की, सिंगापुर और अफ्रीका उसके मुख्य तेल के खरीददार हैं। भारत भी बहुत बड़े पैमाने पर रूस से तेल खरीदता है, लेकिन वह तेल कच्चा होता है। रूस से जो तेल भारत को अभी तक मिलता रहा है वह अन्य देशों से खरीदे गए तेलों से सस्ता और बेहतर है। इसलिए कहा जा रहा है कि जब रूस तेल निर्यात करना बंद कर देगा तो, भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सस्ते दामों पर खरीदने का कार्य किन देशों से करेगा? यह भी कहा जा रहा है कि रूस दुनिया के दूसरे देशों को तेल देना भले बंद कर देगा, लेकिन भारत को कच्चा तेल देना बंद नहीं करेगा। सवाल यह किया जा रहा है कि रूस तेल के मामले में इस तरह का कदम क्यों उठाने जा रहा है? इसके पीछे उसका कोई बड़ा मकसद हासिल करना है या दुनिया को यह एहसास कराना है कि महाशक्ति रूस है, अमेरिका नहीं, जिसके पास तेल रूपी हथियार की वह ताकत है जो अमेरिका के पास नहीं है। सामरिक जानकारी रखने वालों का कहना है कि तेल निर्यात बंद करने की घोषणा के पीछे रूस का वह खामोश खेल है जो वह चुपचाप खेल रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि रूस दुनिया की तेल के बाजारों में तेल की कीमतों को उस ऊंचाई तक ले जाना चाहेगा जिससे उसे बहुत बड़ी धनराशि कुछ ही दिन में मिल जाएगी। दूसरी बात। रूस की इस नई घोषणा से तेल के लिए निर्भर देश उससे इस घोषणा को वापस लेने का दबाव बना सकते हैं, जिसके जवाब में रूस अपनी नई नीति और योजना का खुलासा उपयुक्त अवसर पर कर सकता है। इस वक्त दुनिया के तेल बाजार में उतार-चढ़ाव की हलचल देखी जा रही है। अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध होते 20 दिन गुजर चुके हैं। अमेरिका ने एक सप्ताह पहले भारत सहित दुनियाभर के उन देशों से निवेदन किया था कि रूस से तेल खरीदने वाले सभी देश वहां से ज्यादा से ज्यादा तेल खरीदें, जिससे दुनिया में तेल को लेकर कोई संकट न खड़ा हो। लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान द्वारा तेल जहाजों की नाकेबंदी ने अमेरिका की इस अपील को मूर्तरूप नहीं दिया जा सका। यहां तक कि चीन के तेल टंकरों को ईरान (होर्मुज) गुजरने की अनुमति नहीं दे रहा है।

रूस की खामोशी इस तरह की है जैसे बरात बिदा हो जाने के अगले दिन होती है। वह ईरान को मदद इस तरह से कर रहा है जो न तो पूरी तरह परोक्ष है और न तो पूरी तरह अपरोक्ष ही है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने खुलकर यूक्रेन का साथ दिया और अपने मित्र देशों से दिलवाया भी, लेकिन रूस की नीति इस मामले में एकदम अलग तरह की है। वह ईरान को नैतिक मदद दे रहा है साथ ही, तेल के मामले में ईरान को होर्मुज में नाकेबंदी कर आमदनी बढ़ाने की सलाह गुपचुप दे रहा है।

भारत में धीरे-धीरे ही सही गैस और तेल संकट का आगाज दिखाई देने लगा है। केंद्र सरकार लगातार गैस और तेल की किल्लत से इनकार जरूर कर रही है, लेकिन दिल्ली से बाहर गैस संकट साफ दिखाई देने लगा है। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से गैस और तेल के जहाज भारत पहुंच तो रहे हैं, लेकिन उतने नहीं, जितने की जरूरत है। दूसरी बात। देशभर में जमाखोरों के पौ-बारह होते दिखाई दे रहे हैं। यह भ्रष्टाचार, चोरबाजारी और कालाबाजारी की वजह से आया हुआ संकट है, जिसे तेल आयात करके नहीं, बल्कि पुलिस प्रशासन और खुफिया-तंत्र को सक्रिय और जागरूक करके कम किया जा सकता है। गैस और तेल की पूर्ति के लिए आत्मनिर्भर होने की कावयद वर्षों से होती रही है, लेकिन सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, गैस गोबर और कचरे व अन्य चीजों से बनाई तेल व गैस की पूर्ति नहीं हो पाई है। भारत के सामने जैसी चुनौती है उससे कहीं ज्यादा चुनौती भारत के पड़ोसी देशों में देखी जा रही है। फिर भी परेशानी से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है। केंद्र सरकार पूरी तरह मुस्तैदी से इस संकट को दूर करने में अपना उच्चतम प्रयास कर रही है, जिसमें सफलता भी मिल रही है, लेकिन देश के हर व्यक्ति को इस नए संकट से पैदा होने वाली परेशानियों और चुनौतियों को मिलकर हल करना होगा, जो धैर्य के साथ हो सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

गणेश विनायक जी की कथा

संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगो तुम क्या माँगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

सटाका

आज की पाती

अपने ऊपर नियंत्रण रखना सिखाती है शिक्षा

मनुष्य के जीवन में शिक्षा का महत्व अत्यंत गहरा माना गया है, परंतु केवल पुस्तकीय ज्ञान या डिग्रियों का संग्रह ही किसी को शिक्षित नहीं बनाता। वास्तविक शिक्षा वह है जो व्यक्ति को अपने ऊपर नियंत्रण रखना सिखाए। यदि कोई व्यक्ति हर परिस्थिति में स्वयं को संयमित रख सकता है तो वही सच्चे अर्थों में शिक्षित कहलाने योग्य है। इसके विपरीत यदि मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर नियंत्रण नहीं है तो ऐसी शिक्षा का कोई वास्तविक मूल्य नहीं रह जाता। जीवन में महान कार्यों की प्राप्ति तभी संभव है जब व्यक्ति स्वयं का स्वामी बने और अपने विचारों तथा भावनाओं को दिशा देने में सक्षम हो। इतिहास इस सत्य का साक्षी रहा है कि आत्मसंयम के अभाव में असंख्य लोगों का जीवन नष्ट हुआ है। अनेक प्रतिभाशाली व्यक्ति अपनी ही कमजोरियों के कारण सब कुछ खो बैठे। *-बबीता कौशिक, सोनीपत*

ट्रेंड

आदिवासियों को अंधेरे में रखा



जो लोग पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठा लेते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। सालों से आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया। वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए आदिवासियों को बहकाया। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

जीएसवी में बने उत्कृष्टता केंद्र

विनिर्माण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिभाओं के विकास के लिए गतिशक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। विमानन, रेलवे, समुद्री, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि जैसे क्षेत्रों के लिए विनिर्माण प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण में उच्च स्तर की सटीकता और प्रयास की जरूरत होती है। **-अश्विनी वैष्णव,** रेल मंत्री

देश को बांट रही भाजपा

भाजपा समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा भड़का रही है। चुनाव के बाद गैस और कैश देना बंद कर देगी। भाजपा देश लूटना चाहती है। लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता भाजपा को कड़ा सबक सिखाएगी। भाजपा ने हमेशा धर्म के नाम पर देश को बांटने का प्रयास किया है। **-ममता बनर्जी,** सीएम, बंगाल

सबको पता है सच

केरल की जनता जमीनी सच्चाई अच्छी तरह जानती। किसी भी बयान से हकीकत नहीं बदलेगी। पूरा केरल जानता है कि असली गठबंधन किसके बीच है। प्रधानमंत्री कुछ भी कहें, सच सबको पता है। भाजपा कभी भी देश का विकास नहीं कर सकती। **-प्रियंका गांधी,** कांग्रेस सांसद

करंट अफेयर

पूर्व पीएम केपी ओली को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल सितंबर में 'जेन-जेड' समूह के नेतृत्व में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों को दबाने में भूमिका के आरोप में गिरफ्तार पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को अंतरिम राहत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। इस बीच, देश में ओली की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहे। न्यायमूर्ति मेघराज पोखरेल की एकल पीठ ने ओली की पत्नी राधिका शाक्य की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री की रिहाई के लिए अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। इस याचिका में शाक्य ने अपने पति की हिरासत को गैरकानूनी बताया था। पीठ ने अधिकारियों को ओली की हिरासत के कानूनी आधारों को स्पष्ट करने वाला लिखित स्पष्टीकरण पेश करने का निर्देश दिया। पीठ ने पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर भी इसी तरह का फैसला सुनाया। लेखक को भी 'जेन-जेड' के विरोध-प्रदर्शन को दबाने में भूमिका के आरोप में ओली के साथ गत शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। इन विरोध-प्रदर्शनों के दौरान लगभग दो दर्जन युवाओं समेत 76 लोग मारे गए थे।

ऑफ बीट

धीरे-धीरे दौड़ने के होते हैं कई फायदे



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है - चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप

खेड़ापति मंदिर में भंडारा हजारों लोगों ने किया भोज

मंडीदीप। मंडीदीप में स्थित प्रसिद्ध खेड़ापति मंदिर में सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। नौ दिन तक चले चैत्र नवरात्रि के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के आस-पास के हजारों श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रसाद को ग्रहण किया। कार्यक्रम मुख्य रूप से खेड़ापति मंदिर में सुबह 11 बजे से शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा।

नारी शक्ति ने शराब की दुकान हटाने सौंपा ज्ञापन

औबेदुल्लागंज। भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल की महिला सदस्यों ने तहसीलदार निलेश सरवटे को ज्ञापन सौंपकर बीच बाजार से शराब की दुकान हटाने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि बाजार क्षेत्र में शराब दुकान होने से आए दिन अव्यवस्था की स्थिति बनती है, जिससे विशेषकर महिलाओं और बच्चों को असहजता का सामना करना पड़ता है। महिला सदस्यों ने प्रशासन से मांग की कि शराब दुकान को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि बाजार क्षेत्र में शांति और सुरक्षित वातावरण बना रहे। तहसीलदार निलेश सरवटे ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

भाजपा मंडल के पदाधिकारी और नेता चर्चा में

औबेदुल्लागंज। भाजपा मंडल के पदाधिकारी और वरिष्ठ नेताओं में चर्चा है कि मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर पूर्व महामंत्री को बड़ा सम्मान देते हैं और बड़ी चर्चा करते हैं। मंडल के अन्य नेताओं ने तंज कसते हुए कहा कि मंडल अध्यक्ष पुरानी बातों को क्या भूल गए। बहरहाल भाजपा के मंडल सदस्य काना-फूसी करते हुए कहते हैं, मंडल अध्यक्ष का मन बड़ा है। वह पार्टी के खातिर और विधायक के लिए हर काम करने को तत्पर हैं। जिससे पार्टी और विधायक के लिए हर व्यक्ति समर्पित होकर कार्य करें।

मानस कल्याण समिति के खिलाफ प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

औबेदुल्लागंज। मानस कल्याण समिति का मामला हाई कोर्ट पहुंच गया। कोर्ट के निर्देश जारी होते ही मानस कल्याण समिति के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपाल स्थित सहायक पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं, नर्मदापुरम संभाग द्वारा संस्था के पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। यह कार्रवाई कार्यालय के पत्र क्रमांक 4255 /25 के तहत की जा रही है, जो 26 मार्च 2026 में भोपाल से जारी किया गया है। मामले की शुरुआत औबेदुल्लागंज जिला रायसेन निवासी विनोद इरपाचे द्वारा की गई शिकायत के बाद हुई, जो 24 मार्च 2026 को प्रस्तुत की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संस्था द्वारा पंजीकृत नाम का सही उपयोग नहीं किया जा रहा है और संस्था के नाम में 'श्रीराम मंदिर' शब्द जोड़कर भ्रम की स्थिति पैदा की गई है, साथ ही संस्था से संबंधित धाराओं 27 और 28 की जानकारी भी कथित रूप से गलत तरीके से प्रस्तुत की जा रही है। प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संस्था को नोटिस जारी कर 10 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

शुभांक

कल्याण:	8349		
दिन:	566	74	248
रात:	250	71	236
तारा:			
दिन:	680	48	350
रात:	450	91	669

धर्म ध्वजा के साथ भजन-कीर्तन कर निकले श्रद्धालु, भगवान महावीर के संदेशों का किया प्रचार

महावीर जयंती पर हुए कई आयोजन, जिनालय में चार कलशों से किया महामस्तकाभिषेक, भव्य शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में जैन समाज द्वारा भगवान महावीर का जन्मकल्याणक बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में पुरुष, महिलाएं और युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर भगवान महावीर के संदेशों का प्रचार करते नजर आए। हाथों में धार्मिक ध्वज और भजन-कीर्तन के साथ पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। यात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया।

वहीं विधायक सुरेंद्र पटवा ने सभी को महावीर जयंती पर बधाई दी और भगवान महावीर के उपदेशों- अहिंसा, सत्य और करुणा को याद किया। भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर थे, जिनका जन्म ईसा पूर्व 599 में बिहार के वैशाली के कुंडग्राम में हुआ था। नगर के सबसे पुराने जैन मंदिर जिसकी स्थापना 1958 में की गई थी, वहां से श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अमेरिका से पधारे संतोष जैन, बसंत जैन, कल्पना जैन, ऋतु जैन, अनुराग नीति, पवन, रवि, रितेश, रितु, कैलाश, चंद्रभान आदि शामिल हुए। इसके बाद पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन रोड से श्रीजी की शोभा यात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह आरती एवं स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में तरुण इंद्र, संभव, सुनील वर्धमान, टिल्लू, समता, संगीता, शुभम जैन, सौरभ कोठारी, विजय सीमा जैन, विनय जैन, एलसी जैन, समाज के अध्यक्ष सुनील तामोट, डॉ. मीना जैन, नरेश मंजू, आकाश मयूरी जैन, गुड्डू दिनेश, विनीत जैन, मनोज जैन, मुकेश जैन, महेश जैन, सुषमा, कविता, अर्चना, आशा रानी, प्रदीप भंडारी, शिरोमणि अंशुल जैन, अजय किरण जैन आदि ने आरती कर श्रीफल अर्पित किए। विमान उत्सव में श्री राम हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि चौकसे, सुधीर कमल, मानस मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता, कमलेश, नरेश मालवीय, पुरुषोत्तम शर्मा, सुरजीत सिंह बिल्ले, पार्षद मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, भारत निहाल, राजमल नागर ने श्रीजी की आरती की। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने आरती कर श्रीफल अर्पित किया। पूर्व विधायक स्व. परबचंद जैन की स्मृति में उनके निवास पर भक्तांबर पाठ, णमोकार मंत्र का पाठ किया गया।

शोभायात्रा में विमान निकालते श्रद्धालु।

शोभायात्रा में नृत्य करते हुए श्रद्धालु।

चल समारोह का लोगों ने किया जगह-जगह स्वागत, भगवान महावीर का विमान रहा आकर्षण का केंद्र

मंडीदीप। औद्योगिक नगर में सकल जैन समाज के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती भक्ति भाव के साथ मनाई गई। नगर के वार्ड 1 स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रातः चल समारोह निकाला गया, जो नगर के स्टेशन रोड, दुर्गा चौक, गणेश चौक चौक, गांधी चौक, मंगल बाजार होते हुए पटेल नगर स्थित महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचा। जहां आयोजन परिसर में पहुंचते ही भगवान महावीर का चार कलशों से महामस्तकाभिषेक किया गया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अरविन्द जैन, कोषाध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि शोभायात्रा के बाद भगवान का चार कलशों से अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांति धारा कर विषेश पूजा-अर्चना की गई। महिला मण्डल द्वारा भगवान महावीर की भव्य आरती की गई। धार्मिक धुनों पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में भगवान महावीर के विमान को लेकर नगर विहार के लिए चल रहें केशरिया वस्त्रों में आकर्षक का केन्द्र रहा। चल समारोह का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष विमल जैन, पूर्व नपा अध्यक्ष विपीन भार्गव, बद्रीसिंह चौहान, पूर्णीमा जैन, मुनि व्यवस्था समिति अध्यक्ष विनोद जैन, भाजपा मंडल के महामंत्री अमित जैन, विजय पहाड़िया सहित अन्य लोग बड़ी संख्या मौजूद रहे। सध्यां काल में पटेल नगर मंदिर में महाआरती की गई।

भगवान महावीर जयंती पर अभिषेक करते हुए। वहीं विमान निकालते हुए।

सूखी सेवनिया और नजीराबाद में हुए हादसे, पुलिस ने जांच शुरू की

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार और ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से किशोरी की मौत

पुलिस आरोपी चालक और वाहन का सुराग लगाने का कर रही प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित सूखी चौराहा के पास डायवर्ड रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि नजीराबाद के मलकारी गांव के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से घायल हुई 17 साल की किशोरी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम सैय्यद सेमरा निवासी अनिकेत लोधी पुत्र भगवान लोधी (26) प्राइवेट काम करता था। रविवार 29 मार्च की रात करीब नौ बजे वह अपनी बाइक से सूखी सेवनिया गांव की ओर आ रहा था। उसी दौरान निर्माणाधीन ब्रिज के पास सूखी चौराहा से पहले रोड को डायवर्सन किया गया है। इसी जगह अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। गंभीर हालत में युवक को भानपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस आरोपी चालक और वाहन का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

ट्रॉली पलटने से स्कूली छात्रा की मौत

नजीराबाद थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम खंदी वर्धा शमशाबाद निवासी सपना बंजारा पुत्री गोलू बंजारा (17) स्कूली छात्रा थी। विगत 28 मार्च को वह अपने परिवार के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर नजीराबाद की ओर आ रही थी। उसी दौरान दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सपना समेत परिवार के दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। परिजन दोनों को इलाज के लिए शमशाबाद ले गए थे। वहां इलाज के दौरान सपना की मौत हो गई।

मोटर के स्टार्टर से लगा किसान को करंट, मौत

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम रोंदिया में सोमवार सुबह खेत पर पानी लगाने पहुंचे किसान की करंट से झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार करण जाटव (50) ग्राम रोंदिया में रहते थे और खेती किसानी करते थे। सोमवार सुबह वह पहलवान यादव के खेत पर पहुंचे। खेत में पानी लगाना था। लिहाजा उन्होंने स्टार्टर के पास केबल जोड़ने का प्रयास किया। इसी बीच केबल में करंट आ गया और उनके बाएं हाथ का अंगुठा और अंगुलियां झुलस गई। करंट का तगड़ा झटका लगने से वह स्टार्टर के पास ही बेसुध होकर गिर गए थे। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया।

ट्रैक्टर चालक ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित बारेलाखेड़ा गांव में सोमवार सुबह ट्रैक्टर चालक ने आम के पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसकी लाश बड़े भाई ने गांव में रहने वाले सरवन ठाकुर के खेत में आम के पेड़ पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार सीताराम जाटव पिता मोहर सिंह जाटव (30) बारेला गांव में रहता था। वह शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। चार भाइयों में तीसरे नंबर का भाई सीताराम ट्रैक्टर चलाता था। बड़े भाई भागमल जाटव ने पुलिस को बताया कि पंद्रह दिन से वह बाहर था और ट्रैक्टर चलाने के लिए गया था। वहां से रविवार को ही घर लौटा था। रात में परिवार के साथ खाना खाया और सोने के लिए कमरे में चला गया। इसके बाद वह कब सोकर उठा और फांसी लगा ली किसी को जानकारी नहीं है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच उसने फांसी लगाई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पेड़ के पास उसकी चप्पल रखी मिली और रुमाल रखा था, जबकि आम के पेड़ की डाल पर रस्सी का फंदा बना था, जिसमें सीताराम ने फांसी लगाई है।

लोगों ने आग पर पाया काबू, बड़ा हादसा टला

ई-स्कूटर में हुआ धमाका, स्कूटर व बैटरी के कई हिस्से सड़क पर बिखरे

धमाके के बाद जली स्कूटी और सड़क पर बिखरे बैटरी के पुर्जे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कांता पटेल की इलेक्ट्रॉनिक एक्टिवा (ई-स्कूटर) में अचानक धमाका हो गया। घटना के बाद मौके पर धुआं और जले हुए बैटरी सेल बिखरे हुए पड़े थे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत स्थिति को संभाला और बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूटर से पहले हल्का धुआं निकलना शुरू हुआ, जिसके कुछ ही देर बाद जोरदार धमाका हुआ। धमाके के कारण स्कूटर का अंदरूनी हिस्सा पूरी तरह जल गया और बैटरी के कई हिस्से सड़क पर फैल गए। विशेषज्ञों के अनुसार, इलेक्ट्रिक स्कूटर में लगी लिथियम-आयन बैटरी के कारण इस तरह की घटनाएं हो सकती हैं। बैटरी के अधिक गर्म होने, शॉर्ट सर्किट, ओवर चार्जिंग या खराब सेल के कारण 'थर्मल रनअवे' जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे आग या विस्फोट हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि स्कूटर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रशासन और विशेषज्ञों की सलाह हमेशा ओरिजिनल चार्जर का उपयोग करें, बैटरी को ओवरचार्ज न करें, खराब या डैमेज बैटरी तुरंत बदलें, गर्मी में वाहन को छांव में रखें। बताया जा रहा है कि इस तरह के ई-स्कूटर हादसों के कई मामले प्रदेश में पहले भी सामने आ चुके हैं, इसलिए सावधानी बेहद जरूरी है।

दो गंभीर, काउंटर प्रकरण दर्ज किया आरोपी गिरफ्तार

तीन फीट रास्ते को लेकर सगे भाइयों में खूनी संघर्ष, चार गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बकानिया में रविवार रात दो सगे भाइयों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर भाइयों के परिवार आमने सामने हो गए और मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। विवाद में लाठी-डंडों, लोहे की रॉड व धारदार हथियारों को इस्तेमाल किया गया।

दोनों पक्षों के चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों भाइयों के मकानों के बीच से गुजरने वाले तीन फिट के रास्ते को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा है। पुलिस ने दोनों ओर से हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में काउंटर प्रकरण दर्ज किए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बकानिया, खजूरी सड़क निवासी जमना प्रसाद नागर (59) खेती-किसानी करते हैं। पड़ोस में उनके छोटे भाई होतम सिंह नागर अपने परिवार के साथ रहते हैं। दोनों भाइयों के मकान के बीच से तीन फिट का रास्ता गुजरा हुआ है। उस रास्ते को इस्तेमाल करने और इस्तेमाल नहीं करने को लेकर दोनों परिवारों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि उसी रास्ते में एक परिवार के घर का पानी दूसरे परिवार के घर के सामने पहुंच गया। इसी बात को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। देखते ही देखते ही दोनों परिवारों के सदस्य हथियार लेकर आमने-सामने आ गए। झगड़े में जमना प्रसाद के बेटे राजेश के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से होतम सिंह और उनके दो बेटे भी बुरी तरह घायल हुए हैं। होतम सिंह के तीन दांत भी टूट गए।

दोनों भाइयों के तीन-तीन बेटे: पुलिस ने बताया कि जमना प्रसाद नागर और छोटे भाई होतम सिंह के तीन-तीन बेटे हैं। होतम सिंह के बेटे बैरागढ़ में कपड़े की दुकान पर काम करते हैं। पुलिस ने जमना प्रसाद की शिकायत पर होतम सिंह समेत तीन बेटों राहुल नागर, कृष्णकांत व लोकेश के अलावा प्रिया नागर के खिलाफ जबकि होतम सिंह के बेटे राहुल नागर (33) की रिपोर्ट पर जमना प्रसाद, बृजेश नागर, सौरभ नागर, प्रदीप नागर व राजेश नागर के खिलाफ हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट की धाराओं में काउंटर प्रकरण दर्ज किए हैं।

स्कॉच समिट में अवॉर्ड पाने वाली साइबर टीम को किया सम्मानित

भोपाल। नई दिल्ली में आयोजित स्कॉच समिट 2026 में अवॉर्ड पाने वाली भोपाल पुलिस की साइबर टीम को पुलिस आयुक्त संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली में आयोजित 106वीं स्कॉच समिट 2026 में पुलिस कमिश्नरेट भोपाल को प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन साइबर क्राइम परियोजना के लिए पुलिस एंड सेफ्टी श्रेणी में स्कॉच अवॉर्ड प्रदान किया गया।

दीपमाला स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह आयोजित

विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य की दी पस्तुति, मयंक मिस्टर डीपीएस और हर्षिता मिस डीपीएस अलंकरण से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र बाल आयोग की सदस्या डॉ. निशा सक्सेना, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर, लायंस क्लब कमल भंडारी, कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, सुरेश राजपाल, पुरुषोत्तम टिलवानी, अजय सक्सेना, धर्मप्रकाश मोटवानी उपस्थित थे, जिन्होंने मां सरस्वती एवं संतजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया।

इन्हें किया अलंकरणों से सुसज्जित

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को विभिन्न अलंकरणों से सुसज्जित किया गया, जिसमें मिस्टर डीपीएस मयंक दरयानी, मिस डीपीएस हर्षिता लालवानी, मिस्टर ईव पारस जनयानी, मिस ईव भाविका गुरबानी, नटराज ऑफ संस्कार जिया कटारिया, वॉईस ऑफ संस्कार दिक्षा गर्ग, डिबेट चेम्पियन साक्षी मेहरा, मोस्ट पंक्चुअल नमिषा मेहर, बेस्ट पर्सनालिटी वंशिका मूलानी, मोस्ट डीसेंट बॉयज भावेश ईसरानी, मोस्ट डीसेंट गर्ल्स गौरा छुगानी, मिस्टर इन्टेलीजेन्ट दिव्यांशु नागर, मिस इल्टेलजेन्ट जानवी जेठानी, मोस्ट डिसीप्लेन ईशीका वर्मा, मोस्ट रेगुलर अनमोल नागर, मिस्टर ओबिडेन्ट बॉयज आयुष लालवानी, मिस ओबिडेन्ट गर्ल्स निष्ठा वर्मा, बेस्ट स्पोर्ट बॉयज नीव जीवतानी, बेस्ट स्पोर्ट गर्ल संजना मालवीय, दी साइन्स विज चिराग मेहरा रहीं। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों को ज्ञान ज्योति प्रदान की गई तथा 11वीं के विद्यार्थियों ने गीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति दी।

पुलिस की दलील-नहीं हुई कोई भी शिकायत

नशे में धुत युवतियों ने किया हंगामा सड़क पर मारपीट, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोशल मीडिया पर नशे में धुत युवतियों के बीच विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उक्त वीडियो एमपी नगर जोन टू में ड्रैगन हॉर्स क्लब के सामने का बताया जा रहा है। वीडियो में युवतियां आपस में विवाद और मारपीट करते हुए नजर आ रही हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि थाने में अभी तक न तो किसी युवती ने शिकायत की और न ही किसी अस्पताल से घायल युवतियों के बारे में सूचना मिली। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस युवतियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो एमपी नगर जोन टू स्थित ड्रैगन हॉर्स क्लब के सामने देर रात का बताया जा रहा है। नशे में धुत युवतियां आपस में झगड़ा व मारपीट करती नजर आ रही हैं। युवतियां एक-दूसरे का नाम भी ले रही हैं। इससे अनुमान है कि युवतियां एक दूसरे को जानती हैं। हावभाव से अनुमान लगाया जा रहा है कि युवतियां शराब के नशे में थीं। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ। एक दूसरे से पहचान होने के कारण उन्होंने विवाद की शिकायत थाने में नहीं की है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी

घर के बाहर बैठी चार साल की मासूम से की अश्लील हरकत, मां ने शोर मचाया तो भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित एक झुग्गी बस्ती इलाके में चार साल की मासूम से अश्लील हरकत किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मासूम की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार इलाके की झुग्गी बस्ती में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति पुताई का काम करते हैं। वह गृहणी हैं और उनकी चार साल की बच्ची है। रविवार दोपहर पति काम पर गए थे। वह पड़ोसी की झुग्गी के बाहर बैठी थी। इसी बीच मोहल्ले में रहने वाला आरोपी विक्रम बेटी के पास पहुंचा और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। मां की नजर पड़ी और उसने आरोपी का विरोध किया। इस दौरान आरोपी तेजी से घर की तरफ निकल भागा। बच्ची की मां उसका पीछा करते हुए उसके घर पहुंची और चिल्ला-चोट की। इस दौरान मोहल्ले के लोग भी आरोपी के घर के सामने इकट्ठा हो गए। यह देख आरोपी वहां से भाग निकला। महिला ने आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसका नाम विक्रम है। इसके बाद थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

पार्सल देने आए डिलीवरी ब्वॉय से हुई पहचान, दुष्कर्म के बाद शादी से मुकरा, मामला दर्ज

पिपलानी पुलिस ने एक युवती के शिकायत पर पार्सल देने वाले डिलीवरी ब्वॉय पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि पार्सल देने आए डिलीवरी ब्वॉय से उसकी मुलाकात हुई और दोस्ती हो गई। उसने मिलने के लिए होटल बुलाया, वहां जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर शादी का प्रलोभन दिया। अब वह शादी करने से इंकार कर रहा है। पुलिस के अनुसार पिपलानी इलाके में रहने वाली 25 साल की युवती घरों में काम करने जाती है। तीन साल पहले उसने मीशो से ऑनलाइन कोई सामान बुलाया था। पार्सल देने आए डिलीवरी ब्वॉय अभिषेक कुशवाह से उसकी जान-पहचान हो गई। दोनों फोन पर बात करने लगे और जान-पहचान प्रेम-प्रसंग में बदल गई। इस बीच अक्टूबर 2023 में अभिषेक ने युवती को पिपलानी की एक होटल के कमरे में मिलने बुलाया। वहां उसने युवती से जबरन संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने जल्द ही शादी का झांसा दिया। उसके बाद करीब तीन साल तक आरोपी दैहिक शोषण करता रहा। पिछले दिनों युवती ने अभिषेक कुशवाह पर शादी करने का दबाव बनाया तो वह साफ मुकर गया।

'विहान' महोत्सव में गूंजे फिल्मी व सूफी गीत, पार्श्व गायिका अभिनंदा ने बांधा समां

राधारमण समूह के वार्षिक तकनीकी-सांस्कृतिक महोत्सव में सांस्कृतिक संध्या बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण समूह, भोपाल द्वारा आयोजित वार्षिक तकनीकी-सांस्कृतिक महोत्सव 'विहान' के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या में पार्श्व गायिका अभिनंदा सरकार ने 'दमादम मस्त कलंदर', 'छाप तिलक सब छीनी रे तोसे नैना मिलाइके' और 'मैं तो आई तेरे अंगना, दरस दिखा' जैसे लोकप्रिय सूफी एवं फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। उनके गीतों ने पूरे परिसर को संगीतमय बना दिया और बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में पार्श्व गायिका अभिनंदा सरकार का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

पार्श्व गायिका अभिनंदा सरकार गीतों की प्रस्तुति देतीं हुईं। इनसेट में स्मृति चिन्ह लेते हुए।

विद्यार्थियों ने तालियों से किया स्वागत

राधारमण समूह परिसर, रातीबड़ में आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में अभिनंदा सरकार ने एक से बढ़कर एक हिंदी फिल्मी और सूफी गीत प्रस्तुत किए। उनकी मधुर आवाज़ और भावपूर्ण प्रस्तुति पर विद्यार्थियों ने तालियों से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर उत्सव के माहौल में डूबा नजर आया। यह कार्यक्रम राधारमण समूह के तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव 'विहान' के अंतर्गत आयोजित किया गया। महोत्सव में तकनीकी प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिसमें प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

ऐसे आयोजन से बढ़ता है विद्यार्थियों का आत्मविश्वासः सक्सेना

राधारमण समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि 'विहान' महोत्सव विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के लिए मंच प्रदान करता है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राधारमण समूह के संचालक प्रोफेसर पी. के. लाहिरी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और तकनीकी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। 'विहान' महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नए अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

त्रिकर्षि नाट्य संस्था के समर कैंप फन फना फन कल से

भोपाल। गर्मियों की छुट्टियां हमेशा बच्चों को सामुहिक रूप से कुछ न कुछ सीखने का अवसर देती हैं। इन छुट्टियों में होने वाले समर कैंप में हजारों बच्चे कुछ न कुछ क्रियेटिव सीखते हैं। इसी श्रृंखला में त्रिकर्षि नाट्य संस्था द्वारा बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन 1 अप्रैल से 31 मई तक किया जायेगा, जिसका नाम रखा गया है फन फना फन। इसमें बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत थियेटर वर्कशॉप, वाइस

- **थियेटर वर्कशॉप, वाइस माड्यूलेशन, शारीरिक कसरत, स्टोरी टेलिंग सीखेंगे बच्चे**

माड्यूलेशन, शारीरिक कसरत, स्टोरी टेलिंग, इंप्रोवाइजेशन, पर्सनालिटी डेवेलपमेंट के साथ-साथ बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। इसके अलावा बच्चों से विभिन्न विषयों पर बातचीत करने के लिए शहर के विषय विशेषज्ञ 'एक्सपर्ट टॉक' के अन्तर्गत इस कार्यशाला में सम्मिलित होंगे।

अभिषेक गांधी और राजश्री त्रिवेदी के मार्गदर्शन में बच्चे कार्यशाला में भाग लेंगे। त्रिकर्षि संस्था की अध्यक्ष राजश्री त्रिवेदी ने अपने बताया कि 1 अप्रैल से 31 मई से महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज 7 नंबर, पुरुषार्थ सेवा फाउंडेशन परिसर में फन फना फन कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए बच्चे तथा पालकगण 9179204691 तथा 6260137663 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रेम, विकास और कुरीतियों से मुक्ति का संदेश

साया रंग महोत्सव 2026 में नाटक 'पंचलाइट' ने बिखेरी बदलाव की रोशनी

सामाजिक बदलाव और जागरुकता का संदेश देता नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साया रंग महोत्सव 2026 के तृतीय दो दिवसीय नाट्य महोत्सव के पहले दिन सोमवार को रंग महिमा थिएटर सोसाइटी द्वारा नाटक 'पंचलाइट' का मंचन दुष्यंत संग्रहालय में किया गया। यह नाटक सामाजिक बदलाव, विकास और कुरीतियों से मुक्ति के संदेश को प्रस्तुत करता है। नाटक 'पंचलाइट', जिसे पेट्रोमैक्स भी कहा जाता है, कहानी युवक गोधन और गांव की लड़की मुनरी के इर्द-गिर्द घूमती है। गोधन आधुनिक सोच का युवक है, जो गांव में प्रचलित कुप्रथाओं, जात-पात और संकीर्ण मानसिकता को करीब से देखता है।

नाटक 'पंचलाइट' का मंचन करते कलाकार।

गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी, प्रकाश भी नहीं है

गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी है, यहां तक कि पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था भी नहीं है। इसी बीच गांव में पंचलाइट आती है, लेकिन उसे जलाना किसी को नहीं आता। अंततः गांव वाले गोधन से मदद लेते हैं। गोधन पंचलाइट जलाकर न केवल अंधेरे को दूर करता है, बल्कि ज्ञान और जागरुकता की रोशनी भी पूरे गांव में फैलाता है।

नाटक 'पंचलाइट' का एक दृश्य।

समाजिक संदेश देता है

नाटक यह दर्शाता है कि प्रेम, समझदारी और आधुनिक विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। गोधन और मुनरी के प्रेम के साथ-साथ गांव की सोच में आया बदलाव दर्शकों को एक मजबूत सामाजिक संदेश देता है।

नाटक 'पंचलाइट' की प्रस्तुति देते कलाकार।

नवदुर्गा शक्ति नाटिका में मां दुर्गा के नौ रूपों की भव्य प्रस्तुति

और शक्ति का संदेश

शैलपुत्री से सिद्धिदात्री तक नौ देवियों की महिमा का किया गया वर्णन

आनंद धाम में नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरंग कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नृत्य नाटिका तू ही शक्ति तू ही नारी की प्रस्तुति प्रस्तुत की जा रही है। जिसका निर्देशन सीमा मोरे सहनिर्देशन संघ रत्ना बनकर के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन शाम 6 बजे आनंद धाम भोपाल में नवदुर्गा के पावन अवसर पर आयोजित 'नवदुर्गा शक्ति' नाटिका में मां दुर्गा के नौ दिव्य रूपों की सुंदर और भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत आदि शक्ति की शिव स्तुति से हुई, जिसके बाद, शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के स्वरूपों का मंचन किया गया।

दर्शकों को भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया

नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया कि प्रत्येक देवी अपने विशेष गुणों के साथ हमें साहस, शक्ति और ज्ञान का संदेश देती हैं। इन नौ रूपों के जरिए यह बताया गया कि जीवन की हर चुनौती का सामना आंतरिक शक्ति और सच्ची भक्ति से किया जा सकता है। पूरी प्रस्तुति ने दर्शकों को भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। नाटिका का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह प्रेरणा देना था कि आत्मविश्वास और श्रद्धा के साथ जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में मां दुर्गा से सभी के कल्याण और सही मार्गदर्शन की प्रार्थना की गई।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि में वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव

राजसी वेशभूषा और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव रिदम 2के26 की शुरुआत धूमधाम के हुई। शारदा सभागार तक निकली शोभायात्रा में विद्यार्थियों ने पारंपरिक और राजसी वेशभूषा पहनकर भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश की।

झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों के संबोधन और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को संगीत और उमंग से भर दिया। महोत्सव के पहले दिन सोमवार को बौद्धिक प्रतियोगिता, बॉडी और फेस पेंटिंग, राजसी थीम पर फैशन शो और प्रकृति पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई। एक अप्रैल को नुक्कड़ नाटक, मेरा राज्य विषय पर रचनात्मक प्रतियोगिता, रंग उत्सव, बिना आग के खाना बनाने की प्रतियोगिता, एआई और डिजाइन से जुड़े कार्यक्रम होंगे।

चाइल्ड राइट्स ओब्जर्वेटरी के 'प्रोत्साहन मंच' का समापन, बच्चों ने दिखाई कला की झलक

सितार, पियानो और कथक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चाइल्ड राइट्स ओब्जर्वेटरी और म्यूजिक एंड डांस टीचर्स फोरम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'प्रोत्साहन मंच' कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। अंतिम दिन बच्चों ने संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत गीतंशी जोशी ने सितार वादन से की,साथ ही राग भूपाली प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके बाद गुरु केशव हर्षे के शिष्य काव्य कुमार ने पियानो पर राग यमन बजाया। वहीं आराध्या द्विवेदी ने राग वागेश्वरी में प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों में तबला पर संगत आराध्य पाटिल ने की, जिनके वादन ने सबको प्रभावित किया।

प्रोत्साहन मंच में तबला बजाता आराध्य पाटिल।

कथक नृत्य की दी प्रस्तुति

कथक नृत्य की प्रस्तुति हुई। गुरु अल्पना वाजपेयी की शिष्याओं श्रेष्ठा विश्वकर्मा और शिवाली श्रीवास्तव ने युगल नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कृष्ण वंदना से शुरुआत की और फिर शुद्ध कथक नृत्य में आमद, परण, तोड़े और कवित्त का सुंदर प्रदर्शन किया।

कारवां बॉक्स थिएटर में स्त्री चेतना की प्रस्तुति, दर्शक हुए भावुक

बयार महोत्सव की समापन संध्या में गूंजा स्त्री संघर्ष का स्वर, 'है सपना मेरा यही सखी' ने जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को बयार सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कारवां बॉक्स थिएटर में आयोजित बयार सांस्कृतिक महोत्सव-2 की समापन संध्या में कविताओं पर आधारित नाट्य प्रस्तुति 'है सपना मेरा यही सखी' का प्रभावशाली मंचन किया गया। यह प्रस्तुति बयार संस्था के बैनर तले प्रस्तुत की गई।

नाटक का निर्देशन मोहम्मद नज़ीर कुरैशी ने किया, जबकि मंजू रैकवार ने अपने सशक्त और जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वस्त्र विन्यास अनामिका हर्ष द्वारा किया गया, जिसने प्रस्तुति को और अधिक प्रभावी बनाया। नाटक में मध्यकालीन कवयित्रियों की रचनाओं के माध्यम से स्त्री संघर्ष, प्रताड़ना, विद्रोह और स्वतंत्रता जैसे

महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्तुति न केवल सामाजिक यथार्थ को सामने लाती है, बल्कि दर्शकों को स्त्री के अस्तित्व, अधिकार और संवेदनाओं पर गहराई से विचार करने के लिए भी प्रेरित करती है।

पहल चेतना थिएटर, नीलबड़ में नाटक यूं भी जी सकते हैं का मंचन

रिश्तों के टूटने से बचाने की कहानी 'है यूं भी जी सकते हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहल इंप्रिंट कल्चर सोसाइटी, द्वारा एल चेतना थिएटर, नीलबड़ में कृष्ण बलदेव वैद द्वारा लिखित नाटक - 'यूं भी जी सकते हैं' का मंचन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया। भोपाल में पहली बार मंचित नाटक युवाओं की प्रेम परिभाषा को प्रदर्शित करता है। संवाद ऐसे कि आज का लहजा, जिससे नाटक मौजूदा दौर का ही लगे। इसके लिए कलाकारों ने तीन महीनों से अधिक का समय तक पूर्वाभयास किया, इसके बाद नाटक का मंचन किया गया।

नाटक की कहानी

यह आज के युवाओं की कहानी है कि कैसे 'यूं' के लिए प्रेम एक मज़ाक़ बन गया है, शादी एक खेल, उन्हें लगता है जीवन साथी जैसे रिश्ते भी बहुत सामान्य लगने लगे हैं। प्यार, शादी, तलाक जितने छोटे शब्द लगते हैं उतने ही छोटे उनके अर्थ लगते हैं। युवाओं के जीवन में, आज सेपरेशन, तलाक, पति पत्नी का, प्रेमी प्रेमिका का एक दूसरे को जान से मार देना, एक दूसरे से रिश्ता खत्म कर देना, इस तरह की खबरें आज हमारे समाज सामान्य हो गई है। एक दूसरे के लिए जान देने वाले एक दूसरे की जान ले रहे हैं।

नूतन कॉलेज में छात्राओं ने किया प्रभावशाली युवा संसद का आयोजन

युवा संसद में समकालीन मुद्दों पर सत्ता पक्ष-विपक्ष की जोरदार बहस

पहलगाम मुद्दे पर विपक्ष ने सदन से वाकआउट भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग द्वारा युवा संसद का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पं. कुंजीलाल संसदीय विद्यापीठ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के तहत हुआ, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रभावी और रोचक प्रस्तुति दी।

पिछले वर्ष की विजेता रही छात्राओं ने इस बार भी निर्णायक मंडल के सामने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संसद की कार्यवाही का जीवंत चित्रण किया गया, जिसमें राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद विभिन्न समकालीन मुद्दों पर चर्चा हुई। युवा संसद में आंतरिक सुरक्षा, साइबर आतंकवाद, बेरोजगारी, मेक इन इंडिया, 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था, महिला सुरक्षा, वायु प्रदूषण, जल संकट, रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भरता, परीक्षा पेपर लीक और कश्मीर जैसे गंभीर विषयों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक बहस हुई।

कार्यक्रम के दौरान विधेयक पारित किया गया, नए सांसद का शपथ ग्रहण कराया गया और विपक्ष ने ध्यान आकर्षण प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया। 'शक्ति बिल 2026' को लेकर सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा हुई, वहीं पहलगाम मुद्दे पर विपक्ष ने सदन से वाकआउट भी किया।

निर्णायक मंडल में के.एल. दलवानी, पुनीत श्रीवास्तव और रविनीश तिवारी शामिल रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बिहारी गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि तर्क और बहस ही लोकतंत्र की ताकत हैं और ऐसे आयोजन युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ते हैं।

असम में 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' में बोले पीएम मोदी, कांग्रेस पर किया हमला

लोगों को गुमराह करने और सुर्खियां बटोरने कांग्रेस कागजों पर करती थी समझौते, भाजपा के लिए राज्य में शांति बहाली और विकास होगा पहली शर्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ गुवाहाटी

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' नामक जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नमो एप के माध्यम से असम के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इसमें पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के विचार जाने और उन्हें चुनाव में जीत के लिए कड़ी मेहनत का गुरुमंत्र दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने बीते एक दशक में असम में तेज विकास होने की बात भी कही। कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राज्य के विकास के लिए सबसे पहली शर्त शांति है। उन्होंने कहा कि राज्य लंबे समय तक अस्थिता से जूझा है, लेकिन पिछले दशक में चीजें बदल गई हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को लोगों को यह याद दिलाना चाहिए कि कांग्रेस सरकार सिर्फ सुर्खियां बटोरने और लोगों को गुमराह करने के लिए कागजों पर ही समझौते करती थी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' नामक जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नमो एप के माध्यम से असम के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कांग्रेस सरकार को घेरा

नमो एप के माध्यम से असम के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की

कार्यकर्ताओं के विचार जाने और उन्हें जीत के लिए कड़ी मेहनत का मंत्र भी दिया

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रधानमंत्री

मैं भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा, जीत का भी रिकॉर्ड तोड़िए

पीएम ने यह भी कहा कि सभी लोग असम में भाजपा-एनडीए सरकार की 'हैट्रिक' सुनिश्चित करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मैं भी आप की तरह एक कार्यकर्ता हूं। मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाती है, मैं उसे निभाता हूं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से राज्य में प्रसारित हो रहे एआई-जनित वीडियो से लोगों को सतर्क करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि असम में मतदान के रिकॉर्ड टूटेंगे।

लोगों ने अस्थिरता का लंबा दौर देखा, आज सुरक्षित भविष्य

पीएम मोदी ने कहा कि हमने वह दौर देखा है जब असम हिंसा की आग में जल रहा था। लंबे समय तक अस्थिरता रही, लेकिन पिछले दशक में स्थितियां बदली हैं। आज भाजपा की डबल इंजन सरकार से राज्य में नया आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है। कांग्रेस शासन के दौरान शांति समझौतों को नजरअंदाज किया गया और युवाओं को भटकने के लिए छोड़ दिया गया। उग्रवादी और छात्र संगठनों के साथ कोई भी समझौता सफल नहीं हुआ। आज सभी सुरक्षित हैं।

आज गुजरात में करेंगे 19,800 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

प्रधानमंत्री मोदी 31 मार्च को गुजरात दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे वाव-थराद से केंद्र और राज्य सरकार के कुल 19,806.9 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।इन परियोजनाओं में भारत सरकार के ऊर्जा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और रेलवे मंत्रालयों के 10,921 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। गुजरात सरकार के शहरी विकास, जल संसाधन, जलापूर्ति, सड़क एवं भवन, जीआईडीसी, स्वास्थ्य, पर्यटन और आदिजाति विकास विभागों के 8,886 करोड़ रुपए के कार्य भी शामिल हैं।

सुवेंदु ने भरा नामांकन,मंत्री प्रधान भी रहे मौजूद

बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां अपने चरम पर हैं। राज्य में विपक्ष के नेता और भाजपा के कद्दावर नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद रहे। वे इस बार पश्चिम बंगाल की दो प्रमुख विधानसभा सीटों भवानीपुर और नंदीग्राम से चुनाव लड़ रहे हैं। यह ममता का गढ़ है।

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने भरा नामांकन

चुनाव खत्म होते ही गैस-कैश देना बंद कर देगी

ममता का भाजपा पर प्रहार

मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बेलदा में एक बड़ी चुनावी रैली की। उन्होंने भाजपा की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। ममता ने कहा भाजपा चुनाव खत्म होते ही गैस और कैश देना बंद कर देगी। उन्होंने इसे भाजपा की एक सोची-समझी चाल और चुनावी खेल करार दिया। ममता ने भाजपा पर समाज को बांटने का गंभीर आरोप भी लगाया।

टीवीके के प्रमुख विजय ने भरा पर्चा

पीएमके ने जारी की नामों की अंतिम सूची

चेन्नई। तमिलनाडु चुनाव के लिए पीएमके ने अपने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी है। पेरंबूर से कवि एम. तिलगाबामा, धर्मपुरी से सौमिया अंबुमणि, वृद्दाचलम से तमिलरासी अधिमूलम और सलेम पश्चिम से एम कार्ति को उम्मीदवार बनाया गया है।

भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

ममता लोगों को धमकी दे रहीं, हाईजैक किया चुनाव

भाजपा का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को चुनाव आयोग पहुंचा। चुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के खिलाफ शिकायत की है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, सुकांत मजूमदार और पीयूष गोयल ने अन्य नेताओं के साथ दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात की और याचिका सौंपी। रिजिजू ने कहा कि ममता खुद घर तक जाकर धमकी दे रही हैं। उनकी पूरी टीम ने किस तरह पूरे चुनाव को हाईजैक किया है।

असम में राहुल बोले

भाजपा को 'छिपी हुई ताकत' बताया, 'एलडीएफ नेतृत्व भ्रष्ट'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी केरल दौरे पर सबरीमाला मुद्दे पर चुप रहे। यह भाजपा और एलडीएफ के मिलकर काम करने का संकेत है। भाजपा यूडीएफ को नहीं चाहती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से लड़ने वालों पर हमला होता है। राहुल ने बताया कि उन पर 36 मामले हैं। एलडीएफ नेतृत्व भ्रष्ट है, लेकिन भाजपा का उन पर कोई दबाव नहीं है। वे छिपी ताकत हैं।

पीएम कंप्रोमाइज्ड हो गए

राहुल ने कहा कि पीएम मोदी एक कंप्रोमाइज्ड प्रधानमंत्री हैं। अमेरिका-भारत समझौते के डिटेल देखने पर साफ हो जाएगा कि कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री इसे तब तक नहीं साइन कर सकता जब तक वह कंप्रोमाइज्ड न हो। आज भारत अपनी मर्जी से तेल नहीं खरीद सकता।

खबर संक्षेप

बेकाबू बस पुल से गिरी,10 यात्री घायल

शिवमोग्गा। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया और कई लोगों की जान बच गई। एक प्राइवेट बस बेकाबू होकर पुल से नीचे जा गिरी। जब ये हादसा हुआ तब इस बस में 40 से अधिक लोग सवार थे। हालांकि, इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है। हादसे में 10 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं।

दुबे को मेंटल डॉक्टर की जरूरतः पटनायक

भुवनेश्वर। ओडिशा के पूर्व सीएम और बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक अपने पिता बीजू पटनायक पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान से भड़क गए हैं। उन्होंने दुबे के बयान को अपमानजनक बताया है। दुबे को ज्यादा मेंटल डॉक्टर की जरूरत है। बीजू बाबू के बारे में जो अपमानजनक बातें की गईं, मैं हैरान हूं।

अंबिकापुर से दिल्ली कोलकाता सीधी उड़ान

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ में हवाई कनेक्टिविटी को लेकर बड़ी खुशखबरी है। सीएम विष्णुदेव साय ने अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट से दिल्ली और कोलकाता के लिए सीधी फ्लाइट सेवा की शुरुआत की। उद्घाटन रायपुर से वर्चुअली किया, जबकि स्थानीय सांसद चिंतामणि ने दरिमा स्थित एयरपोर्ट पर हरी झंडी दी।

टिकैत की गिरफ्तारी से यूपी में उबाल

मेरठ। भारतीय किसान यूनियन के कद्दावर नेता राकेश टिकैत को ओडिशा में पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के बाद उत्तर प्रदेश में तनाव की स्थिति है। सोमवार शाम जैसे ही टिकैत की गिरफ्तारी की पुष्टि हुई, भाकियू कार्यकर्ता सड़क पर उतर गए और प्रदेश भर के थानों और सीओ कार्यालयों का घेराव शुरू कर दिया।

दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को मंजूरी

दिवालियापन प्रक्रिया में तेजी से होगा समाधान दुरुपयोग रोकने के लिए किया दंड का प्रावधान

डिफॉल्ट साबित होने के बाद आवेदन 14 दिन में किया जाना अनिवार्य किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा ने सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य दिवालियापन प्रक्रिया में गई कंपनियों के मामलों का तेजी से समाधान करना है। इस विधेयक में कंपनी के डिफॉल्ट साबित हो जाने के बाद दिवालियापन के आवेदनों को स्वीकार करने के लिए 14 दिनों की अनिवार्य समय सीमा निर्धारित की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक में 12 संशोधन प्रस्तावित किए हैं ताकि समाधान तंत्र को और मजबूत किया जा सके। आईबीसी समाधान में देरी का मुख्य कारण व्यापक मुकदमेबाजी है और आईबीसी विधेयक में प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने दंड का प्रावधान है। आईबीसी ने बेहतर ऋण अनुशासन में योगदान दिया है और कंपनियों की क्रेडिट प्रोफाइल में सुधार किया है। दिवालियापन समाधान प्रक्रिया से बाहर आने के बाद कंपनियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

वित्तमंत्री सीतारमण ने विधेयक पर कहा

यह बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति सुधारने में अहम

सीतारमण द्वारा पेश किए गए विधेयक पर लोकसभा में 27 मार्च को चर्चा हुई थी। यह विधेयक, जिसे पहले एक चयन समिति को भेजा गया था, कंपनी या व्यक्ति की दिवालियापन संबंधी मामलों के निपटारे में होने वाली देरी को दूर करने के लिए लाया गया है। सीतारमण ने सदन में कहा कि दिवालियापन संहिता (आईबीसी) ने बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस कानून का उद्देश्य कभी भी ऋण वसूली तंत्र के रूप में कार्य करना नहीं था।

कंपनियों को बेहतर क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी

वित्त मंत्री ने कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, जो 2016 में लागू हुई, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के समग्र स्वास्थ्य में सुधार का एक प्रमुख कारक रही है। इस ढांचे ने कंपनियों को समय के साथ बेहतर क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करने में भी मदद की है। उन्होंने कहा कि इस कानून का उद्देश्य संकटग्रस्त संपत्तियों का समाधान करना है, न कि केवल बकाया राशि की वसूली करना। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईबीसी व्यवहार्य व्यवसायों को बचाने और उद्यम मूल्य को संरक्षित करते हुए वित्तीय संकट को दूर करने का एक ढांचा है। आईबीसी का उद्देश्य कभी भी ऋण वसूली का साधन बनना नहीं था।

राज्य सभा में बोले 'नेता' नड्डा

विपक्ष को न बहस में रुचि, न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान

राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नेता सदन जेपी नड्डा ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को न तो बहस में रुचि है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संसदीय प्रक्रियाओं के प्रति कोई सम्मान है। विपक्षी दलों का आचरण यह दर्शाता है कि उन्हें संविधान और संसद की कार्यवाही के नियमों का भी आदर नहीं है। वह बहस में भाग लेना नहीं चाहती।

सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार, विपक्ष बच रहा

नड्डा ने कहा कि यह विपक्ष का यह व्यवहार इस बात का संकेत है कि विपक्ष को लोकतांत्रिक और संसदीय प्रक्रियाओं में विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष बहस से बचने का प्रयास कर रहा है। कुछ दल वोट बैंक की राजनीति से जुड़े हैं।

कांग्रेस ने नक्सलवाद को पाला-पोसाः पात्रा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. संबित पात्रा ने कांग्रेस पर नक्सलवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि संप्रग के शासनकाल में अगर कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा द्वारा शुरू सलवा जुडूम जैसे आंदोलन को रोका न गया होता तो नक्सलवाद न होता।

प्रियंका ने सरकार से किए सवाल

पश्चिम एशिया संकट पर राजनीति नहीं समाधान चाहिए, उस पर बहस हो

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्रीपर निशाना साधते हुए कहा कि युद्ध के मुद्दे पर राजनीति करना सही नहीं है। उन्होंने पूछा कि खाड़ी में फंसे भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सरकार का क्या प्लान है। प्रियंका ने कहा लोगों की जान खतरे में है क्योंकि ऊपर से बम बरस रहे हैं।

बिहार राजनीति में ऐतिहासिक मोड़

सीएम नीतीश व नबीन ने दिया इस्तीफा, दोनों जाएंगे राज्यसभा

सभापति को सौंपा इस्तीफा

नीतीश कुमार

नितिन नबीन

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सीएम हाउस से ही सभापति अवधेश नारायण सिंह को रिजाइन सौंप दिया। साल 2006 से नीतीश लगातार विधान परिषद के सदस्य थे। अब माना जा रहा है कि जल्द ही बिहार में नई सरकार का गठन किया जाएगा। इस बीच जेडीयू नेताओं का मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचना लगातार जारी रहा। रविवार शाम को भी कई जेडीयू नेता उनसे मिलने पहुंचे थे। माना जा रहा है कि वह 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ले सकते हैं। बिहार में 10 बार मुख्यमंत्री रहे नीतीश का संसदीय और विधायी सफर काफी व्यापक रहा है। अब 2026 में वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित होकर एक बार फिर राष्ट्रीय संसद में पहुंचे हैं।

नबीन का सोमवार को इस्तीफा मंजूर

उधर, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी विधायक पद से इस्तीफे का ऐलान सोशल मीडिया पर कर दिया है। वह बांकीपुर से विधायक थे। नीतीश के साथ उन्हें भी राज्यसभा चुनाव में जीत मिली है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बांकीपुर से विधायक नितिन नबीन ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सरावगी ने बताया कि नितिन ने अपना इस्तीफा उन्हें रविवार को ही सौंप दिया था, जिसे वे आज बिहार विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा? उन्होंने कहा कि रविवार होने के कारण औपचारिक रूप से इस्तीफा नहीं दिया जा सका। फिलहाल, नितिन असम दौरे पर हैं, इसलिए उन्होंने प्रक्रिया में देरी न हो, इसके लिए पहले ही इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को दे दिया था। तय समय के भीतर उनका इस्तीफा औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया गया।

यहां होगा भाजपा सीएम, जेडीयू से 2 डिप्टी सीएम

नीतीश के इस्तीफे के बाद अब नए मुख्यमंत्री का नाम तय करने को ले एनडीए में मंथन शुरू है। संभावना है कि खरमास के बाद 15 अप्रैल तक बिहार में नई सरकार अस्तित्व में आ जाएगी। एनडीए के घटक दल हम के संरक्षक व केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी का नाम लिया था। इस बात की पूरी संभावना है कि भाजपा के किसी नेता के मुख्यमंत्री पद की शपथ के साथ ही जदयू कोटे से दो उप मुख्यमंत्री का भी शपथ होगा। इनमें विजय चौधरी व नीतीश के पुत्र निशांत के नाम की खूब चर्चा है।

लापरवाही पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

गुमशुदगी मामलों पर एसओपी बनाएं ,वरना होगी 'अवमानना'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में गुमशुदगी और मानव तस्करी जैसे गंभीर मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने कई राज्यों और केंद्र सरकार की तरफ से जवाब न देने पर चेतावनी दी कि अगर जवाब नहीं दिया गया तो अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है। कोर्ट ने पूरे देश के लिए एक समान नियम एसओपी बनाने का आदेश दिया है। बेंच ने साफ कहा कि गुमशुदगी और तस्करी जैसे मामलों में देरी बहुत खतरनाक होती है। पूरे देश में एक जैसा और तुरंत लागू होने वाला सिस्टम जरूरी है।

केंद्र और राज्य मिलकर ऐसा सिस्टम बनाएं, जिससे पुलिस स्टेशन स्तर पर तुरंत कार्रवाई हो।

16 तक जवाब दें राज्य

कोर्ट ने कहा कि कई राज्यों और केंद्र की तरफ से नोटिस मिलने के बावजूद कोई जवाब नहीं दिया गया। इसे गंभीर लापरवाही माना गया। 16 अप्रैल तक जवाब पेश करें।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव का ऐलान

देश में प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो कंपनियों को मदद भी नहीं

29 आवेदनों को मंजूरी, इनसे होगा कुल 7, 104 करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को साफ शब्दों में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम में शामिल कंपनियों को सरकारी सहायता तभी मिलेगी, जब वे भारत में प्रोडक्ट डिजाइन पर गंभीरता से निवेश करेंगी। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में वैष्णव ने कहा कि प्रोत्साहन और समर्थन अब इस बात से जुड़े होंगे कि कंपनियां देश में डिजाइन, क्वालिटी और इंजीनियरिंग क्षमताओं को कितना विकसित कर रही हैं? अगर कंपनियां सरकार की चार प्रमुख मांगों पर काम नहीं करती हैं, तो वह अगली इंडस्ट्री मीटिंग में शामिल भी नहीं होंगी।

शर्तें अधूरी को रोक देंगे फंडिंग

वैष्णव ने कहा कि कंपनियों द्वारा डिजाइन और क्वालिटी क्षमताओं को विकसित करने की गति से वे निराश हैं और अगर सुधार नहीं हुआ तो सरकार कड़े फैसले लेने को तैयार है। अगर इंडस्ट्री हमारी अपेक्षाओं के मुताबिक कदम नहीं उठाती है, तो हम आगे की मंजूरी और फंडिंग रोक सकते हैं। मंत्री ने कहा कि कंपनियों को केवल असेंबली या बेसिक मैन्युफैक्चरिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

डिजाइन के महत्व को समझाया

वैष्णव ने कहा कि असली वैल्यू तभी बनती है, जब डिजाइन भारत में किया जाता है। उन्होंने बताया कि मैन्युफैक्चरिंग जरूरी है, लेकिन डिजाइन का महत्व उससे ज्यादा है क्योंकि यह ज्यादा जटिल और रणनीतिक प्रक्रिया है। ग्लोबल स्तर की क्वालिटी के लिए सिक्स सिग्मा जैसी प्रक्रियाएं जरूरी हैं। यह होना ही चाहिए।

स्किल्ड मैनपावर तैयार करने पर ध्यान दें

उन्होंने इंडस्ट्री से यह भी अपील की कि वे स्किल्ड मैनपावर तैयार करने पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे इकोसिस्टम को सपोर्ट करेगी, लेकिन कंपनियों को खुद आगे आकर डिजाइन और इंजीनियरिंग में कुशल प्रतिभा तैयार करनी होगी। मंत्रालय ने इस स्कीम के चौथे चरण में 29 आवेदनों को मंजूरी दी है, जिनमें कुल 7,104 करोड़ रुपए का निवेश शामिल है।

यूएसएस स्प्रूएंस से दागी गई प्रिज्म मिसाइल

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स का बड़ा दावा

अमेरिका ने दागीं थीं अनटेस्टेड 'प्रिज्म' मिसाइलें जो भटककर स्कूलों पर गिरी थीं

इस हमले में ईरान के सैन्य ढांचे, जहाजों, एक पनडुब्बी और कुछ जमीनी ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुछ खबरों के अनुसार, इस हमले के दौरान लामर्डमें एक खेल परिसर और स्कूल भी प्रभावित हुए। एक लॉन्चर दो प्रिज्म मिसाइल ले जा सकता है। भविष्य में 1000 किमी तक हमले के लिए विकसित करने की योजना है

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के फुटेज और रिपोर्टों से इस बात की पुष्टि की गई है

यह मिसाइल हाई-मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम लॉन्चर से दागी जाती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स न्यूयॉर्क टाइम्स और वाशिंगटन पोस्ट ने दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान (ऑपरेशन एपिक फ्यूरी) में बड़े पैमाने पर टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों और प्रिज्म मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए हमलों में, अमेरिका ने एक महीने के भीतर 850 से अधिक टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दागीं। टॉमहॉक के अलावा अमेरिका ने ईरान के खिलाफ संघर्ष में पहली बार अपनी नई और अत्यधिक सटीक प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल (पीआरएसएम), जिसे 'प्रिज्म' मिसाइल भी कहा जा रहा है, का इस्तेमाल किया है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के फुटेज और रिपोर्टों से पुष्टि हुई है कि ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' के दौरान इस मिसाइल का उपयोग किया गया। यह मिसाइल लॉकहीड मार्टिन द्वारा विकसित की गई अगली पीढ़ी की मिसाइल जो हाई-मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम लॉन्चर से दागी जाती है। इसकी रेंज 500 किमी से अधिक है और यह 640 किमी तक के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम बताई गई है। एक लॉन्चर दो प्रिज्म मिसाइल ले जा सकता है। इस हमले में ईरान के सैन्य ढांचे, जहाजों, एक पनडुब्बी और कुछ जमीनी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस हमले के दौरान लामर्ड में एक खेल परिसर और स्कूल भी प्रभावित हुए। भविष्य में इस मिसाइल से 1000 किमी तक हमले करने की योजना है।

एक माह में दागीं 850 से ज्यादा मिसाइलें

यूएसएस स्प्रूएंस से दागी गई टॉमहॉक मिसाइल

अमेरिकी नौसेना के गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर यूएसएस स्प्रूएंस ने इन मिसाइलों का इस्तेमाल ईरान के सैन्य ठिकानों, परमाणु सुविधाओं और अन्य 3,000 से अधिक लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इन हमलों के दौरान एक मिसाइल कथित तौर पर ईरान के मिनाब शहर में एक लड़कियों के स्कूल के पास गिरी, जिसमें 175 से अधिक लोग मारे गए। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक चार हफ्तों में 850 से ज्यादा मिसाइलें दागी गईं। अनुमान है कि अमेरिकी नौसेना के पास लगभग 4,000 टॉमहॉक मिसाइलें थीं। इस दृष्टि से टॉमहॉक मिसाइलों का करीब एक चौथाई हिस्सा खत्म हो चुका है। मौजूदा क्षमता के मुताबिक एक साल में करीब 600 टॉमहॉक मिसाइलें बनाई जा सकती हैं। एक टॉमहॉक की लागत करीब 36 लाख डॉलर (34 करोड़) है। समस्या यह है कि एक टॉमहॉक बनने में लगभग 2 साल लगते हैं। टॉमहॉक अमेरिका की खास क्रूज मिसाइल है। यह 1,000 मील (1609 किमी) तक उड़कर 1,000 पाउंड (453 किलो) विस्फोटक सटीक निशाने पर गिरा सकती है। इसके एडवांस वर्जन की रेंज 2500 किमी है। टॉमहॉक का बड़े पैमाने पर पहला इस्तेमाल 1991 के खाड़ी युद्ध में हुआ।

अमेरिका ने ईरान के मशहद एयरपोर्ट पर किया हमला

दवाईयां लेने भारत आने वाला प्लेन ध्वस्त

ईरान के मशहद एयरपोर्ट पर हमला

अमेरिका ने ईरान के मशहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बड़ा हवाई हमला किया है। इस हमले में भारी नुकसान हुआ है। रिपोर्टों से पता चलता है कि जब हमला किया गया, एयरपोर्ट पर एक विमान खड़ा था। ईरान के सरकारी सूत्रों ने कहा कि हमले में महान एयर का एक नागरिक विमान नष्ट कर दिया गया। विमान को दिल्ली जाना था, जहां से इसे युद्ध पीड़ितों के लिए 11 टन से ज्यादा मानवीय दवाएं लेकर वापस आना था। ईरानी सूत्रों का कहना है कि प्लेन को दिल्ली में पहुंचकर मानवीय सहायता को लेकर आना था, जिसे भारतीय नागरिकों ने ईरान की मदद के लिए जुटाया है। हालांकि, यह प्लेन दिल्ली नहीं पहुंच सका और एयरपोर्ट पर ही हमले का शिकार हो गया। ईरान ने इसे राहत और मानवीय मदद पर सीधा हमला बताया है। उत्तर-पश्चिमी ईरान में स्थित मशहद हवाई अड्डे को इस महीने की शुरुआत में भी अमेरिका और इजराइल के हवाई हमले में निशाना बनाया गया था।

हाइफा में तेल रिफाइनरी पर हमला, लगी आग

इजराइल के बंदरगाह शहर हाइफा में हुए हमले में एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया है। हमले के चलते रिफाइनरी में आग लग गई और रिफाइनरी से काला धुआं उठता देखा गया। जिस रिफाइनरी को निशाना बनाया गया, वह बाजान तेल रिफाइनरी है और इस जगह पर बीती 19 मार्च को भी हमला हुआ था। इजराइली अधिकारियों ने बताया कि इजराइली एयर डिफेंस ने दो ड्रोन और पांच रॉकेट को इंटरसेप्ट कर हवा में ही तबाह कर दिया। ये हमले यमन से किए गए। माना जा रहा है कि हूती विद्रोहियों ने ये हमले किए। ईरान से भी रविवार को इजराइली पर मिसाइल हमले किए गए।

इराक में अमेरिका सैन्य अड्डे पर रॉकेट हमला

इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे यूएस विक्ट्री बेस पर सोमवार को रॉकेट हमला होने का दावा किया गया है। यह सैन्य अड्डा राजधानी बगदाद के पश्चिम में 20 किलोमीटर दूर है। हैरानी की बात ये है कि एयर डिफेंस सिस्टम इस रॉकेट को इंटरसेप्ट नहीं कर सका और रॉकेट हमले में सैन्य अड्डे पर तैनात ए32बी ट्रांसपोर्ट विमान में आग लग गई। इराक के इस अमेरिकी सैन्य अड्डे पर पहली बार हमला हुआ है। यह सैन्य अड्डा इराक में अमेरिका का सबसे सुरक्षित बेस माना जाता है। हालांकि हमले के वक्त सैन्य अड्डे पर अमेरिकी सैनिक मौजूद नहीं थे। इसके अलावा, इराक के मोहम्मद अल्ला एयर बेस पर आज हमला हुआ। यह एयरबेस बगदाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक स्थित है। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

कुवैत में एक भारतीय मजदूर की मौत

कुवैत में एक बिजली और पानी बनाने वाले प्लांट पर हुए हमले में एक भारतीय मजदूर की मौत हो गई। कुवैत के बिजली और पानी मंत्रालय ने बताया कि यह हमला ईरान की ओर से किया गया। मंत्रालय के अनुसार, हमले में प्लांट की एक सर्विस बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा है। यह प्लांट समुद्र के पानी को साफ करके पीने योग्य पानी बनाने और बिजली उत्पादन का काम करता है।

ईरान ने घरों को बनाया निशाना

पश्चिम एशिया में युद्ध के पहले महीने में ईरान के संयुक्त सैन्य कमांड के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि अब अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों के निजी घर ईरान के लिए वैध लक्ष्य बन गए हैं। इस फैसले का मकसद पश्चिम एशिया में रहने वाले अमेरिकी और इजराइली सैन्य तथा राजनीतिक अधिकारियों को चेतावनी देना है।

गाबार्ड से नाराज ट्रंप बोले- वे ईरान के प्रति नरम

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उनकी सरकार की खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने के मामले में उनसे थोड़ी नरम हैं। उनकी सोच मुझसे थोड़ी अलग है. लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोई व्यक्ति सेवा करने के योग्य नहीं है। मैं नहीं चाहता कि ईरान के पास परमाणु हथियार हो। क्योंकि अगर उनके पास परमाणु हथियार होगा तो वे उसे तुरंत इस्तेमाल करेंगे।

आईएईए का दावा परमाणु सामग्री नहीं

ईरान का भारी जल संयंत्र क्षतिग्रस्त

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि मध्य ईरान के खोंडाब में स्थित ईरान का भारी जल उत्पादन संयंत्र बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और अब चल नहीं रहा है। आईएईए ने कहा कि सैटेलाइट तस्वीरों के स्वतंत्र विश्लेषण और संयंत्र की जानकारी के आधार पर आईएईए ने खोंडाब स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र की पुष्टि की है, जिस पर ईरान ने 27 मार्च को हमले की सूचना दी थी। संयंत्र को गंभीर क्षति पहुंची है और अब यह परिचालन में नहीं है। संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री नहीं है। यह प्लांट ईरान के अराक शहर के पास स्थित है और इसे अराक न्यूक्लियर कॉम्प्लेक्स भी कहा जाता है। यहां 'हेवी वाटर' बनाया जाता है, जो खास तरह के परमाणु रिएक्टर में इस्तेमाल होता है। वहीं, ईरान ने बताया कि खुजेस्तान स्टील प्रोडक्शन फैक्ट्री, एक औद्योगिक सुविधा जो औद्योगिक माप के लिए सीलबंद रेडियोधर्मी स्रोतों – कोबाल्ट-60 और सीजियम-137 का उपयोग करती है, को भी निशाना बनाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि संयंत्र से बाहर कोई रेडिएशन रिसाव नहीं हुआ है और सुविधा सामान्य रूप से काम कर रही है।

इजराइली हमले में 5 की मौत : दक्षिण लेबनान के एक शहर पर इजराइल के हवाई हमले में 5 लोग मारे गए। इस हमले में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। लेबनान में इजराइल के हमले में एक और स्वास्थ्यकर्मी की मौत हो गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने बताया कि बिंट जबील में एंबुलेंस पर हमले में एक पैरामेडिक मारा गया और मेडिकल गोदाम भी नष्ट हो गया। 2 मार्च से अब तक 51 स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हो चुकी है।

इजराइल में टले चुनाव

नेतन्याहू सरकार ने पास किया रिकॉर्ड बजट

इजराइल की संसद ने सालाना बजट पास कर दिया है। बजट पास होने के साथ ही समय से पहले चुनाव का खतरा टल गया है। अब सरकार अपने कार्यकाल को जारी रख सकती है। हालांकि इस फैसले के बाद विपक्ष ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। इसे गलत प्राथमिकताओं वाला बजट बताया है। इजराइल में एक अप्रैल तक बजट पास करना जरूरी था, नहीं तो देश में समय से पहले चुनाव हो सकते थे। संसद ने देर रात चली लंबी बैठक के बाद 62 के मुकाबले 55 वोट से बजट पास कर दिया। यह इजराइल का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इसके साथ ही पीएम बेंजामिन नेतन्याहू सरकार के लिए सत्ता में बने रहने का रास्ता साफ हो गया है। विपक्षी नेता यायर लापिड ने इसे देश के इतिहास की सबसे बड़ी लूट वाला वजट बताया। वहीं, पूर्व पीएम नफ्ताली बेनेट ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह जनता के साथ अन्याय है। खासतौर पर अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स समुदाय के लिए बढ़ाए गए फंड को लेकर विरोध तेज है।

खबर संक्षेप

कोलकाता-शंघाई के बीच नॉन-स्टॉप उड़ान शुरू

कोलकाता। इंडिगो ने सोमवार को कोलकाता-शंघाई के बीच दैनिक नॉन-स्टॉप उड़ान शुरू करने का ऐलान किया है। फ्लाइट 6ई 1709 कोलकाता से रात 9:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 4:40 बजे शंघाई पहुंचेगी, जबकि वापसी की फ्लाइट 6ई 1710 शंघाई से सुबह 5:40 बजे प्रस्थान करेगी और सुबह 9:05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। सेवा एयरबस ए320नियो विमान द्वारा संचालित की जा रही है।

एयर कनाडा के सीईओ ने मांगी माफी

ओटावा। एयर कनाडा के सीईओ माइकल रूसो एक गंभीर भाषाई विवाद के केंद्र में हैं। एक विमान हादसे में मारे गए पायलटों के परिवारों के प्रति अंग्रेजी में शोक संवेदना व्यक्त करने पर उनकी कड़ी आलोचना हुई। अब उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी इस चूक के लिए माफी मांगी है। रूसो पूरी तरह अंग्रेजी में ही बोले। उन्होंने फ्रेंच भाषा के सिर्फ दो शब्दों नमस्ते और धन्यवाद का इस्तेमाल किया।

दक्षिण प्रशांत महासागर में 7.3 तीव्रता का भूकंप



वेलिंगटन। दक्षिण प्रशांत महासागर में वानूआतू के समीप भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र लगभग 115 किमी की गहराई पर था। यह भूकंप वानूआतू के लुगानविले से लगभग 35 किमी उत्तर-पूर्व में आया। कोई प्रारंभिक सुनामी चेतावनी, सलाह या खतरा नहीं है।

पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट पर अतिरिक्त सचिव असीम महाजन बोले

भारतीयों की सुरक्षा और सहायता प्राथमिकता वापसी की व्यवस्था कर रहे, मिशन संपर्क में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत सरकार ने क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है।

विदेश मंत्रालय में खाड़ी मामलों के अतिरिक्त सचिव असीम महाजन ने कहा कि भारतीय नाविकों और अन्य नागरिकों के कल्याण के लिए भारतीय मिशन लगातार संपर्क में हैं।

उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर कांसुलर सहायता, परिवारों से संपर्क और वापसी की व्यवस्था की जा रही है। सरकार संकटग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों, विशेष रूप से भारतीय नाविकों की सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उनके स्वदेश लौटने के अनुरोधों पर कार्रवाई की जा रही है।

24 घंटों में लौटे 8 भारतीय नाविक

अतिरिक्त सचिव असीम महाजन

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने एक संयुक्त अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में बोलते हुए कहा कि सभी भारतीय जहाजों और चालक दल पर वर्तमान में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों में 8 नाविक सुरक्षित रूप से भारत लौट आए हैं। सिन्हा ने कहा कि फारस की खाड़ी में मौजूद 18 भारतीय जहाज और उन पर सवार 485 नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न हुई अप्रिय घटनाओं में 8 भारतीय नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। हाल ही में कुवैत में एक भारतीय नागरिक की हमले में मृत्यु हो गई। विदेश मंत्रालय ने मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुवैत स्थित भारतीय मिशन स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करने और पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत वापस लाने के लिए समन्वय कर रहा है।

एक दिन में 2,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं, और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जा रहा है। घरेलू खपत को पूरा करने के लिए रिफाइनरियों से एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाया गया है। पिछले 24 घंटों में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 2,500 से अधिक छापे मारे गए, 2,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

दो माह तक केरोसिन वितरण की अनुमति

केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई और रोशनी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिट्टी के तेल (केरोसिन) के अस्थायी वितरण को मंजूरी दे दी है। हालांकि, ये राज्य पहले केरोसिन-मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। इनमें दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गोवा, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं। केरोसिन का उपयोग खाना पकाने और रोशनी के लिए किया जाएगा।

ऑनलाइन बुकिंग में 95% की वृद्धि

सरकार ने कहा है कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में लगभग 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई है। इससे माल की हेराफेरी को रोकने में मदद मिली है। घरों तक निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकांश एलपीजी वितरक रविवार को भी कार्यरत थे। व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति का आवंटन 70 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा

पाकिस्तानी आतंकवाद पर आंखें मूंद रहा अमेरिका, इससे भारत में 'नाराजगी'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एक अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इसे लेकर भारत में निराशा है। 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' द्वारा जारी एक पॉलिसी पेपर में चेतावनी दी गई है कि प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग के बावजूद वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच गहरा रणनीतिक अविश्वास अब भी संबंधों पर असर डाल रहा है। 'रिपेयरिंग द ब्रीचः गेटिंग यूएस-इंडिया टाइज बैक ऑन ट्रैक' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में दोनों देशों के संबंधों में पैदा हुआ तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और संबंधों को सुधारने में समय लगेगा। लिसा कर्टिस, कीर्ति मार्टिन और सितारा गुप्ता द्वारा लिखित इस रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत-अमेरिका संबंध गंभीर रूप से डगमगा गए थे। इसके पीछे भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर मतभेद और भारतीय सामान पर अमेरिका द्वारा लगाया गया भारी-भरकम टैरिफ जैसे मुद्दे शामिल थे।

लिसा कर्टिस

विश्वास बहाली के प्रयास जरूरी

रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2026 में अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बनने से दोनों देशों के संबंध फिर से पटरी पर लाने की कोशिश की गई है, लेकिन विश्वास बहाली के लिए लगातार प्रयास करने जरूरी होंगे। भारत और अमेरिका के आर्थिक, रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंध भले ही मजबूत बने हुए हैं, लेकिन पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर मतभेद अभी भी मूलभूत बने हुए हैं। अमेरिका को कश्मीर पर नई दिल्ली की रेड लाइंस का सम्मान करना चाहिए और तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से बचना चाहिए। नई दिल्ली, पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवाद पर अमेरिका द्वारा ध्यान न दिए जाने से निराश है। कश्मीर मुद्दे पर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप के प्रति भारत के लंबे समय से चले आ रहे विरोध को भी फोकस किया गया है।

आईएसआई के साथ थे संबंध

संदिग्ध लश्कर आतंकी लोन 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने लश्कर-ए-तैयबा के संदिग्ध आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन को सोमवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौर ने दिल्ली पुलिस की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें लोन को पूछताछ के लिए पांच दिन की हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया गया था।

दिल्ली पुलिस ने लोन को कट्टर और उच्च प्रशिक्षित आतंकवादी बताते हुए कहा कि उसके पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के इशारे पर काम करने वाले आतंकवादियों के साथ कथित संबंध थे।

पुलिस ने कहा कि राजा और कश्मीरी जैसे उपनामों से जाना जाने वाला लोन जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर का रहने वाला है। वह कथित तौर पर उस मॉड्यूल के आका के रूप में काम कर रहा था, जो दिल्ली और कोलकाता में कई जगहों पर राष्ट्र-विरोधी पोस्टर लगाने के मामले में शामिल था।

भारत-कुवैत हवाई संपर्क पर जोर, वीजा विस्तार में देंगे राहत

भारतीय राजदूत और कुवैत एयरवेज के चेयरमैन के बीच अहम बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुवैत में मौजूदा क्षेत्रीय सुरक्षा हालात के बीच भारत की राजदूत परमिता त्रिपाठी ने कुवैत एयरवेज के चेयरमैन कैप्टन अब्दुलमोहसेन एस अलफगान से मुलाकात कर उड़ानों के पुनः संचालन और भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर अहम चर्चा की।

कुवैत में भारत की नामित राजदूत परमिता त्रिपाठी ने कुवैत एयरवेज के चेयरमैन कैप्टन अब्दुलमोहसेन एस अलफगान से मुलाकात की। यह मुलाकात मौजूदा क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति और कुवैत के हवाई क्षेत्र के लगातार बंद रहने के मद्देनजर एयरलाइन कंपनियों के साथ चल रहे समन्वय का हिस्सा थी।

भारत की कुवैत एयरवेज की उड़ानों को फिर से शुरू करने की अपील

परमिता त्रिपाठी और कैप्टन अब्दुलमोहसेन

कुवैत एयरवेज को अस्थायी लैंडिंग की अनुमति

मुलाकात का उद्देश्य कुवैत एयरवेज की उड़ानों को फिर से शुरू करना था, ताकि कुवैत में रहने वाले भारतीय नागरिकों के भारत आने-जाने की यात्रा को सुगम बनाया जा सके। जारी दिशा-निर्देशों में वीजा विस्तार, जुर्माने में छूट, निकास अनुमति, नियमों के पालन में छूट और अस्थायी लैंडिंग अनुमति जैसी राहतें शामिल हैं, ताकि प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से भारत में रहने और यात्रा करने की सुविधा मिल सके। सभी श्रेणियों के वीजा, जिनमें ई-वीजा भी शामिल हैं और जिनकी वैधता जल्द ही समाप्त होने वाली है, उन्हें एक महीने की अवधि के लिए बिना किसी शुल्क के बढ़ाया जा सकता है।

भारत-कतर संबंधों को देंगे मजबूती

मंत्री और भारतीय राजदूत के बीच वार्ता

कतर की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री से भारत के राजदूत ने मुलाकात की। भारतीय राजदूत ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री मरियम बिन्त अली बिन नासिर अल मिसनाद से मुलाकात किया। बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं और क्षेत्रीय स्थिति में गिरावट के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता पर चर्चा की गई। राजदूत ने भारतीय समुदाय के समर्थन के लिए मंत्री को भी धन्यवाद दिया। बैठक के दौरान चर्चा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ साझा चिंता के विभिन्न मुद्दों पर केंद्रित रही। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री ने बैठक के दौरान, किसी भी बढ़ती कार्रवाई को तत्काल रोकने और बातचीत की मेज पर लौटने के साथ-साथ तनाव को नियंत्रित करने के लिए काम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के महत्व को रेखांकित किया।

पहला मैच, बड़ी चुनौती, खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था, जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाए हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है। गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

गुजरात टाइटंस की टीम संतुलित

अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम काफी संतुलित लग रही है । सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाए थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं लेकिन घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है।गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प भी हैं, जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे।

टीमें इस प्रकार

पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू , पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार , मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे और विशाल निषाद।

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू वॉशिंगटन सुंदर , मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया , राशिद खान

मैच : शाम 7.30 से

श्रेयस पर करेगा बहुत कुछ निर्भर

पंजाब किंग्स के लिए एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा, जो तीन अलग-अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाए थे। पंजाब की ताकत उसके भारतीय क्रिकेटरों में है जिनमें सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य शामिल है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हालांकि उनका बल्ला खामोश रहा था। मध्यक्रम में निहाल वढेरा, शशांक सिंह और सूर्यांश शेडगे हैं, जिनका सामना राशिद खान की अगुवाई में बेहतरीन स्पिन आक्रमण से होगा।

खबर संक्षेप

महिला एशियाई कप के लिए टीम का ऐलान

नई दिल्ली। भारतीय अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप थाईलैंड 2026 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत ने 20 साल बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 2 अप्रैल को थम्मासैट स्टेडियम में जापान के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद 5 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और 8 अप्रैल को चीनी ताइपे के खिलाफ मैच होंगे। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुप में से तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय टीम 20 मार्च को बैंकॉक पहुंची और उन्हें स्थानीय माहौल में ढलने के लिए 13 दिन मिले।

क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी : रहाणे



मुंबई। अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिए क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं। रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की, जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। रहाणे ने कहा,' लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिए। वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं। मैं किसी को यह साबित करने के लिए नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं।

अफरीदी और रजा ने तोड़ा सुरक्षा प्रोटोकॉल



लाहौर। पीएसएल लाहौर कलंदर्स टीम के कप्तान शाहीन अफरीदी और विदेशी खिलाड़ी सिकंदर रजा को उनके होटल का टीम सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का दोषी पाया गया है। शाहीन और सिकंदर ने रजा के कमरे में रात डेढ़ बजे तक चार मेहमानों की मेजबानी की। लाहौर कलंदर्स ने 10.35 तक और फिर रात 11 बजे तक मेहमानों के रहने की अनुमति मांगी थी लेकिन दोनों खारिज कर दी गई थी।

आईपीएल तीसरा मुकाबला : आरआर ने सीएसके को 8 विकेट से हराया

सुपर किंग्स का राजस्थान के खिलाफ तीसरा सबसे कम स्कोर, वैभव की तूफानी फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

इंडियन प्रीमियर लीग का तीसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 8 विकेट से हरा दिया। वहीं राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का तीसरा सबसे कम स्कोर रहा। चेन्नई सुपर किंग्स का टॉप ऑर्डर और मध्यक्रम बुरी तरह से फ्लॉप रहा। संजू सैमसन, कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, शिवम दुबे सभी ने निराश किया। राजस्थान के लिए नांद्रे बर्गर, रविंद्र जडेजा और जोफ्रा आर्चर ने कमाल की गेंदबाजी की। वहीं ओवरटन 36 गेंद पर 43 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे और 10वें विकेट के लिए हुई 33 रन की साझेदारी सबसे बड़ी रही। यह आईपीएल इतिहास की दूसरी बेस्ट 10वें विकेट की पार्टनरशिप रही। आरआर के वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 गेंदों पर अर्धशतक लगाया।

वैभव ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल का आगाज ठीक उसी तरह किया जिस अंदाज में पिछले सीजन शुरुआत की थी। आईपीएल 2025 में वैभव ने 17 गेंद पर पचासा और एक तूफानी शतक लगाया था। इस सीजन के पहले मैच में ही चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 15 साल के इस खिलाड़ी ने 15 गेंद पर तूफानी पचासा ठोक दिया। लीग के इतिहास में यह संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, इशान किशन, सुरेश रैना और ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने पिछले सीजन 7 पारियों में 252 रन बनाए थे। इस सीजन वैभव ने पहले मैच से दिखा दिया कि वह इस सीजन अपना पूरे साल वाला कमाल दिखाने के लिए तैयार हैं। वैभव का यह 8वां आईपीएल मैच ही था।



राजस्थान के खिलाफ सीएसके के सबसे कम स्कोर

109 रन — जयपुर, 2008

125/5 रन — अबु धाबी, 2020

127 रन — गुवाहाटी, 2026*

140/6 रन — दुबई, 2014

आईपीएल में 10वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी

55 रन नाबाद: शिखर धवन-एम राठी (पंजाब किंग्स) बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, 2023

33 रन : पैट कमिंस-वी वियसकंथ (सनराइजर्स हैदराबाद) बनाम केकेआर, 2024

33 रन : जेमी ओवरटन-अंशुल कम्बोज (चेन्नई सुपर किंग्स) बनाम राजस्थान रॉयल्स, 2026*

32 रन नाबाद : टिम डेविड-जोश हेजलवुड (आरसीबी) बनाम पंजाब किंग्स, 2025

आठ विकेट से जीता आरआर

बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) 128 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी थी। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 6.2 ओवर में 75 रन जोड़कर जीत की मजबूत नींव रखी। इस साझेदारी में वैभव ज्यादा मुखर रहे।

स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपरकिंग्स	रन	गेंद	4	6
संजू सैमसन बो बर्गर	06	7	1	0
गायकवाड़ बो आर्चर	06	11	1	0
महात्रे स्टं. जुरेल बो बर्गर	00	1	0	0
मैथ्यू शॉर्ट का जायसवाल बो संदीप	02	7	0	0
सरफराज पगबाधा जडेजा	17	12	2	1
कार्तिक शर्मा पगबाधा बुजेश	18	15	0	1
शिवम दुबे का बिश्नोई बो जडेजा	06	4	0	1
जैमी ओवरटन रन आउट	43	36	2	2
नूर अहमद का जुरेल बो आर्चर	01	9	0	0
मैट हेनरी का एवं बो बिश्नोई	05	7	1	0
अंशुल कंबोज नाबाद	07	10	1	0

अतिरिक्त : 16, कुल 19.4 ओवर में 127/10 रन
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-19-2, बर्गर 4-0-26-2, बुजेश 3-0-17-1, संदीप 2.4-0-22-1, बिश्नोई 3-0-16-1, जडेजा 3-0-18-2

राजस्थान रॉयल्स	रन	गेंद	4	6
जायसवाल नाबाद	38	36	3	1
सूर्यवंशी का सरफराज बो कंबोज	52	17	4	5
ध्रुव जुरेल बो कंबोज	18	9	4	0
रियान पराग नाबाद	14	11	1	1

अतिरिक्त: 06, कुल योग: 12.1 ओवर में 128/2 रन
गेंदबाजी: हेनरी 3-0-40-0, खलील 3-0-17-0, कंबोज 3-0-27-2, नूर 2-0-24-0, ओवरटन 1-0-14-0, शॉर्ट 0.1-0-1-0

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट

प्रज्ञानानंदा और कारुआना पहले राउंड के बाद टॉप पर

एजेंसी ▶▶| पाफोस

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत नीदरलैंड के अनीश गिरि को हराकर की और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फेबियानो कारुआना तथा उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। पहले दौर में विश्व कप चैंपियन सिंदारोव ने रूस के आंद्रेइ एसिपेंको को हराया जबकि कारुआना ने अमेरिका के ही हिकारु नकामूरा को मात दी। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में जर्मनी के मथियास ब्लूबाम और चीन के वेइ यि के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा।

दिव्या ने मुजिचुक से खेला ड्रॉ

महिला वर्ग में भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला, जो कोनेरु हम्पी की जगह खेल रहीं हैं । वहीं आर वैशाली ने कजाखस्तान की बिबिसारा असायुबायेवा से ड्रॉ खेला। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने हमवतन कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला जबकि चीन की झू जिनेर और तान झोंग्यी के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट ओपन और महिला वर्ग में खेला जाता है, जिससे अगले विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के चैलेंजर का निर्धारण होगा। इस समय डी गुकेश और चीन की जू वेंजुन विश्व चैंपियन हैं।

केकेआर को 1.7 करोड़ नुकसान

कैमरुन ग्रीन ने नहीं की मुंबई के खिलाफ गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कैमरुन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हैं। वह टूर्नामेंट के इतिहास के अब तक के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। केकेआर ने मिनी नीलामी में ग्रीन को 25.2 करोड़ रुपए में खरीदा था।

आईपीएल 2026 में केकेआर के पहले मुकाबले में वो बल्लेबाजी में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए। साथ ही उन्होंने गेंदबाजी भी नहीं की, जिस कारण केकेआर को डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा नुकसान हुआ। वहीं केकेआर की पारी के दौरान कैमरून ग्रीन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। उस समय तक अंजिक्य रहाणे और फिन एलन ने एक मजबूत साझेदारी बनाई थी। एलन जब आउट हुए तब 5.2 ओवरों में केकेआर का स्कोर 69 रन था।

ग्रीन के पास मौका था लेकिन वह महज 10 गेंद खेल कर 18 रन ही बना पाए। शार्दुल ठाकुर की गेंद पर वह अपना कैच रदरफोर्ड को थमा बैठे। इसके बाद उन्होंने मैच में एक गेंद तक नहीं फेंकी।

कैमरन कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा

सिडनी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है जबकि कप्तान अजिंक्य रहाणे ने पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यों नहीं कर सके । ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा,' क्रिकेट आस्ट्रेलिया से पूछो।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया,' कैमरन को कमर में चोट लगी थी, जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा।

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

प्रीति और दीपक ने की जीत से शुरुआत

उलानबटोर। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पंवार और दीपक ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज की। महिलाओं के 54 किग्रा वजन वर्ग में प्रीति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाखस्तान की एलिना बाजारोवा (2025 की पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन हैं) के खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। पुरुषों के 70 किग्रा वजन वर्ग में दीपक (बॉक्सैम एलीट अंतरराष्ट्रीय 2026 टूर्नामेंट के रजत पदक विजेता और एशियाई युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2022 के कांस्य पदक विजेता) ने उज्बेकिस्तान के खावासबेक असदुल्लाएव को 3-2 के विभाजित फैसले में हराया। एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में पूरे महाद्वीप के कुछ बेहतरीन मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

शीतल बनीं विश्व पैरा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज

शीतल देवी ने जीता सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज का खिताब

एजेंसी ▶▶| लुसाने

भारत की शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है, जिनकी असाधारण उपलब्धियों में ऐतिहासिक विश्व चैंपियनशिप खिताब शामिल है। जम्मू कश्मीर की 19 वर्ष की शीतल देवी विश्व पैरा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज बनी। उन्होंने पिछले साल दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में खिताब जीता था। शीतल भुजाएं नहीं होने के बावजूद अपने पैर और कंधे का इस्तेमाल करके तीरंदाजी करती हैं। वह विश्व चैम्पियनशिप में महिला टीम में रजत और मिश्रित टीम में कांस्य भी जीत चुकी है।

शीतल ने की कई उपलब्धियां हासिल

विश्व तीरंदाजी ने कहा,'भारत की शीतल देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना गया है, जिन्होंने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व खिताब समेत कई उपलब्धियां हासिल की।' शीतल ने पेरिस पैरालम्पिक में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। वह एशियाई पैरा खेल 2022 और 2023 एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत रजत जीत चुकी है।

मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा

शीतल ने एक्स पर लिखा,' दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों के साथ नामांकन मिलना और अब विश्व तीरंदाजी की ओर से सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जाना। इस सफर में जो भी मिला उसके लिए मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा हुआ है। धन्यवाद।'

मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन पर दे रही ध्यान

मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक : कोमोलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय तीरंदाज कोमोलिका बारी के लिए जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में सफर उतना आसान नहीं रहा लेकिन अब वह 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर खास ध्यान दे रही हैं। विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटी हैं।

गंभीरता से कर रही हूं तैयारी : कोमोलिका

कोमोलिका ने कहा, 'मैं फिलहाल शीर्ष-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं और अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं।'

मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

कोमोलिका ने 2021 में अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने बेटी को तीरंदाजी अपनाने के लिए प्रेरित किया। कोमालिका ने कहा, 'मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक है। इस समय मेरी ट्रेनिंग काफी अच्छा चल रही है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है।' उन्होंने कहा, 'अभी तक के सफर ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है। '

पीडब्ल्यूडी की प्रत्येक सड़क के लिए 5 से लेकर 275 करोड़ रुपए तक की खर्च करने की है योजना

पीडब्ल्यूडी पहले चरण में 4,500 करोड़ रुपए की लागत से बनाएगी मास्टर प्लान की 64 सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सड़कों के मामले में मप्र विकसित राज्यों की श्रेणी में आ गया है। जो कुछ सड़कें बची हुई है, उसके लिए मास्टर प्लान बनाकर सड़कों को बनाने की रूपरेखा बनी है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने के लिए सरकार ने अब मास्टर प्लान के आधार पर सड़कों का निर्माण करने की योजना पर काम शुरू किया है। पहले चरण में पीडब्ल्यूडी ऐसी 64 सड़कों का निर्माण कराएगा, जो मास्टर प्लान में बनाई जाएगी। इसके लिए हर जिले की दो सड़कों को मास्टर प्लान में रखा गया है। करीब 64 सड़कों के निर्माण पर विभाग करीब 4,500 करोड़ की राशि खर्च करेगा। प्रदेश में अभी तक शहरों के विकास के लिए ही मास्टर प्लान बनता रहा है। किंतु पीडब्ल्यूडी ने सीएजी (कैग) की अनुशंसा पर सड़कों का मास्टर प्लान तैयार किया है। यह मास्टर प्लान केवल सड़कों के विकास पर आधारित है और मास्टर प्लान में छोटी-बड़ी सभी सड़कों को शामिल किया गया है। प्रत्येक जिले की एक

से दो महत्वपूर्ण सड़कों को इसमें शामिल करते हुए बजट को मंजूरी देने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। वैसे बजट में इसका प्रावधान किया गया है। पहले चरण के मास्टर प्लान में 3 किमी से लेकर 135 किमी तक के मार्गों को शामिल किया गया है। सबसे छोटी सड़क उज्जैन-देवास फोरलेन एनएच 552 जी मार्ग 3 किमी है, जिसकी लागत 5.92 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके अलावा भितरवार बायपास 6 किमी 20 करोड़ में निर्मित कराई जाएगी।

50 करोड़ रुपए से अधिक की बनेंगी यह सड़कें

सरकार ने 50 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कुछ सड़कों को बनाने का निर्णय लिया है। इसमें बरलाई-पालिया रेलवे स्टेशन 25 किमी-लागत 70 करोड़, सागर से लिघौरा-सानौधा 25 किमी- लागत 65 करोड़, नौगांव बल्देवगढ़ 36 किमी- लागत 75 करोड़, देवेंद्रनगर से मोरवन 23 किमी- लागत 57 करोड़, खाटूंगा मोड से धारड़ी माखनगंज 21.50 किमी- लागत 55 करोड़, चितरंगी से गढवा 41 किमी- लागत 95 करोड़, सिहोरा-कटाप तिरहा 34 किमी- लागत 75 करोड़, बोनकट्टा-पिपरवानी 40 किमी-लागत 90 करोड़, बरेला-निवास 30 किमी- लागत 70 करोड़, करारिया-शमशाबाद 34 किमी-लागत 75 करोड़, राजगढ़-पिटोल 35 किमी- लागत 70 करोड़, मालीवायां वीरपुर 33.85 किमी- लागत 75 करोड़, खापरखेड़ा व्हाया मल्हानगंज 32 किमी- लागत 97 करोड़, माथनी से हरसूद 48 किमी- लागत 95 करोड़ आदि शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता (ईएनसी) केपीएस राणा ने मास्टर प्लान में बनने वाली सड़कों की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि सड़कों के मामले में मप्र विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा हो गया है।

100 करोड़ रुपए से ज्यादा की यह सड़कें बनेंगी

मार्ग का नाम	किमी	लागत राशि
पीथमपुर-मिरोता	63.00	170.00
बड़वानी-घोघसा	56.60	140.00
असीरगढ़-नेपानगर	66.03	125.00
महगवां-कटंगी	102	200.00
चुरहट-अमिलिया	78.54	170.00
बहोरीबंद-कैमोर	74.40	160.00
करंजिया-मौहारी	135.00	275.00
माकडखेड़-घट्टी	57.00	120.00
बड़ागांव-सिहोना	45.00	100.00
तपोभूमि-एयरपोर्ट	45.80	100.00
नईखेड़ी-रतलाम	73.60	150.00
सरसला-पुरगवां	79.50	165.00
रामपुर-धारकुंडी	52.00	125.00

(राशि करोड़ रुपए में)

भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ली प्रसादी

जयकारे लगाते चल समारोह के साथ किया 'बड़ी माई' को विदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दक्षिण पश्चिम विधानसभा, वार्ड क्रमांक 46, शिवाजी नगर स्थित 105 लाइन में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर बड़ी माई के कलिका स्वरूप की स्थापना कर श्रद्धा, भक्ति एवं जनसहभागिता के साथ पूजन-अर्चन किया गया।

नौ दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ सामाजिक एकता का संदेश दिया। रविवार को आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने यह सिद्ध कर दिया कि क्षेत्र की जनता धर्म, संस्कृति और सेवा भाव के साथ निरंतर जुड़ी हुई है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र दवे, राहुल गिरी, आयोजक सुधीर कहार, निमेष कहार सहित समर्थन, माखन, वीरेंद्र, प्रकाश, उदय बाजवा, सुमित सिंह, भास्कर, खुर्शीद, सागर, राजबीर, गौरव, संतोष एवं अन्य कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की सक्रिय उपस्थिति रही, जो क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाती है। सोमवार को कार्यक्रम के समापन अवसर पर भव्य विसर्जन यात्रा प्रेमपुरा घाट तक निकाली गई,

शिवाजी नगर से मां कालिका का विसर्जन जुलूस निकाला गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र दवे भी मां को विदा करने साथ गए।

जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में क्षेत्र की एकजुटता, सेवा भावना एवं विकास के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ।

सेटेलाइट से लिए जाएंगे पराली जलाने वाले खेतों के फोटो

भोपाल। गेहूं के खेतों में कटाई के बाद छोटे डट्ठलों को खत्म करने के लिए किसान खेत में आग लगाते हैं, जिसकी वजह से वायु प्रदूषण के साथ खेतों के जीव-जंतु भी जल जाते हैं। पराली जलाने पर रोक तो लगा दी गई है, बावजूद इसके किसान खेतों में लगी परासी को जला रहे हैं। जिसको देखते हुए प्रदेश भर में जिला स्तर पर सेटेलाइट से खेतों की मॉनीटरिंग की जाएगी। अगर किसी किसान ने परासी जलाई है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। सेटेलाइट से निगरानी करने का काम शुरु कर दिया गया है। नासा फर्म के पोर्टल से सेटेलाइट की मदद लेकर अग्नि दुर्घटनाओं की रियल टाइम जानकारी जुटाई जा रही है। इन घटनाओं के लोकेशन के साथ डेटा तैयार कर जिला अधिकारियों और संबंधित विभागों को व्हाट्सएप पर रोजाना भेजा जाएगा। जिसके आधार पर इन किसानों पर कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी डायरेक्टर कृषि सुमन प्रसाद का कहना है पराली जलाने के मामले में सेटेलाइट से खेतों की मॉनीटरिंग की जाएगी, जिससे प्रदूषण को रोका जा सके। इधर किसानों को जागरूक करने के लिए शार्ट फिल्मों और प्रचार माध्यमों के जरिए जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाई जाएगी।

दस रुपए महंगे दामों पर खरीदना पड़ रहा पेट्रोल

सादे पेट्रोल का शॉर्टेज, प्रीमियम पेट्रोल बेच रहे राजधानी के पंप संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के पेट्रोल पंपों पर अब पेट्रोल के स्टॉक को लेकर फिलहाल राहत है, लेकिन पंप संचालक सादे पेट्रोल की जगह प्रीमियम पेट्रोल बेच रहे हैं। ऐसे में वाहन चालकों को करीब दस रुपए महंगे दामों पर पेट्रोल खरीदना पड़ रहा है। इधर, इंडियन ऑयल, भारत और हिंदुस्थान कंपनियों के पेट्रोल पंपों पर तीन से चार दिन का स्टॉक मौजूद है। हालांकि करोंद क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों पर सादे की जगह प्रिमियम पेट्रोल बेचा जा रहा है। ग्राहकों से कहा जा रहा है कि सादे पेट्रोल का स्टॉक नहीं है। रविवार को पीपुल्स मॉल स्थित भारत पेट्रोलियम कंपनी के निर्मल पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को प्रिमियम पेट्रोल दिया गया। कर्मचारी ने बताया कि सादे पेट्रोल का स्टॉक नहीं होने से प्रिमियम पेट्रोल दिया जा रहा है। इसी तरह सेंट्रल जेल रोड स्थित एचपी और भारत कंपनी के कई पंपों पर प्रीमियम पेट्रोल दिया जा रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि सादे पेट्रोल का स्टॉक खत्म हो गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर सादे पेट्रोल का भरपूर स्टॉक है। जिन पंपों पर स्टॉक नहीं मिलने की जानकारी मिलेगी, जांच करा ली जाएगी।

गैस की किल्लत नहीं हो रही कम, पैनिक बुकिंग से डिलीवरी पेंडिंग

होटल-रेस्टॉरेंट को 50% सप्लाई, केटर्स ने मांगा कोटा

भोपाल। होटल और रेस्टॉरेंट को 60 फीसदी कोटा जारी करने के बाद भी राजधानी में आइल कंपनियां कमर्शियल सिलेंडर की डिलीवरी पचास फीसदी भी नहीं दे पा रही हैं, जिसकी वजह से होटल और रेस्टॉरेंट संचालकों को अन्य संसाधनों को उपयोग करना पड़ रहा है। इधर, 15 अप्रैल से शादियों का सीजन शुरु हो रहा है, जिसके बाद कमर्शियल सिलेंडरों की खपत बढ़ जाएगी। जिसको लेकर सोमवार को फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन ने सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग रखी है। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई को लेकर आदेश जारी किया था। जिसके तहत होटल, रेस्टॉरेंट सहित केटर्स के लिए तीन महीने के रिकार्ड के हिसाब से 70 फीसद सिलेंडर सप्लाई किए जाने थे, लेकिन एजेंसियों से 50 फीसद ही सप्लाई की जा रही है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि 15 अप्रैल से प्रदेश में रोजाना 25 से 30 हजार शादियां होंगी, जिसमें करीब ढाई लाख कमर्शियल सिलेंडर की जरूरत होगी।

तीन दिन से दोगुनी बुकिंग शहर में 5 दिन का स्टॉक

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि पिछले 2 से 3 दिनों में बुकिंग दोगुनी हुई है। सप्लाई 11 से 12 हजार सिलेंडर रोज की है, जबकि बुकिंग ज्यादा होने से रोज करीब 3 हजार बुकिंग पेंडिंग हो रही हैं। भोपाल में एजेंसियों के पास 5 से 6 दिन का स्टॉक मौजूद है। भौंरी डिपो से सप्लाई जारी है।

पांच से सात दिन में सिलेंडर

बुकिंग अधिक होने की वजह से शहर में 5 से 7 में घरेलू सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कंपनियों का दावा है कि आने वाले 10 दिनों में हालात सामान्य हो जाएंगे।

11 साल से गायब 184 कर्मचारियों-अफसरों की सीआर, नहीं हो रहे प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग में बड़ा प्रशासनिक मामला सामने आया है। विभाग के 184 अधिकारियों और कर्मचारियों की पिछले 11 वर्षों से गोपनीय चरित्रावली उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते इनके प्रमोशन अटक गए हैं। जानकारी के अनुसार, चपरासी, वाहन चालक से लेकर सहायक ग्रेड-1, 2, 3, शीघ्रलेखक और डाटा एंट्री ऑपरेटर तक के कर्मचारियों की सीआर रिकॉर्ड में नहीं है। यह स्थिति पिछले एक दशक से अधिक समय से बनी हुई है, जिससे कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति और वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

अनुसूचित जाति कल्याण विभाग में बड़ा खुलासा, गोपनीय प्रतिवेदन न होने से अटकी पदोन्नति

मामले को गंभीरता से लेते हुए जनजातीय कार्य विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित सीआर चैनल के माध्यम से लंबित गोपनीय प्रतिवेदन का मूल्यांकन कर जल्द उपलब्ध कराएं। बताया गया है कि कई कर्मचारियों के अलग-अलग वर्षों की सीआर उपलब्ध नहीं है। उदाहरण के तौर पर कुछ कर्मचारियों की 2017 से 2025 तक की सीआर रिकॉर्ड में नहीं है। विभाग ने आयुक्त, संचालक, सचिव और सभी संभागीय उपयुक्तों को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि लंबित सीआर को जल्द से जल्द पूरा कर भेजा जाए, ताकि कर्मचारियों के प्रमोशन और क्रमोन्नति की प्रक्रिया आगे बढ़ सके। विभागीय सूत्रों के अनुसार, सीआर के अभाव में इन कर्मचारियों के प्रमोशन, क्रमोन्नति और उच्च वेतनमान पर विचार नहीं हो पा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

24 मार्च से शुरू हुए आवेदन, अंतिम तिथि 7 अप्रैल 2026 तय

कृषि कोर्स में एडमिशनः एमपीईएसबी कराएगा 8 मई से ऑनलाइन परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में कृषि क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए मप्र प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (एमपी पीएटी)-2026 के लिए आवेदन हो रहे हैं। इस परीक्षा के जरिए बीएससी एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, फॉरेस्ट्री और बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जैसे कोर्स में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा का आयोजन मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) द्वारा किया जाएगा। योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इस टेस्ट को पास करने वाले छात्रों को राज्य के प्रमुख कृषि विज्शविद्यालयों में एडमिशन मिलेगा।

24 मार्च से आवेदन शुरू, 7 अप्रैल तक होंगे

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी)-2026 के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

बदले में अन्य राज्यों के पारंपरिक पेय पदार्थों को भी मप्र में दी जा सकेगी अनुमति

लॉन्च के 3 साल बाद भी यह ब्रांड पहचान बनाने में असफल

पारंपरिक शराब 'मांड' के लिए अब दूसरे राज्यों में बाजार तलाशेगी सरकार, नई आबकारी नीति में है इंटर-स्टेट प्रमोशन का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में महुआ से बनी पारंपरिक शराब 'मॉन्ड' को लेकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है। लॉन्च के तीन साल बाद भी यह ब्रांड प्रदेश के उपभोक्ताओं के बीच अपनी पहचान बनाने में असफल रहा है। ऐसे में अब सरकार ने इसके लिए अन्य राज्यों में बाजार तलाशने की रणनीति तैयार की है। दरअसल, राज्य सरकार ने नई आबकारी नीति 2026-27 में इंटर-स्टेट प्रमोशन का प्रावधान किया है। इसके तहत मध्य प्रदेश में बनी महुआ शराब 'मॉन्ड' को दूसरे राज्यों में बढ़ावा देने की कोशिश की जाएगी। बदले में अन्य राज्यों के पारंपरिक पेय पदार्थों को भी मध्य प्रदेश में अनुमति दी जा सकेगी। सरकार ने अगस्त 2023 में महुआ से बनी इस पारंपरिक शराब को 'मॉन्ड' ब्रांड नाम से लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य आदिवासी परंपरा से

जुड़े इस उत्पाद को मुख्यधारा में लाना और एक नया बाजार तैयार करना था। इसके लिए बार, दुकानों और पर्यटन स्थलों के माध्यम से प्रचार भी किया गया। यहां तक कि पर्यटन स्थलों पर इसे प्रमोट करने के लिए मुफ्त चखाने जैसी पहल भी की गई, लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं का रुझान नहीं बढ़ सका।

नई नीति में इंटर-स्टेट प्रमोशन पर जोर

नई आबकारी नीति के तहत यदि कोई राज्य अपने पारंपरिक पेय को बढ़ावा देने के लिए कर या शुल्क में छूट देता है, तो मध्य प्रदेश भी उस राज्य के उत्पादों को यहां समान छूट दे सकता है। इसी तरह अन्य राज्यों से अपेक्षा की जाएगी कि वे मध्य प्रदेश की 'मॉन्ड' शराब को अपने यहां कर में राहत देकर प्रमोट करें। यदि यह व्यवस्था सफल होती है, तो गोवा की फेनी, हिमाचल प्रदेश की लुगड़ी/चुल्ली, पंजाब-हरियाणा की थारा, सिक्किम और लद्दाख की चांग या टोंगबा तथा केरल की ताड़ी जैसे पारंपरिक पेय मध्य प्रदेश में उपलब्ध हो सकते हैं। इसके बदले 'मॉन्ड' को अन्य राज्यों में बाजार मिलने की संभावना बनेगी।

स्व-सहायता समूहों को मिला था उत्पादन का जिम्मा

महुआ शराब उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने डिंडोरी और अलीराजपुर जिले के स्व-सहायता समूहों को जिम्मेदारी दी थी। इन समूहों को उत्पादन के लिए विशेष छूट और रियायतें दी गईं, साथ ही उत्पादन इकाइयों की स्थापना में भी सहायता प्रदान की गई। प्रशिक्षण के लिए पुणे स्थित एक संस्थान की मदद ली गई थी।

रणनीति पर उठ रहे सवाल

मांड को अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से योजना की रणनीति पर सवाल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल नीति प्रावधान से ही बाजार नहीं बनता, बल्कि उत्पाद की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और उपभोक्ता की पसंद को ध्यान में रखकर रणनीति बनानी जरूरी होती है। 'मॉन्ड'को प्रदेश में अपेक्षित पहचान नहीं मिलने के बाद अब सरकार की नजर दूसरे राज्यों के बाजार पर है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या इंटर-स्टेट प्रमोशन की यह रणनीति इस पारंपरिक पेय को नई पहचान दिला पाती है या नहीं।

537 करोड़ की दो दर्जन दुकानों की होगी नीलामी

20% दरें घटाने पर भी टेंडर अधूरे आज होंगे ऑनलाइन नीलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की 87 शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया अब तक अधूरी है। दो दर्जन शराब दुकानों की नीलामी 20 फीसद दरें घटाने के बाद भी नहीं हो सकी है। जिसको देखते हुए आबकारी विभाग ने अब 31 मार्च को इन शराब दुकानों की ऑनलाइन नीलामी की प्रक्रिया करने का निर्णय लिया है।

सरकार ने 31 मार्च को भोपाल सहित पूरे प्रदेश में ऑनलाइन बोली के जरिए शराब दुकानों के आवंटन का फैसला लिया है। इस प्रक्रिया में माइनस 20 फीसदी आरक्षित मूल्य की कैपिंग भी हटा दी गई है। जिसके तहत पात्र व्यक्ति जरूरी शर्तें पूरी कर ऑक्शन में हिस्सा ले सकता है। इसके लिए कॉन्ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन, डिजिटल सिग्नेचर और ई-बैंकिंग खाता अनिवार्य होगा, साथ ही खाते में पर्याप्त राशि होना जरूरी है। भोपाल में 31 मार्च को 24 दुकानों का आवंटन किया जाएगा, जिनकी कीमत 537 करोड़ रुपए है। जिले में 1431 करोड़ रुपए के आरक्षित मूल्य के मुकाबले अब तक 840 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है और करीब 60 फीसदी दुकानों का आवंटन हो चुका है। शेष 40 फीसदी दुकानों का आवंटन अब ऑनलाइन ऑक्शन से किया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930